CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :22°C
न्यूनतम: 07°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 6 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 325 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश में एसआईआर के आंकड़े जारी करे आयोग : अखिलेश यादव पेज 2



शेफाली वर्मा नवम्बर के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ के नामितों में खेल टाइम्स



इतिहास का जख्म: बाबरी विध्वंस सम्पादकीय



तीनों सेनाओं के चीफ बने आसिम मुनीर नियुक्ति को राष्ट्रपति जरदारी ने दी मंजूरी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने अनिल अंबानी समूह की कंपनियों की 1,120 करोड़ की सम्पत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** ईडी ने प्रसिद्ध उद्योगपति अनिल अंबानी की रिलायंस समूह की 18 संपत्तियों, फिक्स्ड डिपॉजिट, बैंक में जमा राशि और असूचीबद्ध निवेश में उनकी शेयरधारिता को जब्त किया है, जिनकी कीमत 1,120 करोड़ रुपये है। ईडी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और यस बैंक फ्रॉड केस के सिलसिले में की गई है। ईडी अधिकारी ने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की सात सम्पत्ति, रिलायंस पावर लिमिटेड की दो सम्पत्ति, रिलायंस वैल्यू सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की नौ सम्पत्ति, रिलायंस वैल्यू सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, फी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, आधार प्रोपर्टी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड, गेम्स इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर फिक्स्ड डिपॉजिट और रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और फी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा असूचीबद्ध निवेश में किए गए निवेश भी शामिल हैं।

### हिमाचल-उत्तराखंड में बर्फबारी का अलर्ट

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं ने मध्य प्रदेश में सर्दी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में शुक्रवार को बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल के ऊंचे क्षेत्रों में गुरुवार को कोल्ड वेव और कोहरा छाया रहा। लाहौल स्पीति के ताबो में गुरुवार को न्यूनतम तापमान माइनस 9.8 डिग्री तक पहुंच गया। जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में गुरुवार को पारा शून्य से नीचे चला गया। इससे नदी और झरने जम गए हैं। श्रीनगर में तापमान माइनस 4 डिग्री दर्ज किया गया। पुलवामा में माइनस 5.6 डिग्री, काजीगुंड में माइनस 3.6 डिग्री, कुपवाड़ा में माइनस 3.2 डिग्री तापमान रहा। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 17 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे है। सुबह के समय कई जिलों में कोहरा छा रहा है। राजस्थान में तापमान तेजी से गिर रहा है। सीकर, चूरू और जयपुर सहित कई शहरों में गुरुवार को सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। सीकर में न्यूनतम तापमान 1 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। इससे ओस की बूंदें जम गईं।


### पान मसाला व सिगरेट पर नया टैक्स लगेगा

**नई दिल्ली।** सिगरेट-पान मसाला जैसे प्रोडक्ट पर सरकार अब एक्स्ट्रा टैक्स लगाएगी। एक्स्ट्रा टैक्स से आने वाले पैसे को नेशनल सिक्योरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी। लोकसभा में शुक्रवार को हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया। इस बिल के पास होने के बाद पान मसाला जैसी चीजें महंगी हो जाएंगी। बिल पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कारगिल लड़ाई तैयारी की कमी की वजह से हुई।

## दोनों देशों ने लिया संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प

# भारत-रूस के बीच आर्थिक सहयोग का पंचवर्षीय करार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के सभी पहलुओं पर चर्चा, 2030 तक के लिए आर्थिक सहयोग का विस्तृत कार्यक्रम तय किया गया
- श्रम, स्वास्थ्य सेवा एवं स्वास्थ्य शिक्षा, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के साथ नए ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए, दोस्ती की तुलना ध्रुव तारे से की
- वार्षिक शिखर बैठक में रूस ने भारत को ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग व तेल आपूर्ति में निरंतरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई

**नई दिल्ली।** भारत और रूस ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के सभी पहलुओं पर चर्चा करते हुए आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प लिया है और 2030 तक के लिए आर्थिक सहयोग का विस्तृत कार्यक्रम तय किया है।

दोनों देशों ने श्रम, स्वास्थ्य सेवा एवं स्वास्थ्य शिक्षा, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के साथ नए ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। रूस ने भारत को ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग करने और तेल आपूर्ति में निरंतरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां 23वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने वक्तव्य में दोनों देशों की दोस्ती की तुलना ध्रुव तारे से की और कहा कि यह दोस्ती मजबूत भरोसे की बुनियाद पर खड़ी है और समय की कसौटी पर खरी उतरी है। श्री मोदी ने कहा कि भारत और रूस के बीच पांच वर्ष के आर्थिक सहयोग कार्यक्रम से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश में विविधता आएगी और सहयोग के नए अवसर खुलेंगे। श्री पुतिन ने कहा कि भारत और रूस के बीच सालाना व्यापार इस समय 64 अरब डॉलर के बराबर है जिसे 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुचांने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शिखर बैठक के दौरान प्रतिनिधि स्तर की वार्ताओं के बाद जो विस्तृत दस्तावेज तैयार हुआ है उससे आर्थिक , व्यापारिक, प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक क्षेत्र में सहयोग को नए आयाम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और रूस आपसी व्यापार -**शेष पृष्ठ दो पर**

### भारत-रूस कृषि सहयोग को बढ़ाने पर सहमत, आलू, अनार के निर्यात का मसला सुलझा

**नई दिल्ली।** भारत और रूस ने कृषि वस्तुओं के व्यापार को बढ़ाने, खाद्यान्न और बागवानी उत्पादों के निर्यात की नई संभावनाओं का पता लगाने पर सहमति जताई है। केंद्रीय कृषि मंत्री, शिवराज सिंह चौहान ने रूस की कृषि मंत्री ओक्साना लुट के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक में आपसी सहयोग पर चर्चा की और भविष्य में साझेदारी के क्षेत्रों का उल्लेख किया। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि भारत-रूस संबंध विश्वास, दोस्ती और आपसी सहयोग पर आधारित हैं। दोनों देश कृषि व्यापार, उर्वरक, बीज, बाज़ार पहुंच और संयुक्त शोध में सहयोग को गहरा करने पर सहमत हुए। उन्होंने दोनों देशों के किसानों को लाभ पहुंचाने और नवाचार को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।

### पुतिन ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्री पुतिन ने बापू की समाधि पर सिर झुकाया और परिक्रमा की। उन्होंने एक पुष्प चक्र चढ़ाया और बापू के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने राजघाट पर रखी स्मारिका में रूसी भाषा में लिखा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा और सच्चाई के जरिये हमारी धरती पर शांति के लिए एक अनमोल योगदान दिया, जिसका प्रभाव आज भी कायम है। महात्मा गांधी ने एक नई, ज्यादा निष्पक्ष, बहुध्रुवीय दुनिया की व्यवस्था का रास्ता दिखाया, जो अब बन रही है। समानता, आपसी सम्मान और सहयोग पर अपनी शिक्षाओं में, आज भारत - दुनिया के लोगों के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर इन्हीं सिद्धांतों और मूल्यों की रक्षा करता है।

### पुतिन के डिनर में राहुल-खड़गे को न्योता नहीं, शशि थरूर को बुलाया

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में शुक्रवार रात राष्ट्रपति भवन में डिनर आयोजित होना है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को निमंत्रण नहीं दिया गया है। वहीं कांग्रेस के ही सांसद शशि थरूर को बुलाया गया है। इससे पहले राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि सरकार, विदेश से आने वाले शीर्ष नेताओं (दिग्निटरीज) से मिलने नहीं देती। उनसे कहती है कि वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से न मिलें। इसका कारण सरकार की असुरक्षा है। राहुल ने कहा था कि विपक्ष भारत का प्रतिनिधित्व करता है और उनका दृष्टिकोण जानना भी जरूरी होता है, लेकिन सरकार नहीं चाहती कि विपक्षी नेताओं की विदेश नेताओं से मुलाकात हो।

## एमएसपी पर चंद्रशेखर ने निजी विधेयक पेश किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- नगीना में एम्स की स्थापना व एससी/एसटी पर अत्याचारों के मुद्दे को लेकर भी आसपा प्रमुख ने बिल पेश किए

**नई दिल्ली।** संसद सदस्य और आजाद समाज पार्टी (आसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद एडवोकेट ने किसानों को उसकी कृषि उपज के लिए न्यूनतम मूल्य प्राप्त करने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध बनाए जाने के लिए लोकसभा में किसान कृषि उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्ति अधिकार विधेयक 2024 प्रस्तुत किया।

विधेयक में कहा गया है कि केन्द्रीय कृषि एवं किसान मंत्रालय द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) किसानों को खुले बाजार में कीमतों में गिरावट की स्थिति में घोषित मूल्य पर उपज बेचने का अधिकार देता है, ताकि उन्हें वित्तीय नुकसान से बचाया जा सके। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में एमएसपी की प्रभावशीलता में गिरावट आई है, क्योंकि अधिकांश किसानों को घोषित एमएसपी नहीं मिलता। जो कुछ मुठ्ठी भर राज्यों तक सीमित रह गई है। विधेयक में कहा गया है कि ऐसी स्थिति में हमारे कृषि उत्पादों के एक बड़े हिस्से के लिए गारंटीकृत एमएसपी घोषित किए जाने की आवश्यकता है, चाहे वो सरकारी स्रोत से प्राप्त हों या अन्य स्रोतों से। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने एक अन्य बिल में उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नगीना में एक 'एम्स' की स्थापना तथा अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के प्रति अत्याचार और जातिगत भेदभाव के मामलों का पता लगाने व रिपोर्टिंग के लिए भी बिल पेश किया।

### इंडिगो एयरलाइंस 15 दिसम्बर तक के टिकट रद्द कराने पर देगी पूरा रिफंड

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करने से प्रभावित लोगों और हवाई अड्डे पर फंसे यात्रियों से माफी मांगते हुए 15 दिसम्बर तक के टिकट रद्द कराने पर पूरा पैसा वापस करने का आश्वासन दिया है। एयरलाइंस ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यात्रियों से माफी मांगते हुए कहा कि 5 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक की यात्रा के टिकट रद्द कराने पर पूरा रिफंड दिया जाएगा और कोई कटौती नहीं की जाएगी। यात्रियों को भुगतान उसी खाते में किया जाएगा, जिससे भुगतान किया गया था। इसके साथ ही यात्रा की तारीख और समय में बदलाव के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उसने कहा कि हवाई अड्डों पर फंसे यात्रियों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था की है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए वेटिंग लॉन्ज की व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को देश भर में इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द रही हैं।

## हम नहीं चाहते एआई न्यायिक प्रक्रिया पर हावी हो: सीजेआई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- ज्यूडीशियरी में एआई का इस्तेमाल रोकने की याचिका खारिज, बेंच ने कहा: हम सावधान हैं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) के बेहिसाब इस्तेमाल पर रोक लगाने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि हमें न्यायपालिका में एआई और एमएल टूल्स के बुरे असर की जानकारी है, लेकिन इन मुद्दों को न्यायिक निर्देशों के बजाय प्रशासनिक स्तर पर निपटाया जा सकता है। याचिका कार्तिकेय रावल ने दाखिल की। उन्होंने एआई जनरेटेड कंटेंट और न्यायिक प्रोसेस में इसके गलत उपयोग से होने वाले खतरों से सुरक्षा की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने कहा कि एआई टूल्स ऐसी न्यायिक मिसाल या फैसले बनाते हैं, जो असल में मौजूद नहीं होते और न्यायिक घोषणाओं का हिस्सा बन जाते हैं। सीजेआई ने कहा कि यह बार और जजों दोनों के लिए एक सबक है। यह चिंताजनक है। यह वकीलों-जजों -**शेष पृष्ठ दो पर**

### मंदिर का चढ़ावा भगवान की संपत्ति: कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि मंदिर में चढ़ा हर एक रुपया भगवान की संपत्ति है और इसका उपयोग किसी को-ऑपरेटिव बैंक की आर्थिक हालत सुधारने के लिए नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट केरल के को-ऑपरेटिव बैंकों की याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था, जिसमें बैंकों ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने ये याचिकाएं खारिज कर दीं। हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि बैंक तिरुनेल्ली मंदिर देवस्वम् को एफडी की रकम दो महीने के भीतर लौटाएं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने सुनवाई की। सीजेआई ने बैंकों के वकीलों से पूछा कि क्या आप मंदिर का पैसा बैंक बचाने के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं? कोर्ट ने कहा कि यह धन सुरक्षित और भरोसेमंद राष्ट्रीयकृत बैंक में रखा जाना चाहिए।

### हाईकोर्ट का मुर्शिदाबाद बाबरी मस्जिद विवाद पर दखल से इन्कार

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुर्शिदाबाद में बनने वाली बाबरी मस्जिद की आधारशिला कार्यक्रम पर दखल देने से इन्कार कर दिया। साथ ही कहा कि इस दौरान शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। हाईकोर्ट उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें 6 दिसम्बर को निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर के कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की गई थी। हुमायूं ने कहा कि कोर्ट के फैसले से याचिकाकर्ताओं को उचित जवाब मिला। बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान करने की वजह से टीएमसी ने गुरुवार को हुमायूं को सस्पेंड कर दिया था। इस बीच शुक्रवार को हुमायूं अपने समर्थकों के साथ मुर्शिदाबाद के बेलडांगा ब्लॉक -1 पहुंचे। यहां शनिवार (आज) मस्जिद का शिलान्यास होना है। दरअसल, मुर्शिदाबाद में 28 नवम्बर को कई जगहों पर बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के पोस्टर लगाए गए थे।

## लोन सस्ते होंगे, RBI ने ब्याज दर 0.25% घटाई

**मुंबई, वार्ता**



- अपना घर और वाहन के लिए ऋण चाहने वालों को नए साल से पहले बेहतरीन तोहफा

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) ने कैलेंडर वर्ष 2025 में चौथी बार रेपो दर घटाकर अपना घर और वाहन के लिए ऋण चाहने वालों को नए साल से पहले बेहतरीन तोहफा दिया है।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की शुक्रवार को समाप्त तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में सभी छह सदस्यों ने सर्वसम्मति से रेपो दर में तत्काल प्रभाव से 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 5.25 प्रतिशत करने का फैसला किया। साथ ही अन्य दरों में भी चौथाई फीसदी की कमी की गई है। स्टैंडिंग डिपोजिट फैसिलिटी रेट अब पांच प्रतिशत और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट तथा बैंक रेट 5.50 प्रतिशत हो गए हैं। रेपो दर वह दर होती है, जिस पर केंद्रीय बैंक, वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है। इससे पहले आरबीआई ने इस साल फरवरी में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत, अप्रैल में 0.25 प्रतिशत और जून में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी। अगस्त और अक्टूबर में रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया गया था। दिसम्बर की कटौती के बाद इस साल की गई कुल कटौती 1.25 प्रतिशत हो गई है।

### आरबीआई ने 2025-26 का विकास अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दूसरी तिमाही के मजबूत आंकड़ों को देखते हुए वित्त वर्ष 2025.26 के लिए विकास अनुमान को बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत जबकि खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि घरेलू स्तर पर कृषि पैदावार के आसार अच्छे बने हुए हैं, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों का लाभ जारी है, मुद्रास्फीति कम स्तर पर बनी हुई है, कंपनियों और बैंकों की बैलेंसशीट मजबूत है और विकास के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। बाहरी कारकों के बारे में उन्होंने कहा कि सेवा क्षेत्र का निर्यात मजबूत बने रहने की संभावना है, हालांकि वस्तु निर्यात को लेकर बाधाएं बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन कारकों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## चार दिन में 1700 फ्लाइट रद्द, सरकार बैकफुट पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- पायलट का वीकली रेस्ट नियम वापस, एयरपोर्ट्स पर मारपीट के हालात

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पिछले 4 दिनों में 1700 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद केंद्र सरकार शुक्रवार को बैकफुट पर आ गई है।

नागरिक उड्डयन महा निदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। इधर दूसरी एयरलाइन के किराए में उछाल देखने को मिला है। यात्रियों को आप्शनल फ्लाइट्स की तलाश में सामान्य से दोगुनी कीमत पर टिकट खरीदने पड़ रहे हैं। बुकिंग साइट मेक माई ट्रिप के अनुसार, 6 दिसम्बर को दिल्ली से बेंगलुरु की सबसे सस्ती फ्लाइट का किराया 40,000 रुपये से ज्यादा है, जबकि कुछ फ्लाइट्स का किराया 80,000 रुपये तक हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कफ सिरप मामले में पुलिस की एसआईटी वाराणसी पहुंची

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में शुक्रवार को सोनभद्र पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) वाराणसी पहुंची और अन्नपूर्णा इंक्लेवकॉलोनी स्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु कुमार अग्रवाल के कार्यालय पर जांच शुरू की। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले इस मामले के मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद जायसवाल को सोनभद्र पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में भोला प्रसाद ने चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु कुमार अग्रवाल का नाम लिया और बताया कि फर्म के सभी वित्तीय लेन-देन की जानकारी उनके पास है। इधर, मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताया है।

### आरबीआई 11 और 18 को खरीदेगा सरकारी प्रतिभूतियां

**मुंबई।** बैंकिंग तंत्र में तरलता यानी नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 11 और 18 दिसम्बर को दो बार में एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा में मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद जारी बयान में इसकी घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि इसके अलावा केंद्रीय बैंक डॉलर/रुपया खरीद/बिक्री स्वैप के तहत वाणिज्यिक बैंकों से तीन साल के लिए पांच अरब डॉलर खरीदेगा। केंद्रीय बैंक ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह 11 दिसम्बर को 50,000 करोड़ रुपये और 18 दिसम्बर को 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदेगा। उसने बताया कि डॉलर/रुपया स्वैप 16 दिसम्बर को किया जाएगा।

# एकाधिकार नीति का नतीजा है देश में हवाई सेवा का संकटः राहुल गांधी

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश के विभिन्न हिस्सों से उड़ानों के रद्द होने तथा देरी के कारण हवाई यात्रियों की परेशानी और इंडिगो एयरलाइंस की विफलता को सरकार की एकाधिकार नीति का परिणाम बताया है।

उन्होंने कहा कि इस संकट के बुनियाद सरकार की एकाधिकार की नीति में है और सरकार की इस नीति को अपनाने ने के कारण ही इंडिगो के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इंडिगो की विफलता मोदी सरकार के



एकाधिकार मॉडल की कीमत है। एक बार फिर इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है, जिसके कारण विमान सेवाओं में देरी हो रही है और उड़ानें एक के बाद एक करके रद्द की जा रही हैं। उन्होंने विमान यात्रियों की इस लाचारी के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है। मैच फिक्सिंग करने वाली एकाधिकार की नीति ठीक नहीं है।

## मनरेगा के तहत कराए पक्के कार्यों का नहीं हुआ भुगतान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत गांवों में कराए गए पक्के निर्माण कार्यों का भुगतान 2023 से अब तक नहीं हुआ है। ग्राम प्रधान संगठन (उत्तर प्रदेश) के मुताबिक मनरेगा के अंतर्गत पक्के निर्माण कार्यों के मद में पूरे प्रदेश में 3500 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। ऐसे में आने वाले समय मे पंचायत चुनाव को देखते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने मुख्यमंत्री सहित मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जल्द भुगतान कराने की मांग की है। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत गांवों में पक्के निर्माण कार्यों में स्कूल की चहारदीवारी, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों की मरम्मत जैसे कई कार्य कराए गए हैं।

# एसआईआर को लेकर विधायकों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)के फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 11 दिसंबर हैं। इस बीच पूरे एक सप्ताह तक भारतीय जनता पार्टी और संगठन का पूरा फोकस एसआईआर पर ही होगा, जिसे लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विधायकों के साथ वर्चुअल बैठक की, जिसमें उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं।

सीएम योगी ने वर्चुअल बैठक में सभी विधायकों से संवाद करते हुए एसआईआर को प्राथमिकता दिए जाने और गंभीरता से इस पर काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कड़ा संदेश दिया कि इसे लेकर कोई बहाना नहीं चलेगा, अगले एक



■ एक्शन में सीएम योगी, एक हफ्ते रहेगा पूरा फोकस

हफ्ते जो भी काम हैं उन्हें स्थगित कर दिया जाए और एसआईआर पर पूरा फोकस किया जाए। सीएम ने विधायकों का साफ निर्देश दिए कि एसआईआर की प्रक्रिया को धरातल पर उतारने के लिए काम करें। पार्टी के कार्यकर्ता बीएलओ के साथ घर-घर जाकर एसआईआर के गणना प्रपत्र भरवाने का काम करें। एसआईआर में कहीं पर भी एक

## उत्तर प्रदेश में एसआईआर के आंकड़े जारी करे आयोग: अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग व राज्य प्रशासन से मांग की है कि प्रदेश में अब तक जितना भी एसआईआर हुआ है, उसके आंकड़े आज प्रकाशित किया जाए। यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- उप्र में कितने प्रतिशत एसआईआर हुआ है, इसका आंकड़ा आज प्रकाशित किया जाए। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर जानलेवा दबाव हटाकर अतिरिक्त अधिकृत लोगों को समयावधि के अनुरूप इस काम पर लगाया जाए। इस बात की पक्की जांच-पड़ताल हो कि हर विधानसभा में पीडीए समाज के कितने लोगों को वोटर लिस्ट से हटाने की साजशि की जा रही है, हर हाल में इसे होने से रोका जाए।

भी नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए।

लखनऊ, वाराणसी, आगरा और मेरठ में एसआईआर में पिछड़ने की सूचना पर संगठन ने भी चिंता जताई है। बीते दिनों लखनऊ में सरकार, संगठन और संघ की समन्वय बैठक में भी इस मुद्दे को ज़ोर-शोर से उठाया गया था। संघ ने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ता एसआईआर को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, पार्टी के द्वारा इसमें लापरवाही बरती जा रही है, जिसके बाद से सीएम योगी इसे लेकर एक्शन में नजर आ रहे है।

## ड्रोन कैमरों से भी रखी जा रही नजर, धार्मिक स्थलों पर पुलिस की तैनाती

# यूपी में छह दिसम्बर को लेकर हाई अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा/अयोध्या।** प्रदेश के कई शहरों में अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को हुई घटना को लेकर हाई अलर्ट घोषित किया गया है। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्म स्थान और शाही ईदगाह मस्जिद के पास बैरिकेडिंग की गई है। यहां पुलिस की तैनाती की गई है, दोनों इलाकों को 2 जोन, 4 सुपर जोन और 8 सेक्टरों में बांटा गया है। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है, वहीं रामनगरी अयोध्या में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

गुरुवार की देर रात वरिष्ठ अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियों ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर समेत अन्य मंदिरों की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस मंदि. रों के आसपास चेकिंग अभियान चला रही है। होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट में चेकिंग की गई।



■ मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद के पास बैरिकेडिंग, अयोध्या में चेकिंग

आगरा-अलीगढ़ रेंज के पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। पीएसी और आरएएफ की टीमें भी मुस्तैद हैं। सभी बड़े मंदिरों और मस्जिदों के पास सादे कपड़ों में पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। विश्व हिंदू परिषद महानगर अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल ने ऐलान किया है कि हम 7 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में भव्य शोभा यात्रा और वाहन रैली निकालेंगे। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि शोभायात्रा में हजारों की संख्या में विहिप और हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता शामिल होंगे। शोभायात्रा विभिन्न रास्तों से होकर निकाली जाएगी। प्रशासन से 6 दिसंबर को इस कार्यक्रम की अनुमति न मिलने के कारण 7 दिसंबर को आयोजन का निर्णय लेना पड़ा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया

**एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि एटीएस कमांडो, एसएसबी के साथ हम लोग लगातार जांच कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अयोध्या की सुरक्षा में एटीएस कमांडो, एसएसएफ, सीआरपीएफ, पीएसी और सिविल पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है।**

कि संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है।

इसके अलावा होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और धर्मशालाओं की चेकिंग कराई जा रही है। जिले के सीमावर्ती इलाकों में चेकिंग की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। बता दें कि अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को विवादित मस्जिद को ढहा दिया गया था। दो समुदायों के लोग अपने-अपने स्तर से इस दिन को याद करते हैं। कोई अनहोनी न हो, इसलिए हर साल इस मौके पर पूरे सूबे में हाई अलर्ट घोषित कर दिया जाता है। अयोध्या में भी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। सभी प्रवेश मार्गों पर चेकिंग के बाद ही अयोध्या में प्रवेश दिया जा रहा है। राम जन्मभूमि परिसर से सटे क्षेत्रों में खुफिया एजेंसियां सीसीटीवी कैमरे से निगरानी कर रहीं हैं।

लता चौक, टेढ़ी बाजार चौराहा, राम मंदिर का मुख्य द्वार, हनुमान गढ़ी, कनक भवन समेत लगभग 12 से अधिक स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आईजी, एसएसपी, एसपी सिटी, एसपी सुरक्षा समेत कई अफसर संवे. दनशील स्थानों का भ्रमण कर रहे हैं।

# आजम खां का बेटा अब्दुल्ला दोषी करार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सपा नेता आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को दो पासपोर्ट मामले में रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम को दोषी मानते हुए अधि. कतम 7 साल की सजा और 50,000 रुपये जुर्माना लगाया है।

कोर्ट ने अब्दुल्ला को दो पासपोर्ट मामले में आरोप सिद्ध होने यह दंड निर्धारित किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की ओर से पेश साक्ष्य और बहस सुनने के बाद उन्हें दोषी करार दिया। फैसले के दौरान कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। कोर्ट इस इस फैसले के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई हैं। ये मामला साल 2019 का है, जब स्थानीय बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना ने इस संबंध में सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आजम खान के बेटे



■ दो पासपोर्ट मामले में कोर्ट ने सुनाई सात साल की सजा

अब्दुल्ला आजम ने कूट रचित दस्तावेजों और विवरण के आधार पर दो पासपोर्ट बनवाए है और वो इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्मतिथि का उपयोग कर दो पासपोर्ट बनवाए और असत्य दस्तावेजों का प्रयोग किया है, जिसका वोटिंग, बैंकिंग व अन्य संवेदनशील कामों में गलत इस्तेमाल किया जा सकता है, जो समाज या देश के लिए खतरनाक हो सकता है। सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम पहले ही पैन कार्ड मामले में रामपुर की जेल में ही बंद है।



सेंसेक्स 85712.37
निफ्टी 26146.45



सोना रु. 128578
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 179025
प्रति किलो



# रेपो दर में कटौती से उछला शेयर बाजार, सेंसेक्स 447 अंक चढ़ा

**मुंबई, वार्ता**

रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फैसले के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी देखी गई और सेंसेक्स 447 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे तत्काल प्रभाव से 5.25 प्रतिशत कर दिया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति के फैसलों की जानकारी दी।

शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन रेपो दर कम करने की घोषणा के बाद प्रमुख सूचकांक हरे निशान में चले गए। सेंसेक्स 447.05 अंक



(0.52 प्रतिशत) की बढ़त में 85,712.37 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी गिरावट में खुलने के बाद 152.70 अंक यानी (0.59 प्रतिशत) चढ़कर 26,186.45 अंक पर पहुंच गया। मझौली कंपनियों में भी लिवाली हावी रही, जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। बैंकिंग तंत्र में नकदी उपलब्धता बढ़ाने के उपायों की घोषणा के बाद बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। आईटी, ऑटो, धातु और रियलिटी समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और फार्मा समूहों के सूचकांक गिरावट में रहे। सेंसेक्स में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर ढाई प्रतिशत के आसपास चढ़ा। बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस में करीब दो प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एलएंडटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इंफोसिस के शेयरों में भी एक फीसदी के अधिक की तेजी रही। हिदुस्तान यूनीलिवर में सबसे अधिक साढ़े तीन प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, सनफार्मा और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

# चांदी ऑलटाइम हाई पर, सोना के भाव भी बढ़े

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को चांदी के दाम अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी का दाम 2,400 रुपए बढ़कर 1,79,025 रुपए हो गया है। इससे पहले चांदी की कीमत 1,76,625 रुपए प्रति किलोग्राम थी।10 ग्राम सोना 733 रुपए महंगा होकर 1,28,578 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,27,845 रुपए का था।

आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 52,416 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,28,578 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 90,003 रुपए बढ़ गया है।

31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,79,025 रुपए प्रति किलो हो गई है। दुनियाभर के बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। जब बड़े बैंक लगातार खरीदते हैं तो बाजार में सोने की मांग बनी रहती है और कीमत ऊपर जाती है। क्रिप्टो में उतार-चढ़ाव और सख्त नियमों के डर से निवेशक पैसा सोने में लगा रहे हैं। पिछले कुछ समय के दौरान भारत में शेयर बाजार से कम रिटर्न ने भी सोने को आकर्षक बना दिया।

# विदेशी निवेश को रफ्तार देने की कवायद सीएम योगी ने की इन्वेस्ट यूपी की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश में विदेशी निवेश को नई रफ्तार देने के लिए चल रहे प्रयासों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए साफ कहा कि उत्तर प्रदेश अब सिर्फ निवेश की संभावना नहीं, बल्कि निवेश के भरोसे का राज्य बन गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर निवेशक के साथ संवाद लगातार बना रहना चाहिए और किसी भी स्तर पर देरी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के सितम्बर 2025 तक की अवधि में उत्तर प्रदेश को 683 मिलियन अमेरिकी डॉलर का विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है और राज्य का कुल संचई विदेशी निवेश अक्टूबर 2019 से अब 2,754 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि चालू अवधि में प्रदेश को 5,963 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश प्रवाह मिला है, जो पिछले वर्षों की तुलना में तेज वृद्धि को दर्शाता है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि एफडीआई- एफसीआई-फॉर्च्यून 500 नीति-2023 के तहत अब तक 11 निवेश आवेदकों ने 13,610 करोड़ रुपये के प्रस्ताव दिए हैं। इसके अलावा 22 आवेदनों के माध्यम से 17,810 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और 56 हजार करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े 29 आवेदन पाइपला. इन में हैं। उन्होंने ललितपुर फार्मा पार्क को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए कि इससे जुड़े अवसंरचना कार्यों में और तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि कई बड़ी दवा कंपनियों ने यहां निवेश में रुचि दिखाई है, ऐसे में उनसे लगातार संवाद बनाए रखा जाए और भूमि, बिजली, पानी जैसी सुविधाएं समय पर सुनिश्चित हों। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सभी विदेशी डेस्क द्वारा नियमित अंतराल पर राउंड टेबल बैठकें होती रहनी चाहिए। उन्होंने इन्वेस्ट यूपी की टीम से कहा कि हर निवेशक के साथ एकल संपर्क बिदु तय हो, ताकि उसे प्रणाली में भटकना न पड़े। योगी ने उद्योगों को गति देने के लिए 'प्लग एंड प्ले' मॉडल पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि निवेशक को पहले दिन से तैयार अवसंरचना मिलेगी, तो वह तेजी से काम शुरू कर सकेगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत-रूस...** एवं भुगतान के लिए धीरे-धीरे अपनी मुद्राओं के इस्तेमाल की दिशा में बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भुगतान की चुनौतियों को देखते हुए भारत और रूस के बीच बैंकिंग प्रणाली के इस्तेमाल की एक विशेष व्यवस्था की जा रही है। रूस पर पश्चिमी देशों की प्रतिबंधों को देखते हुए रूसी राष्ट्रपति का यह बयान महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस ऊर्जा का एक बड़ा स्रोत है और वह भारत को तेल की आपूर्ति निरंतर जारी रखने को तैयार है। पुतिन ने कहा कि उनका देश भारत के साथ सैन्य साजो सामान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। प्रधानमंत्री और श्री पुतिन के बीच यूक्रेन सहित क्षेत्री और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। श्री मोदी ने पहलगाम और क्रोकस सिटी में हाल में हुए आतंकवादी हमलों का उल्लेख करते हुए आतंकवाद को मानवता के मूल्यों पर सीधा प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ वैश्विक एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले आठ दशकों में विश्व में अनेक उतार चढ़ाव आए हैं और मानवता को अनेक चुनौतियों और संकटों से गुजरना पड़ा है। इन सबके बीच भी भारत-रूस मित्रता एक ध्रुव तारे की तरह बनी रही है। उन्होंने कहा कि परस्पर सम्मान और गहरे विश्वास पर टिके ये संबंध समय की हर कसौटी पर हमेशा खरे उतरे हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज हमने इस नींव को और मजबूत करने के लिए सहयोग के सभी पहलुओं पर चर्चा की। आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना हमारी साझा प्राथमिकता है। इसे साकार करने के लिए आज हमने 2030 तक के लिए एक सहयोग कार्यक्रम प्रोग्राम पर सहमति बनाई है। इससे हमारा व्यापार और निवेश विविधतापूर्ण, संतुलित और स्वस्थ बनेगा और सहयोग के क्षेत्रों में नए आयाम भी जुड़ेंगे। उन्होंने भारत रूस व्यावसायिक फोरम में श्री पुतिन के साथ शामिल होने के कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि यह मंच दोनों देशों के बीच व्यावसायिक संबंधों को नई ताकत देगा। इससे निर्यात, मिल कर उत्पादन और नवाचार के नए दरवाजे भी खुलेंगे।

**हम नहीं ...** पर एआई के बनाए केस को वेरिफाई करने की जिम्मेदारी डालता है। इसे न्यायिक एकेडमी और बार काउंसिल के न्यायिक अधिकारियों और वकीलों को ट्रेनिंग देकर निपटाया जा सकता है। हम इसका इस्तेमाल बहुत ज्यादा सावधानी से करते हैं। हम नहीं चाहते कि यह हमारे न्यायिक फैसले लेने की प्रक्रिया पर हावी हो। हालांकि एआई न्यायिक कामों में मदद कर सकता है, लेकिन यह न्यायिक तर्क की जगह नहीं ले सकता, उसे प्रभावित नहीं कर सकता। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि निचली अदालतों ने सुप्रीम कोर्ट के ऐसे उदाहरणों का हवाला देना शुरू कर दिया है जो असल में मौजूद नहीं हैं। ऐसे में यह सुप्रीम कोर्ट से रेगुलेटरी निर्देशों की जरूरत को सही ठहराता है। सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका को इन खतरों की जानकारी है। उन्हें न्यायिक ट्रेनिंग के जरिये निपटाया जा रहा है। जजों को क्रॉस-चेक करना चाहिए। यह न्यायिक अकादमी के सिलेबस का हिस्सा है, इसका ध्यान रखा जाता है। समय के साथ बार भी सीखेगा और हम भी सीखेंगे। अदालत को न्यायिक हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं दिखती। चीफ जस्टिस ने दोहराया कि चिंताएं सही हैं लेकिन न्यायिक रूप से कार्रवाई योग्य नहीं हैं और याचिकाकर्ता को प्रशासनिक स्तर पर सुप्रीम कोर्ट को सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया। अच्छी नीयत वाला कोई भी व्यक्ति हमें सुझाव देने के लिए स्वागत है। आप हमें उन्हें मेल कर सकते हैं। याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की इजाजत मांगी, कोर्ट ने इसकी इजाजत दी।

# लोकसभा में दूषित भू-जल से पीड़ित ग्रामीणों को बीमारियों से बचाने की मांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा में दूषित भू-जल से होने वाली कैंसर और अन्य बीमारियों की चपेट में आ रहे नागरिकों को बचाने के लिए सरकार से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई है। कांग्रेस कुमारी सैलजा ने शून्यकाल में यह मामला उठाया और कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में प्रवाहित होने वाली झज्जर नदी के अत्यंत प्रदूषण के कारण नदी तटों के आसपास रहने वाले गांवों के लोगों को दूषित भूजल पीने को बाध्य होना पड़ रहा है। इस जल के इस्तेमाल से लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होना पड़ रहा है और बड़ी संख्या में लोगों को फेफड़े से जुड़ी बीमारियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार को झज्जर नदी के संरक्षण की पहल करानी चाहिए और राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत निधि उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। तृणमूल कांग्रेस की प्रतिमा मंडल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जल जीवन मिशन के तहत पर्याप्त पैसा केंद्र से उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण शुद्ध पेयजल योजनाओं को पूरा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में लोगों को जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की सुविधा नहीं मिल पा रही है और इसकी वजह केंद्र से जल जीवन के लिए निधि नहीं मिलना है। उन्होंने केंद्र सरकार से तत्काल जल जीवन मिशन का पैसा राज्य सरकार को उपलब्ध कराने की मांग की है।

## अवैध बालू खनन पर रोक लगाने की मांग लोकसभा में उठी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को अवैध बालू खनन से होने वाले नुकसान को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की गई। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के सांसद सुदामा प्रसाद ने शून्यकाल में बिहार में चल रह अवैध बालू खनन का मुद्दा उठाते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बालू खनन के कारण मध्य बिहार के पांच छह जिलों में नदियों के किनारे बसे गांवों पानी का जलस्तर नीचे चला गया है और हैंडपंप काम नहीं कर रहा है जिससे लोगों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### ट्रेक पार करते मालगाड़ी की चपेट में आकर अज्ञात की मौत

# बेकाबू ट्रक ने ई-रिक्शा चालक को कुचला

■ इलाके में शोक और आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शुक्रवार की सुबह खतौली क्षेत्र दो दर्दनाक हादसों से सहम गया। बुढ़ाना मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा चालक को कुचल दिया, जबकि जानसठ मार्ग पर रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। दोनों घटनाओं ने नगर में अफरा-तफरी और शोक का माहौल बना दिया।





पहली घटना खतौली कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित आलू मील के पास हुई। बताया गया कि तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पहले बोर्ड, लोहे के खंभे और खड़े वाहनों को तोड़ता हुआ सीधे सड़क किनारे बनी दुकान में घुस गया। उसी समय ई-रिक्शा में सवारियों का इंतजार कर रहे इस्लामुद्दीन (28) पुत्र नसीर निवासी आलू मील उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद वहां भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। मृतक का भाई एहसान गुस्से में ट्रक के आगे लेट गया और चालक पर सख्त कार्रवाई व 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा करने लगा। सूचना पर पहुंचे कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने समझा-बुझाकर स्थिति को सामान्य किया और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया।

स्थानीय लोगों ने बुढ़ाना मार्ग पर लगातार हो रहे हादसों का हवाला देते हुए मार्ग के तुरंत चौड़ीकरण की मांग उठाई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। दूसरा हादसा जानसठ मार्ग स्थित रेलवे लाइन पर हुआ, जहां ट्रैक पार करते समय एक अज्ञात व्यक्ति मालगाड़ी की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

जीआरपी व खतौली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पहचान की कोशिश की, मगर काफी प्रयासों के बावजूद उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की जेब से 2-3 हजार रुपये मिले, जिससे माना जा रहा है कि वह बाजार में खरीदारी के लिए आया होगा। दोनों शवों को पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। इन घटनाओं के बाद क्षेत्र में शोक, गुस्सा और तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# मां की फरियाद ने बदली वसीम की मौत की जांच की दिशा

### डीएम के आदेश पर खुलवाई कब्र, सच बताएगी पोस्टमार्टम रिपोर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नई आबादी निवासी वसीम की संदिग्ध मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोरकर रख दिया है। बेटे की मौत की सच्चाई जानने को तड़प रही मां सईदा की लगातार गुहार ने आखिरकार प्रशासन को कार्रवाई करने पर मजबूर कर दिया। शुक्रवार को सुरक्षा बंदोबस्त के बीच कब्र की मिट्टी हटाई गई और वसीम के शव को पोस्टमार्टम हेतु बाहर निकाला गया।

**मां की फरियाद ने बदली जांच की दिशा:** सईदा कई सप्ताह से बेटे की मौत की परतें खुलवाने के लिए जिला मुख्यालय से लेकर सीएम पोर्टल तक अर्जी दे रही थीं। उनका आरोप था कि वसीम की मौत प्राकृतिक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का नतीजा है। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए डीएम उमेश कुमार मिश्रा ने एसडीएम को तुरंत शव निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए।

**वायरल वीडियो बना शक की सबसे बड़ी वजह:** 21 अक्टूबर को दिल्ली के लोनी में वसीम का शव बरामद हुआ था। वह छह माह से अंकुर विहार में अपनी पत्नी के साथ रह रहा था, जहां पारिवारिक तनाव बढ़ रहा था। मौत से कुछ दिन पहले वसीम का एक वीडियो सामने आया था जिसमें उसने पत्नी सोनिया, सास रहीसा और साले शाहनवाज पर गंभीर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। वीडियो में उसकी टूटती आवाज़ और दर्द भरे आरोपों ने परिजनों के मन में गहरी शंका पैदा कर दी।

**ससुराल पक्ष पर संगीन धाराओं में मुकदमा:** मामला मुख्यमंत्री पोर्टल तक पहुंचने पर लोनी पुलिस ने वसीम की पत्नी और ससुराल पक्ष के तीन अन्य लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**प्रशासनिक निगरानी में खोदी गई कब्र:** शुक्रवार को रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित कब्रिस्तान में प्रशासन की टीम व एसडीएम निकिता शर्मा, सीओ रामाशीष यादव, तहसीलदार अरविंद कुमार और इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र बघेल की मौजूदगी में कब्र की खुदाई कराई गई। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**अब रिपोर्ट खोलेगी मौत का राज:** परिजन अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

यही रिपोर्ट तय करेगी कि वसीम की मौत हादसा थी, आत्महत्या या किसी गहरी साजिश का परिणाम। सईदा का कहना था कि मेरे बेटे की मौत का सच सामने आएगा, तभी उसकी आत्मा को शांति मिलेगी।

# सीएमओ ने ई-संजीवनी सेंटर का निरीक्षण किया

■ जिला चिकित्सालय पहुंचकर देखी व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर स्थित ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं, मरीजों को दी जा रही टेली परामर्श सेवाओं एवं तकनीकी व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के समय मौजूद चिकित्सकों को डॉ. सुनील तेवतिया ने निर्देशित करते हुए कहा कि ई-संजीवनी के माध्यम से अधिक से अधिक मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाइन परामर्श का लाभ दिलाया जाए, ताकि दूर-दराज़ के क्षेत्रों के मरीजों को भी समय पर उचित उपचार मिल सके। उन्होंने परामर्श की गुणवत्ता, मरीजों के पंजीकरण की प्रक्रिया तथा डाटा एंट्री में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होने स्पष्ट किया कि ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से आम जनता को घर बैठे विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई तथा आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



मुजफ्फरनगर: जिला चिकित्सालय के संजीवनी सेन्टर का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ।

# 5 करोड़ से अधिक की राशि वारिसों को दिलाई

### आरबीआई की पहल पर 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' मेगा कैंप आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय और आरबीआई की संयुक्त पहल पर चल रहे राष्ट्रव्यापी अभियान 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' के तहत विकास भवन में एक मेगा कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न बैंकों व बीमा कंपनियों द्वारा 5 करोड़ 21 लाख लावारिस जमा धन को उनके वारिसों को वापिस दिलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एलडीएम आफिस द्वारा की गयी मेहनत रंग लाई। एलडीएम आफिस के प्रयासों से जनपद के विभिन्न बैंकों द्वारा संकल्प लिया गया है कि जनपद के 92 करोड़ लावारिस धन को वह उनके वारिसों तक पहुंचाकर ही दम लेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्य विकास अधिक. ारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने कहा कि भारत सरकार और वित्त मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे अभियान 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' सराहनीय कदम है।

इस अभियान से ऐसे लोगों को भी उनका पैसा वापिस मिल पायेगा, जो अपना पैसा वापिस पाने की आस खो बैठे हैं। उन्होंने सभी बैंकर्स व बीमा कंपनियों से आह्वान किया कि जनपद का जितना भी लावारिस धन है, उसे प्रयास करके उनके वारिसों तक पहुंचाया जाये।

भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ अशोक कुशवाह ने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, आरबीआई , सेबी, आईआरडीएआई और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने संयुक्त रूप से अक्टूबर से दिसंबर 2025 तक तीन महीने का यह विशेष जागरूकता अभियान चलाया हुआ है। इसका शुभारंभ 4 अक्टूबर को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुजरात से किया था। इसी कड़ी में आज मुजफ्फरनगर में विशेष कैम्प आयोजित किया गया है। इस कैम्प का उद्देश्य जहां लोगों को लावारिस धन वापिस पाने के लिए जागरूक करना था, वहीं पात्र लोगों को ढूंढकर उनके पैसा उनके पास तक वापिस पहुंचाना था। उन्होंने मुजफ्फरनगर बैंकर्स के कार्य की सराहना की कि उनके प्रयासों से लगभग 5 करोड़ 21 लाख रूपया उनके वारिसों तक पहुंच पाया है। उन्होंने उद्गम पोर्टल के बारे में जानकारी दी, जिसके माध्यम से माध्यम से अपनी खोई या भूली हुई संपत्तियों को खोजने, रिकॉर्ड अपडेट करने और दावा करने की पूरी प्रक्रिया में चरणबद्ध मदद मिलती है।

अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि लोगों का जो लावारिस पैसा रिजर्व बैंक के पास पड़ा हुआ है यदि वह पैसा उसके वारिसों के पास वापिस पहुंच जायेगा, तो उससे न केवल जनपद की इकोनमी मजबूत होगी, बल्कि देश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

कार्यक्रम में क्रिसिल फाउन्डेशन द्वारा 'वित्तीय समावेशन प्रदर्शनी' भी लगाई गयी थी, जिसमें कार्यक्रम में आने वाले लोगों को उनका पुराना पैसा वापिस पाने का तरीका बताया गया, जिसमें उद्गम पोर्टल के बारे में बताया गया। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की भी जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात कुमार द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ प्रबन्धक अरविन्द सिंह, प्रबन्धक संजय कुमार शर्मा, क्रिसिल फाउन्डेशन की कैपिसिटी बिल्डिंग आफिसर शीजा खानम, सेन्टर मैनेजर मोहित ठाकुर, एफसी वसीम अहमद, एफएलसी हेमन्त त्यागी, अनिल कुमार, अनूप सिंह का विशेष योगदान रहा।

**इन बैंकों का रहा योगदान**

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा चलाये गये अभियान में मुजफ्फरनगर के सभी बैकों ने अपने आहूति दी, जिसमें एलआईसी ने अकेले 2.61 करोड़ का लावारिस धन उसके वारिसों को वापिस दिलाया, वहीं पीएनबी ने भी 1 करोड़ 74 लाख रूपया उनके वारिसों को दिलाया। इसके अलावा अन्य बैंकों द्वारा भी अपना योगदान दिया गया।

**सीएफएल खतौली का किया गया औचक निरीक्षण**

वित्तीय साक्षरता के लिए रिजर्व बैंक द्वारा चलाये जा रहे मनीवाईज वित्तीय साक्षरता केन्द्र खतौली का भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ अशोक कुशवाह व एलडीएम अनिल कुमार सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान दोनों अधिकारियों द्वारा सीएफएल कीर कार्यप्रणाली को समझते हुए उसके दस्तावेज चेक किये। दोनों अधिका. रियों द्वारा सीएफएल स्टॉफ द्वारा किये जा रहे कार्य की सराहना की।

इस दौरान क्रियिल फाउन्डेशन की कैपिसिटी बिल्डिंग आफिसर शीज़ा खानम, सेन्टर मैनेजर मोहित ठाकुर, चिकी, एफएलसी हेमन्त कुमार त्यागी व अनूप सिंह मौजूद रहे।

## टोल मैनेजर हत्याकांड के आरोपी की जमानत खारिज

**मुजफ्फरनगर।** टोल प्लाजा के डिप्टी मैनेजर अरविंद पाण्डेय हत्याकांड के आरोपी की जमानत खारिज हो गई है। बता दे कि उन्नीस सितम्बर 2025 को छपार थाना क्षेत्र के दिल्ली देहरादून हाईवे स्थित छपार टोल प्लाजा के डिप्टी मैनेजर अरविंद पाण्डेय की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। यह मामला जिला सत्र न्यायालया विरेन्द्र सिंह की कोर्ट में विचाराधीन है। आज इस मामले में सुनवाई हुई जहां कोर्ट ने जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए यह कहकर खारिज कर दी थी यह अपराध संगीन है जिसकी जमानत अर्जी स्वीकार नहीं की जा सकती। इस मामले की पैरोकरी शासकीय अधिवक्ता राजीव कुमार द्वारा की जा रही है और उन्होने इसका कडा विरोध किया है।

# अतिक्रमण हटवाने सड़कों पर निकले पुलिस अफसर

■ दुकानों के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार को यातायात के पुलिस अधिकारी व अधीनस्थ तथा कर्मचारियों ने शहर के मुख्य बाजारों में घूमकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जिससे लोगों में अफरा-तफरी मची रही। इस दौरान सड़क पर कब्जा करने वाले लोगों को पुलिस ने खांसा सबक सिखाया है।



बता दे कि शहर में हर दिन अस्पताल चौराहा, शिवमूर्ति, झांसी की रानी, मीनाक्षी चौक, महावीर चौक तथा अन्य स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रहती है कभी-कभी तो जाम के झाम में ऐसी स्थिति में बन जाती है कि राहगीरो का पैदल चलना भी दुभर हो जाता है। इतना ही नहीं कई बार देखने को मिला कि गंभीर मरीज को अस्पताल ले जाने वाली एंबुलेंस भी जाम में काफी-काफी देर तक फंसी रह जाती है, हालांकि इन सभी स्थानों पर एक नहीं, दो नहीं बल्कि चार से लेकर आधा दर्जन तक यातायात पुलिस के कर्मचारी तैनात रहते है, लेकिन वह भी इस जाम में घिर कर रह जाते है। ऐसी शिकायत अधिकारियों को लगातार मिल रही है और कभी-कभी पुलिस अधिकारी व गणमान्य लोगों को भी जाम के झाम में जुझना पडता है। इसी से निपटने के लिए शुक्रवार को शहर कोतवाली पुलिस और यातायता विभाग ने अतिक्रमण हटाव अभियान चलाते हुए भगत सिंह रोड, शिव चौक और अन्य स्थानों पर जहां भीड वाले स्थान है और दुकानों के बाहर सामन फैलाकर अतिक्रमण फैलाया जा रहा था।

उन पर पुलिस ने सख्ती की है। एसपी ट्रैफिक अतुल चौबे ने बताया कि जनपद में स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण को खत्म करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका तथा जिला प्रशासन भी इस कार्यक्रम में शामिल है। आज भगत सिंह रोड से शिव चौक तक अतिक्रमण हटाया गया और साथ ही व्यापारियों ठेहले और सड़क पर सामान लगाने वालों को चेतावनी दी गई है।

# डीएम ने मीडिया से साझा की एसआईआर की प्रगति

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने निर्वाचन आयोग के एसआईआर अभियान की प्रगति को मीडिया से साझा करते हुए बताया कि जनपद में कुल 78.73 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि बुढ़ाना में 82.60, चरथावल में 80. 35, पुरकाजी में 78.19, मुजफ्फरनगर में 67.93, खतौली में 82.65 और मीरापुर में 81.20 प्रतिशत कार्य संपन्न हो चुका है। जिला. धिकारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाताका नाम निर्वाचक नामावली में शत प्रतिशत दर्ज करना और उसे पूर्णतः त्रुटिरहित व अद्यतन बनाना है। उन्होंने पालिकाओं, नगर पंचायतों, खंड विकास कार्यालयों, तहसीलों और कलक्ट्रेट में हेल्प डेस्क एवं कैम्प स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों से अपील है कि वे गणना प्रपत्र भरकर जमा करें, तथा बीएलओ/सुपरवाइजर द्वारा किए जा रहे सत्यापन में सहयोग करें। इसके अतिरिक्त राजनैतिक दलों ने प्रत्येक बूथ पर बीएलए तैनात कर एसआईआर प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में मदद की है। जिलाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से भी अपील की कि वे इस अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाए, ताकि शत-प्रतिशत पंजीकरण और स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट या अनुपस्थित मतदाताओं के संबंध में किसी भी सूचना या आपत्ति की जानकारी समय पर दें, जिससे आवश्यक सुधार किया जा सके। वार्ता के दौरान एडीएम प्रशासन संजय सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# एसएसपी ने उत्कृष्ठ कार्य पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन में जिले के समस्त थानों पर शुरू हुई मिशन शक्ति केन्द्र और महिला आयोग तथा महिला परामर्श केन्द्र और महिला सम्मान प्रकोष्ठ व मिशन शक्ति हेल्प डेस्क से संबंधित कार्यो की समीक्षा की। जनपद के पुलिस मुखिया ने महिलाओं की सुरक्षा संवेदनशील व्यवहार और किसी भी मामले में तुरंत सहायता और कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होने मिशन शक्ति से जुडे समस्त कर्मी और महिला संबंधी शिकायतों के तुरंत निस्तारण करने और पीड़िताओं के सुरक्षित एवं मदद करने के वातावरण उपलब्ध कराने के लिए भी जागरूक कार्यक्रम चलाने के



आदेश दिए। उन्होने शाहपुर मिशन शक्ति केन्द्र द्वारा अच्छे कार्य और रख रखाव रजिस्टर मैंटेन करने के लिए एसआई रेखा रानी और आरक्षी आरती को नगदी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गोष्ठी में एसपी क्राइम इंदु, सहायक पुलिस अधीक्षक और समस्त कर्मचारी व अधिकारियों को सम्मानित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कातिलाना हमले में सात वर्ष की कैद, जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फांसी लगाकर युवक की हत्या और धमकी देने के आरोप में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए सबूत व गवाहों के आधार पर अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी को सात वर्ष के कारावास और उस पर बीस हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

अभियोजन के अनुसार खतौली थाना क्षेत्र के गांव फहीमपुर खुर्द निवासी दलवीर सिंह पुत्र राम सिंह ने तेरह अप्रैल 2009 को खतौली थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था कि दस अप्रैल 2009 को राजसिंह पुत्र जयपाल सिंह ने उसके बेटे फांसी लगाकर उसकी हत्या का प्रयास किया था और इस दौरान आरोपी ने उसके बेटे को धमकी भी दी थी तहरी रके आधार पर पुलिस ने धारा 307, 34, 452 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। और कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दस नवम्बर 2009 को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस के बाद पुलिस ने घटना से संबंधित छानबीन शुरू की और बयान व घटना से संबंधित सबूत जुटाए। इसके बाद खतौली पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। इस मुकदमे की पैरोकारी एडीजीसी अरूण जावला द्वारा की गई। यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या आठ में विचाराधीन था। मुकदमे की पैरोकारी कर रहे अधिवक्ता ने न्यायधीश नेहा गर्ग के समक्ष घटना से संबंधित सबूत पेश किए और दोनो ही पक्ष के वकीलों ने अपनी-अपनी दलीले पेश की जहां कोर्ट में मामले को गंभीरता से सुना गया और सबूत और गवाहों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए उस पर बीस हजार रूपये का जुर्माना भी किया है।

# मुठभेड़ में बदमाश को लगी दो गोली

■ सरेआम गोलियां चलाकर दहशत फैलाने का था आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी पुलिस मुठभेड के दौरान दबंगई के लिए गोली चलाने का आरोपी घायल हो गया है। पुलिस ने उसके दो साथियों को भी हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से हथियार व घटना में प्रयुक्त की गई कारे भी बरामद करने का दावा किया है। घायल के दो गोली लगी है और लिखापढ़ी के बाद पुलिस ने आरोपी की पिस्टल अपने कब्जे में उसको जेल भेज दिया।



पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी देहात आदित्य बंसल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि तिरपडी कट और बघरा मार्ग पर जब पुलिस गश्त के लिए पहुंची तो यहां संदिग्ध कार सवार बदमाश दिखाई पडे। पुलिस ने उन्हे रूकने के लिए कहा तो उन्होने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस दौरान पुलिस को स्कारपियो और बिना नम्बर की आई-20 कार खडी दिखाई पडी। जब पुलिस कार के पास पहुंची तो उसमें सवार लोगों ने पुलिस पर फायरिंग की, लेकिन घेराबंदी कर पुलिस ने बदमाशों को दबोच लिया। इस दौरान जवाबी फायरिंग में चलाई गोली से एक बदमाश घायल हो गया था जिसको पुलिस ने घायल को तुरंत ही अस्पताल पहुंचाया और बदमाश का नाम अनुज निवासी ग्राम दतियाना थाना छपार बताया गया है। आरोपी के दोनो पैरों में गोली लगना भी पुलिस ने बताया है।

पुलिस ने आरोपी के दो साथी पारस सहरावत निवासी ग्राम जडौदा थाना मंसूरपुर और निखिल निवासी मखियाली थाना नई मंडी है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक पिस्टल, तमंचे और दो कारे बरामद की। एसपी देहात ने जानकारी दी कि अनुज पन्द्रह हजार का इनामी है और वह दबंग प्रवृत्ति का है। आरोपी कई बार दबंगाई कायम रखने के लिए फायरिंग कर चुका है और उसने दहशत भी फैलाई थी। आरोपी पर संगीन धाराओ के मुकदमा दर्ज होना भी एसपी देहात ने बताया है। और उन्होने बताया कि पारस भी शातिर अपराधी है।

# शारदेन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शारदेन स्कूल, मुजफ्फरनगर में दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विद्यार्थियों को महापुरुषों की किताबें पढ़ने के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को एसआईआर द्धस्पेशल इंटेंसिव रिवीजनऋ फॉर्म भरने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी और इसकी उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एसआईआर फॉर्म एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो मतदाता सूची को अद्यतन करने में मदद करता है और नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग करने में सहायक होता है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या, धारा रतन ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और पुस्तक मेले के उद्देश्य के बारे में बताया। विद्यालय के निर्देशक, ब्श्विरतन ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे। पुस्तक मेले में विभिन्न प्रकाशकों की पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं और विद्यार्थियों को इन पुस्तकों को खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने करियर के बारे में सोचें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र साधन है जो हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

# पंजाब पुलिस ने छापा मारकर बेलडा में मैडिकल स्टोर किया सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** बेलड़ा गांव मे पंजाब पुलिस द्वारा की गयी छापामारी से हड़कंप मच गया। पुलिस द्वारा एक मेडिकल स्टोर पर सील लगाई गयी है। मामला भारी मात्रा मे इंजेक्शन को खरीदने का बताया जा रहा है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा मे पहुंची पंजाब राज्य के होशियारपुर जनपद की नारकोटिक्स पुलिस ने वहां भारत मेडिकल एजेंसी नामक मेडिकल स्टोर के संबंध मे ग्रामीणों से जानकारी की। मौके पर टीम को मेडिकल स्टोर बंद मिला। घंटो की प्रतीक्षा बाद पुलिस द्वारा मेडिकल स्टोर पर सील लगा दी गयी।इस संबंध मे पंजाब पुलिस द्वारा विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टोर संचालक द्वारा ट्रामाडोल इंजेक्शन को



बड़ी मात्रा मे खरीदा गया है। चिकित्सक के अनुसार ट्रामाडोल इंजेक्शन का प्रयोग दर्द निवारक के रूप मे किया जाता है। वहीं एलोपेथ की कुछ दवाओं का प्रयोग नशे के रूप मे करने को लेकर हाल मे प्रकाशित समाचारो के चलते नागरिको मे विपरीत चर्चाओं को जन्म दिया है।पंजाब पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही के बाद भारी संख्या मे ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकठा हो गयी। कार्यवाही को लेकर दी गयी अधूरी जानकारी से ग्रामीण असंतुष्ट नजर आये।

# सरफिरे ने स्कूल के शिक्षक-छात्राओं पर लठ बजाया

**बुढ़ाना/फुगाना।** एक सिरफिरे ने एक स्कूल में घुसकर महिला प्रधानाचार्या, दो शिक्षकों और चार छात्राओं पर खड़ा लठ बरसाया। शोर शराबा सुनकर मौके पर आए स्कूल के स्टाफ को देखकर आरोपी एक शिक्षक को हत्या की धमकी देता हुआ भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रविन्द्र कुमार पुंडीर पुत्र नैन सिंह निवासी मौहल्ला दयानन्दनगर जनपद शामली ने फुगाना थाना में पहुंचकर पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 4 दिसम्बर की सुबह लगभग 9 बजे विनय पुत्र लख्मी उर्फ बुगला निवासी गांव खरड ने गौड ग्रेस एकेडमी खरड मे आकर कक्षा पांच की छात्राओं को पढ़ा रहे अध्यापक राहुल सहगल पुत्र जयवीर सिंह निवासी जनपद शामली और कक्षा पांच की छात्रा अन्नु मलिक पुत्री सुरेन्द्र मलिक, अनन्या मलिक पुत्री सचिन मलिक और कामिनी पुत्री विजय आदि छात्राओं पर कक्षा में घुसकर लठ बजाना शुरू कर दिया। तब सभी छात्राओं और अध्यापकों के रोने की आवाज सुनकर वह जब कक्षा पांच के अंदर पहुंचा तो आरोपी विनय ने उस पर भी लठ बजाया तो उसने बचाव के लिए शोर मचा दिया। तब आफिस से भागकर प्रधानाचार्य सीमा पुंडीर बाहर आई तो उन पर भी आरोपी विनय के द्वारा वार किया गया। तब एकेडमी में अफरा तफरी होती देख एकेडमी का पूरा स्टाफ मौके पर आया और किसी तरह से आरोपी विनय को काबू में करते हुए उसको बड़ी मुश्किल से एकेडमी से बाहर किया। तब भी आरोपी उसके साथ गाली गलौज करता हुआ हत्या की धमकी देकर चला गया। घटना की सूचना जैसे ही फुगाना पुलिस को फोन के माध्यम से एकेडमी के स्टाफ के द्वारा दी गयी तो तुरंत मौके पर फुगाना थानाध्यक्ष विजय कुमार मय पुलिस बल के पहुंचे और एकेडमी के स्टाफ से घटना की पूरी जानकारी ली। उधर रविंद्र कुमार ने पुलिस से आरोपी विनय के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। आरोपी विनय ने एकेडमी में इस तरह की वारदात क्यों की इसका पता नहीं लग पाया था।

# ब्लैकमेलर की गिरफ्तारी पर पुलिस को किया सम्मानित

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कुख्यात ब्लैकमेलर विनय उर्फ किक्की जैन की गिरफ्तारी के बाद कस्बे में राहत की हवा चल पड़ी है। लगातार ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली से त्रस्त व्यापारी और नगरवासी अब खुलकर पुलिस का समर्थन कर रहे हैं।

शुक्रवार को जैन समाज, व्यापारियों तथा सामाजिक संगठनों ने घण्टाघर से एक भव्य जुलूस निकालकर कोतवाली पहुँचकर कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल, सेकेंड कोतवाल कमल किशोर, क्राइम ब्रांच टीम सहित पूरी पुलिस स्टाफ का फूल-मालाओं व शॉल उड़ाकर सम्मान किया। जैन समाज और व्यापारियों ने कहा कि किक्की जैन की गिरफ्तारी से वर्षों पुरानी गंदगी का सफाया हुआ है। सम्मान समारोह में मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता व व्यापारियों ने पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि यह कार्रवाई पूरे नगर में शांति और न्याय की बड़ी उम्मीद लेकर आई है। इस अवसर पर नीरज अग्रवाल ने कहा कि हपुलिस ने बड़ा साहसिक कदम उठाया है। अब



सर्व समाज ऐसे ब्लैकमेलरों के खिलाफ एकजुट है। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने मांग उठाई कि ब्लैकमेलर के गुर्गों, सूचना देने वालों और अवैध वसूली में शामिल लोगों की भी पहचान कर कार्रवाई की जाए। समाज के लोगों ने कहा कि किक्की जैन की असली ताकत उसके वही लोग थे, जो उसे सूचना पहुंचाते थे और लोगों पर दबाव बनाकर वसूली कराते थे। जवाब में कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने आश्वासन दिया कि मुख्य आरोपी के साथ-साथ उसके सहयोगियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की ब्लैकमेलिंग और अवैध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में समाजसेवी, जैन समाज के पदाधिकारी, स्कूल संस्थापक, व्यापारी एवं नगरवासी नीरज अग्रवाल, कांतास्वरूप सिंघल, विकास, उमेश कुमार केबिल, अशोक जैन, राजीव जैन, विद्याभूषण साहनी आदि मौजूद रहे।

## बैंक शाखा कर्मचारी की अभद्रता पर भड़का रोष

**भोपा।** भोपा स्थित बैंक शाखा कर्मचारी पर अशोभनीय व्यवहार व अभद्रता करने के गंभीर आरोप लगाये गये हैं। घटना को लेकर ग्रामीणों मे रोष व्याप्त हो गया। तथा भारी भीड़ इकठा हो गयी।

पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। भोपा मे मुज़फ्फरनगर मार्ग स्थित ऑपरेटिव बैंक शाखा पर तैनात कर्मचारी द्वारा अभद्रता करने से गुस्साए ग्रामीणों ने शाखा के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि वह आवश्यक कार्य से बैंक शाखा में गए थे। वहां पर मौजूद एक कर्मचारी द्वारा अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल करते हुए उनके साथ अभद्रता की गयी।ग्रामीण जितेंद्र कुमार, आवेश मलिक, अजीम, सुधीर ने बताया कि बैंक कर्मचारी का व्यवहार गैर सामाजिक व अनैतिक है। ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ उच्चाधिकारी से कार्यवाही की मांग की है

# मंदवाड़ा में दी बिल राहत योजना की जानकारी

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव मन्दवाड़ा में आज शुक्रवार के दिन चौधरी पैकर अली राणा के आवास पर आयोजित की गयी एक आवश्यक मीटिंग में सैंकड़ों ग्रामीणों को बिजली बिल राहत योजना 2025 के बारे मे विद्युत जेई प्रवीन कुमार ने पूरी जानकारी दी और सभी ग्रामीणों से आग्रह किया कि सभी उपभोक्ता इस छूट का लाभ ले लें।

उन्होंने बताया कि कभी भुगतान नही करने वाले और लंबे समय से भुगतान नही करने वाले विद्युत उपभोत्ताओं के लिए विद्युत बिल में आकर्षक छूट सरचार्ज पर 100 प्रतिशत और मूलधन मे भी 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। विद्युत चोरी में लगे जुर्माने पर 50 प्रतिशत की अदभुत छूट है। इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें और वकील राणा के यहां पर भी वे अपना बिल जमा करा सकते है। इस दौरान यहां पर युवा प्रगतिशील गन्ना किसान तैमूर अली



राणा ने भी सभी ग्रामीणों से इस योजना का लाभ उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसी छूट आज तक विद्युत विभाग में नहीं आई है। अगर इस बार भी वे इस योजना के लाभ से चूक गये तो फिर उन्हें भविष्य में पछताना पड़ सकता है। जिस पर सभी ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के जेई को आश्वस्त किया और कहा कि वे इस योजना को बेकार नहीं जाने देंगे और इसका पूरा पूरा लाभ उठाएंगे और इस योजना के बारे में और लोगों को भी जानकारी देने का काम करेंगे।

# सीडीओ ने किया प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण

## कई छात्र व छात्राओं से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशमुख ने आज शुक्रवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां में पहुंचकर यहां पर स्थित प्राथमिक विद्यालय का ओचक निरीक्षण किया। मिली जानकारी के अनुसार आज मुख्य विकास अधिकारी कणडारकर कमल किशोर देशमुख द्वारा प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर कलां नंबर एक का निरीक्षण किया गया। इस औचक निरीक्षण के समय जिला पंचायत राज अधिकारी रेणु सक्सेना, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार एवं सम्बन्धित ब्लॉक की खण्ड शिक्षा अधिकारी किरण यादव साथ में उपस्थित रही। निरीक्षण में उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर 07 अध्यापक एवं 01 शिक्षा मित्र के सापेक्ष 02 सहायक अध्यापक अवकाश पर पाये गये व कार्यरत अन्य स्टाफ उपस्थित मिला। नामांकित कुल 298 बच्चों



के सापेक्ष 231 बालक बालिकाएं उपस्थित मिले। विद्यालय की भौतिक स्थिति एवं शैक्षिक स्तर सन्तोषजनक है। कक्षा 04 के सेक्शन ए एवं बी में बच्चों से बातचीत एवं प्रश्न उत्तर किये गये। जिनका जवाब बच्चों द्वारा संतोषजनक मिलने पर बच्चों की प्रशंसा करते हुए उनको उज्जवल भविष्य के लिये जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय में अधिकांश बच्चे यूनिफॉर्म में पाये गए। मध्यान्ह भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार बनाया जा रहा है। जिसके नियमित वितरण व गुणवत्ता की पुष्टि बच्चों से की गई। आज शुक्रवार को मध्यान्ह भोजन मेन्यू के अनुसार बच्चों को सोयाबीन बड़ी एवं हरी सब्जियों से युक्त ताहरी वितरित की गयी। जिसकी गुणवत्ता संतोषजनक मिली। बालक-बालिका का शौचालय एवं स्वच्छ जल हेतु सबमर्सिबल हैंडपंप क्रियाशील अवस्था में है। विद्यालय 19 पैरामीटर्स पर संतृप्त पाया गया एवं फरवरी 2025 में विद्यालय निपुण हो चुका है। कुल नामांकित 298 बच्चों के सापेक्ष 258 बच्चों की डीबीटी हो गई है। विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक राकेश बंसल द्वारा वर्ष 2017 से वर्तमान तक नामांकित 30 बच्चों से 300 बच्चों के नामांकन तक का सफर तय करने पर राकेश बंसल एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ को बधाई दी गयी।

## लाखों रुपये का गबन करने वाला मैनेजर अरेस्ट

**बुढ़ाना।** मिनी बैंक की एक शाखा के प्रबंधक नितिन कुमार को पुलिस ने पोने 4 लाख रूपये से भी अधिक का गबन करने के मामले में अरेस्ट कर जेल भेजा है। शंकर पुत्र ऋषिपाल कश्यप निवासी रोहाना कलां मुजफ्फरनगर ने पुलिस को बताया था कि वो स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंसली लिमिटेड खाकरोबान निकट बाल्मिकी बस्ती बुढ़ाना शाखा में प्रबंधक है। उनकी कंपनी गरीब महिलाओं को छोटे लोन किस्तों में देती है। इसी ब्रांच पर एक अन्य मैनेजर नितिन पुत्र राकेश निवासी मुजफ्फरनगर, स्टाफ में आकाश पुत्र जितेंद्र निवासी गांव भौरांकला, सौरभ मथान पुत्र हरवीर सिंह निवासी गांव गागोर शामली, गौरव शर्मा पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी पीननाहै। नितिन ने जान बूझकर कम्पनी को धोखा देने के इरादे से 11 मेम्बरों के प्रीक्लोज और किस्तों के तीन लाख 79 हजार 382 रुपये का गबन कर लिया और फरार हो गये थे।

## ऑन लाईन हाजरी के विरोध मे उतरे ग्राम सचिवों ने दिया धरना

**मोरना।** ऑन लाईन हाजरी व गैर विभागीय कार्य के विरोध मे मोरना ब्लॉक् के ग्राम सचिव इकट्ठा हुए और बीडीओ कार्यालय पर धरना देकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया है। मोरना ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को धरना प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने बताया कि ग्राम सचिव अपने दायित्व व कार्यो का भली भांति निर्वाह कर रहे हैं। उन्हें क्षेत्र मे जाकर कार्य करने होते हैं ऑन लाइन उपस्थिति से समय की बर्बादी होगी वहीं गैरविभागीय कार्य कराने से विकास कार्य प्रभावित होंगे।

## सूचना

मैं अपनी पत्नी महजबी खान और तीनों बेटों क्रमशः अमीर अहमद खान, मौहम्मद सालिम खान व मौहम्मद कासिम खान को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। यें चारों मेरे कहने-सुनने में नहीं है।

**मुजफ्फर अहमद खान पुत्र जलील अहमद खान**
**निवासी म.नं.-682/2, गली नं. -03, रहमतनगर, मुजफ्फरनगर**

# सहायक उपकरण की मदद से दिव्यांग अपने लक्ष्य को हासिल करें, विकलांग बच्चों को बाटें उपकरण

**मुजफ्फरनगर।** समग्र शिक्षा अभियान अन्तर्गत एलिम्को कानपुर के सहयोग से शुक्रवार को ब्लाक संसाधन केन्द्र जानसठ पर विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को एलिम्को कानपुर के सहयोग से उपकरण वितरण कैम्प का आयोजन किया गया। दिव्यांग बच्चों को उपकरण मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख नरेन्द्र कुमार तथा उपजिलाधिकारी जानसठ राजकुमार तथा नायब तहसीलदार जानसठ अजय कुमार द्वारा वितरण किया गया। ब्लाक प्रमुख नरेन्द्र द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि प्रारम्भिक शिक्षा वर्तमान में चुनौतीपूर्ण कार्य है, दिव्यांगता कोई अभिशाप नही है ,आज सभी बच्चे समान है,दिव्यांग बच्चे भी सामान्य बच्चो के साथ शिक्षा ग्रहण कर रहे है, उन्होने अपने सम्बोधन में बच्चो के अभिभावको से कहा कि वे अपने बच्चो व आसपास के समस्त बच्चो को विद्यालये में नामांकन करायें जिससे कि उन्हें सरकारी सुविधायें प्राप्त हो सके। आज सरकार की मंशा एवं योजना के अनुरूप बेसिक शिक्षा विभाग एवं एलिम्को कानपुर के संयुक्त प्रयास से सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों को उपकरण प्रदान कर उनकी क्षमता और प्रतिभा को निखारने का कार्य किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी राजकुमार द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के शिक्षण को और अधिम सुगम और सरल बनाने के लिये सहायक उपकरणों की व्यवस्था की गयी है। भविष्य में बच्चों को कोई परेशानी या दिक्कत आती है तो हमसे मिलकर समस्या का समाधान करा सकते है। खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार गोड द्वारा समस्त उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद किया गया। सुशील कुमार जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा बताया गया आज के कैम्प में 73 बच्चो को विभिन्न उपकरण ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर,सी0पी0 चेयर, मानसिक दिव्यांग बच्चों को किट, मूक बधिर बच्चों को हियरिंग एड, तथा दृष्टि दिव्यांग बच्चों को ब्रेल किटों का वितरण किया गया। एलिम्को कानपुर से आये विशेषज्ञ आडियालोजिस्ट सूरज कुमार, तथा आगम आलोक द्वारा अभिभावको को उपकरणों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम का संचालन पुष्पराज द्वारा किया गया। कैम्प के आयोजन में प्रमिता,धर्मेन्द्र, विनोद कुमार, इरशाद अहमद आदि स्पेशल एजूकेटर तथा ब्लाक संसाधन केन्द्र से भानु, श्रीकान्त, विपिन शर्मा उपस्थित रहे।



## सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र जिसके रजि0 सं0 (B20240990020000 7587) में उसका नाम **अहमद** त्रूटिवश दर्ज हो गया है जोकि गलत है उसका सही नाम **अहमद इमरान** है। उसे भविष्य में भी **अहमद इमरान** के नाम से जाना जाये।

**मौ0 इमरान पुत्र इसरार,**
निवासी: म0नं0 439, सुजड़ू,
थाना-खालापार, जिला मुजफ्फरनगर

## साप्ताहिक बाजार में ठंड का असर

**चांदपुर।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में ठंड का असर दिखाई दिया, जिस कारण नगर एवं ग्रामीण इलाकों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में भी रौनक नहीं दिखाई दी। शुक्रार के दिन चांदपुर में साप्ताहिक बाजार लगता है। इस दिन सिलारा रोड पर निकलना बामुश्किल होता है, लेकिन आज ठंड के कारण बाजारों में कोई भीड़ भाड़ नहीं दिखाई दी।

**समन वास्ते करार वाद उमर उनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) विज्ञापन द्वारा न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0डि0 बुढाना (मु0 नगर)**

वाद सं0 20 सन् 2025

1. ताराचन्द, 2. बाबूराम पुत्रगण अभे सिंह 3. प्रदीप कुमार 4. संदीप कुमार पुत्रगण प्रेमचन्द व 5. श्रीमती सरोज पत्नी प्रेमचन्द निवासीगण ग्राम फतेहपुरखेडी तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर। ..... **प्रार्थीगण/वादीगण**

**बनाम**

1. महेन्द्र पुत्र गजे सिंह निवासी ग्राम फतेहपुरखेडी तहसील बुढाना जिला मु0नगर, 2. श्रीमती नन्ही पत्नी नौशाद, 3. श्रीमती रुकसाना पत्नी इन्शाद, 4. नौशाद पुत्र नसीर निवासीगण ग्राम जोगियाखेडा तहसील बुढाना जिला मु0नगर।

....... **प्रतिवादीगण**

आपको इस सम्मन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादीगण में आपके विरुद्ध एक वाद वास्ते हुक्म इम्तनाई योजित किया है, आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का प्रतिवाद पत्र/जवाब आदि प्रस्तुत करने के लिये उपस्थित होने के लिये दिनांक 16.01.2026 को दिन में 10 बजे उपस्थित होने हेतु यह तिथि नियत करके यह समन सूचना प्रेषित किया जाता है, आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार / अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हो, ओर जो इस बाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसनजाति (उपस्थिति) के लिये तिथि नियत की गई है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थिति नहीं होगें, तो उक्त दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुण दोष पर कर दिया जायेगा। दिनांक 02 माह दिसम्बर 2025 यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

मुन्सरीम/रीडर
न्यायालय श्रीमान सिविल जज, जू0डि0 बुढाना (मु0नगर)

सम्मन वास्ते करारबाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) बुढाना जिला मु0नगर।**

वाद संख्या-53 सन् 2025

कृपाल सिंह पुत्र सूरजबली निवासी ग्राम टान्डा माजरा परगना व तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर। ... **वादी**

**बनाम**

आकिल खाँ पुत्र शफीक खाँ निवासी ग्राम खानपुर परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर।

**...प्रतिवादी**

दरगाह कृपाल सिंह पुत्र सूरजबली निवासी ग्राम टान्डा माजरा परगना व तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर ने आपके नाम नालिस बबाबत वाद वास्ते तकमील माहैडा बैनामा दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 19 के जो माह 01 सन् 2026 ई0 10.30 ववक्त बजे दिन में असालतम या माफत वकील के जो मुकदमें हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्ताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनीजवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवत मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 05 माह 12 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।

**न्यायालय सिविल जज (जु0डि0) बुढाना (मु0नगर)**

वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिए समन (आदेश 5 नियम 1 और 5) न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी. डि.) एफटीसी महोदय मुजफ्फरनगर इजराये संख्या 2 सन 2024 मौलाना मौ. फारुख पुत्र मौहम्मद हनीफ निवासी ग्राम सम्भलहेड़ा परगना भुम्मा सम्भलहेडा तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।

....... **डिक्रीदार/ वादी बनाम**

श्रीमति वर्षा माहेश्वरी पत्नी राजेश माहेश्वरी पुत्री (सुभाष चंद डागा) निवासी कस्बा मीरापुर परगना भुम्मा सम्भलहेड़ा तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी नोपा मंडी सिंघ भूस बिहार द्वारा सुभाष चन्द डागा पुत्र मुसददीलाल निवासी मोहल्ला कबूलपुरा कस्बा मीरापुर परगना भुम्मा सम्भलहेड़ा तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।.........

... **मदयून/ प्रतिवादी**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त एजराये डिक्रीदार/वादी ने आपके विरुद्ध इजराये योजित की है। आपको इस न्यायालय में उक्त इजराये उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिए उपसंजात उपस्थित होने के लिए दिनांक 09/ 12 /2025 को दिन में 10.30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपस्थित/उपसंजात हो सकते है। जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से सम्बंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाती (उपस्थिति) के लिए जो उक्त तिथि नियत की गयी है। वह इस इजराय के अन्तिम निस्तारण के लिए भी नियत है। इसलिए आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्षों को या उनसे सम्बंधित सभी सारवान प्रपत्रों, साक्ष्यों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात / उपस्थित नहीं होंगे तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुण दोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 24 माह 11 सन् 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया। **आज्ञा से**

**मुन्सरिम मजिस्ट्रेट**
**सिविल जज (सी.डि.)**
**फास्ट ट्रेक कोर्ट**
**मुजफ्फरनगर**

**समन** वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय खतौली (मु.नगर)** वाद स. टी-202309550604766 सन् 2023

बन्शी पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम मनव्वरपुर कंला परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर ..... **प्रार्थी/वादी** बनाम 1 श्रीमती रामरती पत्नी महावीर 2 कु. सुखदेवी पुत्री महावीर 3 पिंकु पुत्र महावीर 4 मोनू पुत्र महावीर 5 श्रीपाल पुत्र महावीर 6 गोपीचन्द पुत्र छोटा 7. सत्यवीर पुत्र छोटा 8 भोपाल पुत्र छोटा समस्त निवासीगण ग्राम मनव्वरपुर कंला तहसील खतौली जिला मु.नगर। 9 उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा श्रीमान जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर। 10. गॉव सभा मनव्वरपुर कंला द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम मनव्वरपुर कंला तहसील खतौली जिला मु.नगर। **...प्रतिवादीगण / विपक्षीगण** अन्तर्गत धारा 144 उ.प्र.रा.स. 2006 ग्राम मनव्वरपुर कंला

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश बाबत के दायरा कि में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो माह 16-12-2025 ई0 के बावक्त बजे दिन मे असालतम या मारफत वकील के जो मुकदमे हालात मे करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमुर तहसम मुत्ताल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो कि जो जबाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर ओर जवाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जमाला गवाही के जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद मे इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारिख 02 माह 12 सन् 2025 ई.जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी महोदय**
**तहसील खतौली (मु.नगर)**

# आशिया बतूल ने हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा की छात्रा आशिया बतूल ने डी.एस. पब्लिक स्कूल में सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स द्वारा आयोजित जिला स्तरीय हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।इस प्रतियोगिता में जनपद के सीबीएसई मान्यता प्राप्त 18 स्कूलों ने प्रतिभाग किया। जिसमें विद्यालय की छात्रा आशिया बतूल ने सभी विद्यार्थियों को पछाड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक महोदय सुशील सिंह आर्य व प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटियां भी अब पीछे नहीं है, केवल आवश्यकता है अपने हुनर को पहचानने की और आगे बढ़ाने की। आशिया ने अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया ।विद्यालय की अध्यापिका बबीता गुप्ता व विश्वेश्वरी ने भी छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय ही एक ऐसा मंच होता है, जो विद्यार्थियों की योग्यता को निखारता है इसलिए प्रत्येक बच्चे को हर क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए ,और उन्होंने अन्य उदाहरण देकर छात्रा व अन्य विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त वेदांता परिवार का सहयोग रहा।दिव्यांग दिवस पर इशिका चमकी, मण्डलीय विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने मारी बाजी।

## दिव्यांग दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

**खतौली।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के मौके पर जनपद मुजफ्फरनगर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्री कुन्दकुन्द जैन इंटर कॉलेज खतौली की दिव्यांग छात्रा इशिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। इशिका ने कला व लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, दौड़ में द्वितीय स्थान, तथा कविता पाठ में विशेष स्थान प्राप्त कर सबको गौरवान्वित किया। वहीं दूसरी ओर मण्डल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, सहारनपुर में कक्षा 11 की छात्राएँ रामिषा, इलमा, सोफिया और यास्मीन ने जल संरक्षण एवं स्वास्थ्य विषय पर आधारित मॉडल प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान हासिल किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने सभी विजेता छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने राजकुमार जैन, देवराज चौहान, अंजना शर्मा, विकास मोतला, नेहा जैन, महेंद्र पांडेय और रूपक वर्मा को भी शुभकामनाएँ दीं, जिनके निर्देशन में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## शेख रईस का जिला सचिव पद से इस्तीफा

**चांदपुर।** समाजवादी पार्टी के सक्रिय जमीनी कार्यकर्ता एवं जिला सचिव शेख रईस अहमद ने जिला सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। समाजवादी पार्टी जिला सचिव पद से इस्तीफा देने का कारण उन्होंने पार्टी के कुछ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी को मजबूत बनाने, बूथ स्तर पर कार्य न करने में उनका सहयोग न करना बताया है। हालांकि उन्होंने पार्टी की सदस्यता के बारे में अभी कुछ भी कहने से साफ इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि मैं समाजवादी पार्टी का सच्चा सिपाही हूं और बिना पद के भी समाजवादी पार्टी के लिए अपनी निष्ठा, लगन और पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करता रहूंगा।

**बहुसाखीय समिति, मुजफ्फरनगर**

पत्रंक: मैमो दिनांक- 18-11-2025

**प्रेषकः- समिति अध्यक्ष**
**गजेन्द्र पाल सागर**
**अध्यक्ष, बहुसाखीय विशेषज्ञ समूह**
**अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ ( खोज एवं अनुसंधान )**

सेवा में,
जिलाधिकारी,
मुजफ्फरनगर

**विषय- जनपद मुजफ्फरनगर तहसील खतौली में सेतु के निर्माण हेतु परियोजना में अर्जित की जा रही कृषक भूमि हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण एजेंसी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के संबंध में।**

प्रसंग भवदीय पत्रांक- दिनांक

महोदय, कृपया उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय मुजफ्फरनगर के आदेश दिनांक 29.10.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा जनपद मु.नगर में सेतु के निर्माण हेतु परियोजना के लिए जनपद मु.नगर में भूमि अर्जन /अधिग्रहण के मामले में अधिनियम की धारा-4 में दी गई व्यवस्था के अनुसार सामाजिक समाघात निर्धारण एजेंसी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के मूल्यांकन हेतु अधिनियम की धारा-7(1) के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित बहुसाखीय विशेषज्ञ समूह गठित किया गया।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि, गठित बहुसाखीय विशेषज्ञ समूह द्वारा सामाजिक समाघात निर्धारण एजेंसी द्वारा प्रस्तुत अन्तिम प्रतिवेदन दिनांक 17-09-2025 का परीक्षण करने हेतु दिनांक 06-11-2025 को बैठक आहूत की गई। गठित बहुसाखीय विशेषज्ञ समूह द्वारा परीक्षणोपरान्त अपनी मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार की गई है।

**अनु.- यथोक्त**

**विश्वासभाजन**
**गजेन्द्र पाल सागर**
**समिति अध्यक्ष**

# नौकरी के एक लाख 68 हजार रुपये न देने पर मालिक के विरुद्ध की शिकायत

**बुढाना।** नौकरी के एक लाख 68 हजार रूपये नहीं देने की शिकायत नौकर ने बुढ़ाना पुलिस से अपने मालिक के विरुद्ध की है। बुढाना पुलिस ने इस मामले की जांच शुरु कर दी है वहीं आरोपी और पीड़ित एक ही जाति और नाम के बताए जा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार राज.ेश शर्मा उर्फ कालू पुत्र किशन लाल निवासी गांव अहीर भगोला तहसील मुढांवर जिला अलवर राजस्थान प्रदेश ने आज शुक्रवार की देर रात गौरक्षक छोटा सैनी के साथ बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की परासौली पुलिस चौकी पर पहुंचकर पुलिस चौकी के प्रभारी गुलाब तिवारी को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि वह बीती 28 नवम्बर सन 2023 से लेकर अब बीती 03 दिसम्बर तक गांव परासौली निवासी राजेश शर्मा के यहां पर नौकरी कर रहा था। जिसकी तनख्वाह प्रति महीने कुल सात हजार रुपये तय थी। उसको उसके मालिक राजेश शर्मा ने पिछले दो साल से वेतन नहीं दिया और उसका आधार कार्ड और अन्य आइडी प्रूफ भी छीन लिया। राजेश उसके साथ मारपीट और गाली गलौच करता है। जब उसने अपना सम्पूर्ण वेतन मांगा तो राजेश ने उसको पीटकर भगा दिया और जान से मारने की धमकी दी। वह बहुत परेशान है और खाने पीने और सर्दी में घर जाने तक के रुपये नहीं है। पीड़ित राजेश ने पुलिस से अपने एक लाख 68 हजार रुपये और आईडी वापस कराए जाने की गुहार लगाई है। उधर बुढाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर उकत मामले की जांच शुरु कर दी है।




# बॉडी बिल्डिंग वाले फोटो देख ये प्रोडक्ट न खरीदें: कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कृषि विज्ञानी सुबोध कुमार ने बताया कि आज इंसान ने अपनी बॉडी को बीमारियों का घर बना लिया है। इसका मुख्य कारण हमारा खानपान व हमारी दैनिक जीवनशैली। इन सब के पीछे बिज़नेस करने वालों के प्रोडक्ट व उनके एड हैं।

हम अक्सर बॉडी बिल्डिंग वाले फोटो देख उनके प्रोडक्ट को अपने खाने में शामिल करते हैं जो हमारी बॉडी के महत्त्वपूर्ण अंग को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसलिए मैं आपसे अपना कुछ अनुभव साझा करना चाहता हूं। मेरे दादा ठाकुर रतन सिंह का जब निधन हुआ तब उनकी आयु 92 वर्ष थी। उस उम्र में भी वे घुड़सवारी करते थे। उनकी मौत सामान्य नहीं थी वे दुर्घटना का शिक.ार हुए। जब डॉक्टरों ने उनका पीएम किया तो बताया कि उनके सब महत्त्वपूर्ण अंग पूरी तरह स्वस्थ थे। ठाकुर रतन ही नहीं उनके जितने भी परिवारजन थे सब 85 वर्ष से ज्यादा आयु तक जीवित रहे। हमेशा चलते फिरते रहे। उनकी मौतें प्राकृतिक थी। आज ये विरासत मेरे पिता की पीढ़ी में है सबकी प्राकृतिक मृत्यु 90 वर्ष से ऊपर हुई। मेरे ताऊ विक्रम सिंह 91 वर्ष की उम्र में भी पूरी तरह फिट हैं और रोजाना कम से कम 10 किलोमीटर चलते हैं। जब मैंने ये जाना तो समझ आया कि इंसान के पीछे खाद्य व जीवनशैली का बड़ा हाथ है।

वे लोग जंक फूड खाते हैं उनके घर में ये हमेशा उपलब्ध रहता है। इसके साथ ही बहुत कम शारीरिक श्रम करते हैं। आपको अपना खाना पूरी तरह प्राकृतिक रखना चाहिए। घर में जो कुछ भी मिलता है वही खाएं। हमेशा कम खाएं। ज्यादा खाना खाने का मतलब पेट को पूरा भरना नहीं होना चाहिए। आज लोग शरीर बनाने के चक्कर में मार्केट से अलग तरह के प्रोटीन लेते हैं लेकिन यह गलत है। जितना प्रोटीन शरीर को चाहिए महत्त्वपूर्ण अंग खुद हमारे प्राकृतिक भोजन से ले लेते हैं। हमें जानवर जैसी बॉडी नहीं चाहिए। जानवर जैसी बॉडी और जानवर जैसी सेक्सुअल पावर बढ़ाने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं। इसलिए आप मौसम और सत्र के हिसाब से अपनी डाइट बनाएं और वही खाएं जो आसानी से उपलब्ध हो। यह सब अनुभव मेरे अपने बुजुर्गों से सीखा हुआ है। मेरा सुझाव है कि दवाइयों के बजाय रसोई में मिलने वाले प्राकृतिक उत्पादों का ही उपयोग करें। प्रकृति ने हमें हर मौसम और स्थान के अनुसार भोजन दिया है। बस हमें उसी पर निर्भर रहना चाहिए। हर कोई अपने घर में दूध का उत्पादन जरूर करे और रोजाना इसका उपयोग करें। पैक्ड फूड का उपयोग बिल्कुल बंद करें। यह सब मेरे व्यक्तिगत अनुभव और सुझाव हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित होकर बाइक नाले में गिरी

**बुढ़ाना।** गन्ने से भरे ट्रेक्टर ट्राले से बचने के चक्कर में एक मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर गंदे नाले में गिर गयी। जिसमें सवार पीछे बैठे दो बच्चे और मोटर साइकिल चला रहा ग्रामीण घायल हो गया। बड़ी मुश्किल से आते जाते राहगीरों की सहायता से तीनों घायलों और मोटर साइकिल को नाले से बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के श्मशान घाट के पीछे के रास्ते वाले मार्ग पर आज शुक्रवार के दिन लगभग सायं पांच बजे गन्ने से भरी एक ट्रेक्टर ट्राली गुजर रही थी। जो शुगर मिल में जा रही थी। ट्रोले में भरे गन्ने दोनों साइडों में बाहर की और निकल रहे थे। तब गांव भनवाडा का एक ग्रामीण महबूब अली मोटर साइकिल पर दो बच्चों को लेकर बुढ़ाना से अपने गांवघ् भनवाडा जा रहा था। तब रास्ता संकरा होने के कारण महबूब अली ट्रेक्टर ट्रोली से बचने के चक्कर में बराबर मेंघ् गंदे नाले में बच्चों और मोटर साइकिल समेत गिर गया। जिसमें तीनों को चोट आई और मोटर साइकिल में गंदगी भरी गयी। आते जाते अन्य राहगीरों ने तीनों घायलों को और मोटर साइकिल को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला। तीनों घायलों को स्थानीय चिकित्सक के यहां पर ले जाकर कुछ लोगों केघ् द्वारा उपचार कराया गया। बताया जाता है कि उक्त मार्ग संकरा होने के कारण कभी कभी इस तरह की दुर्घटनाएं होना यहां पर आम बात है।

### गन्ने से भरी ट्रॉली से टूटी विद्युत लाइन ,बची बालिका की जान

**मोरना।** बेहड़ा सादात में बिजनौर मार्ग स्थित गन्ना तोल सेंटर से गुजरने वाली अनियंत्रित ट्रोलियां ग्रामीणों के लिए खतरा पैदा कर रही हैं। शुक्रवार को गन्ने से भरी ट्रॉली विद्युत लाईन मे उलझ गयी। तार टूटने से बालिका बाल बाल बच गयी। ग्रामीणों ने सुरक्षा के मद्देनजर ट्रोलियो के वजन को कम करवाने तथा मानको के अनुसार चलाने की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के बेहड़ा सादात मे खरपौड़ मार्ग पर गन्ने से भरी ट्रॉली विद्युत लाईन मे उलझ गयी, जिससे तार टूटकर सड़क किनारे गिर पड़ा। उसी समय सात वर्षीय बालिका हुमैरा स्कूल से लौट रही थी, जो तार की चपेट में आने से बाल-बाल बच गई। विद्युत तार के टूट जाने से अफरा-तफरी मच गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने ट्रॉली चालकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।ग्रामीण शौकीन, वकील, फिरोज, अमरीश, नजरू, गुलफाम, नवाब व फारुख ने बताया कि ओवरलोड ट्रालियों से विद्युत आपूर्ती भी अक्सर बाधित रहती हैं। संकरे रास्तो से ऑवर लोड ट्रोलियों के संचालन से जान का खतरा बना हुआ है।ग्रामीणों ने प्रशासन से ट्रालियों की ऊंचाई व वजन पर नियंत्रण करने की मांग की है।

### शाहपुर में जैन संत विमर्श सागर का मंगल प्रवेश



**शाहपुर।** कस्बे मे भावलिंगी जैनाचार्य संत श्री विमर्श सागर जी महाराज का ससंघ के साथ भव्यातिभव्य मंगल प्रवेश हुआ। जैन मुनी ने तावली से विहार करके शाहपुर धर्मनगरी मे प्रवेश किया। मुनी जी का मंगल प्रवेश बैंड बाजो के साथ हुआ। मुनी श्री के मंगल प्रवेश दौरान समाज से जुड़े अनेको अनुयायीयों ने पाद पृक्षालन किया।जैन संत कस्बे के जैन मोहल्ले मे स्थित जैन मंदिर मे प्रवास कर रहे है। सांय के समय समस्त मुनी संघ के समक्ष संगीतमय गुरुभकित का आयोजन कस्बे मे स्थित जैन स्थानक के भव्य हक्क्ल मे किया गया। जिसमे सैकड़ो लोग मौजूद रहे। इस दौरान संचालन करते हुए अमित जैन ने बताया कि 40 वर्षो के लम्बे अंतराल के बाद कस्बे मे 35 जैन संतो के संघ का प्रवेश हुआ है। इस दौरान समाज से जुड़े सैकड़ो लोगो ने गुरुभकित मे भजन प्रस्तुत किये। मंगल विहार के दौरान समाज से जुड़े सैकड़ो महिला पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

# कस्बा वासियों में नगर पंचायत के प्रति भारी रोष व्याप्त

**मीरापुर/मुजफ्फरनगर।** मीरापुर कस्बे की जनता हाड़ कंपा देने वाली ठंड में ठिठुर रही हैं। और चेयरमैन व ईओ चौन की बांसुरी बजा रहे हैं। जिसके चलते कस्बावासियों में चेयरमैन व ईओ के प्रति भारी रोष व्याप्त हैं।

नागरिकों ने जिलाधिकारी से कस्बे के मुख्य चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए जाने की मांग की हैं। नागरिकों का कहना है कि कस्बे का मजबूर बेसहारा आदमी ठंड से बचने के लिए इधर उधर दौड़ लगा रहा हैं। और यहां के चेयरमैन व ईओ उनकी ओर से पूरी तरह मुंह फेरे हुए हैं। साथ ही ईओ को अपने ऑफिस व चेयरमैन को अपने घर से बाहर निकल कर गरीबों का हाल जानने की फ़ुरसत भी नहीं हैं। नागरिकों का कहना है कि अब हम अलाव के नाम पर सरकारी पैसे का दुरुपयोग किसी भी सूरत में होने नहीं देंगे। नागरिकों का कहना है कि चेयरमैन जमील कई चुनाव हारने के बाद भी दिसंबर, जनवरी के माह में भी लोगों की चौखट पर बिना बुलाए ही हाजिरी दिया करते थे। लेकिन जब से चेयरमैन पद की जीत का सेहरा उनके सर सजा हैं। तभी से उन्होंने कस्बे की जनता से मुंह मोड़ कर कस्बे को रामभरोसे छोड़ दिया हैं। क़स्बा वासियों का कहना है कि चेयरमैन को जनता ने पांच साल के लिए चुना है। न की पचास साल के लिए। इसी लिए उनको यह नहीं भूलना चाहिए कि जनता जनार्दन ही अगर किसी को अर्श पर ले जाती है तो यह ही जनता फर्श पर लाने का काम करती हैं। क़स्बा वासियों का कहना है कि चुनाव जीतने के बाद ऐसे बेरुखी दिखाने वाले ऐसे लोगों को अबकी बार चुनाव में जनता हार का मज़ा चखा कर अपने अपमान का बदला अवश्य चुकाएगी।

# उम्मीद पोर्टल पर रात भर जारी रहा रजिस्ट्रेशन

**बुढ़ाना।** उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन रात भर जारी रहा। जमीयत उलमा ए हिंद एवं जमाते इस्लामी हिंद की टीम द्वारा संयुक्त हेल्प डेस्क पर कार्य जारी रहा। बुढ़ाना में वक्फ संपत्तियों के उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। जामा मस्जिद कस्बा बुढ़ाना में जमीयत उलमा ए हिंद तथा जमाअत इस्लामी हिंद के संयुक्त संयोजन में संचालित हेल्प डेस्क चौबीसों घंटे सक्रिय रहते हुए लोगों की निरंतर सहायता कर रही है। देर रात से लेकर सुबह तक हेल्प डेस्क पर भारी भीड़ उमड़ रही है जिसमें कस्बे के साथ साथ गांव देहात एवं दूर दराज़ के क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। रात भर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते लोगों की लंबी कतारें इस बात का प्रमाण हैं कि वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन के प्रति जनता में गंभीरता, जिम्मेदारी और जागरूकता काफी बढ़ गई है। लोग अपने दस्तावेज़ों को समय रहते पोर्टल पर अपलोड कराने के लिए बेहद तत्पर दिख रहे हैं। संयुक्त टीम के पदाधिकारी निरंतर सेवा में लगे हुए हैं। वे दस्तावेज़ों की जांच, ऑनलाइन फॉर्म भरने में मदद, त्रुटियों को दूर करने तथा पूरी प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने का कार्य कर रहे हैं। यह प्रयास वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, सुनिश्चित करने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम साबित हो रहा है। जमीयत उलमा ए हिंद और जमाअत इस्लामी हिंद के डॉक्टर शाहनवाज, मौहम्मद आसिफ कुरैशी सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि हेल्प डेस्क पर आने वाले लोगों को हर चरण में स्पष्ट एवं सरल मार्गदर्शन दिया जा रहा है। तकनीकी रूप से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को बेहद सुचारू रूप से पूरा कराने में सहयोग कर रहे हैं। कस्बे के वरिष्ठ समाजस.ेवी तौसीफ राही सहित क्षेत्र के अनेक लोगों ने इस संयुक्त पहल की सराहना की। उनका कहना है कि यह हेल्प डेस्क खासतौर से उन लोगों के लिए बेहद लाभदायक है जिनके पास इंटरनेट सुविधा, तकनीकी दक्षता या संसाधनों की कमी है। अंत में जिम्मेदार पदाधिका.रियों ने अपील की है कि जिन वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन अभी तक नहीं हो पाया है उनके संबंधित लोग आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ तत्काल हेल्प डेस्क से संपर्क कर अपनी प्रक्रिया पूरी कराएं। किसी भी समस्या या मार्गदर्शन हेतु जामा मस्जिद बुढ़ाना में स्थित हेल्प डेस्क पर मदद उपलब्ध है। हेल्प डेस्क पर क़ारी अब्दुल्लाह गोरी, समीर सलमानी, हाफिज मुदस्सिर उस्मानी, मुज़म्मिल उस्मानी, क़ाज़ी अकलीम सिद्दीकी, राशिद मलिक चंधेडी, वसीम सलमानी, अली उस्मान और अर्श अहमद आदि लोग लगातार उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं प्रदान करने में लगे हुए हैं।



# गन्ने की पर्ची पर बढ़ा हुआ मूल्य अंकित न किए जाने पर भड़के भाकियू तोमर अध्यक्ष

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) कि एक मिटिंग गांव सिखरेडा मे जिला उपाध्यक्ष साऊद हसन के आवास पर हुई जहां भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर का पंचायत मे मौजूद किसानो ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया और पंचायत मे किसानो का दर्द छलका संगठन के चीफ को किसानो ने बताया कि अभी सरकार ने 30 रू बढोतरी कि घोषणा कि थी लेकिन अभी तक शुगर मील कि पर्चियो पर गन्ने का नया रेट अभी तक घौषित नही हुआ चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि जिला प्रशासन ओवरलोड वाहनो पर पूरी तरह से रोक लगाये क्योकि आये दिन ओवरलोडिंग वाहनो कि वजह से सडक दुघर्टना हो रही और जिस तरीके से गन्ने के ट्रैक्टर ट्रॉली ओवरलोड सडक पर दौड रहै है और लोगो मौत का कारण बन रहै उन्होने बताया कि कुछ समय पहले रामराज मे एक कार धब गयी थी और लोगो को भयानक चोटी भी आये उन्होने कहा कि अगर जल्द समाधान नही होता है तो संगठन के बडा ऐलान कर आंदोलन करेगा जिसके जिम्मेदारी खुद मुजफ्फरनगर प्रशासन कि होगी दूसरी और चौधरी संजीव तोमर ने एक बडा ऐलान भी किया उन्होंने कहा कि किसानों कि समस्याओं को लेकर संगठन 13 दिसंबर को किसानो कि समस्याओ को लेकर उत्तराखंड मुख्यमंत्री के कार्यालय का घेराव करेगा चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि हमारी प्रमुख मांगे रहैगी गन्ने का भाव 500 रू क्विटल किया जाऐ और बकाया भुगतान जल्द से जल्द किया जाऐ किसानो से टोल टैक्स या रोड टैक्स मे से एक चीज ली जाऐ गढ्ढा मुक्त सडक होनी चाहिए पहाडी किसानो को ख्रषि यंत्र फी दी जाऐ खेत से मंडी तक ट्रांसपोर्ट खर्च सरकार को देना चाहिए किसानो को भी 60 वर्ष के 10000 रू महीना पेशन दी जाऐ ऐसे ही 24 सूत्रीय का ज्ञापन मान्य मुख्यमंत्री को सौपा जाऐगा और उनका समाधान भी कराया जाऐगा पंचायत मे मौजूद सभी किसानों ने अपने दोनो हाथ उठाकर पूर्ण समर्थन भी किया इस मौके पर मुख्य रूप राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी कार्यकारिणी प्रदेश प्रभारी अजय त्यागी जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी युवा जिला सोनू चौधरी हारुन हनी बालियान सोनू आसिफ आदि मौजूद रहे।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से आवारा गाय मरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बीती देर रात किसी अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर लगने से गंभीर रुप से घायल हुई एक आवारा गाय को जब समय पर उपचार नहीं मिला और वह पूरी रात भयंकर सर्दी में खुले आसमान के नीचे पड़ी तड़पती रही तो उसने आज शुक्रवार की सुबह दम तोड दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव चंधेडी के पास बीती बृहस्पतिवार की देर रात चारे और पानी की तलाश में इधर उधर भटक रही एक भूखी प्यासी गाय को किसी अज्ञात वाहन के चालक ने उस समय जोरदार टक्कर मार दी जब वह सड़क किनारे थी।

घायल गाय की किसी भी व्यक्ति ने सुध नहीं ली और वह पूरी रात घायल अवस्था में सड़क के किनारे पड़ी हुई तड़पती रही। आज शुक्रवार की सुबह आते जाते राहगीरों में से किसी व्यक्ति ने इसकी सूचना वन विभाग बुढ़ाना को दी तो वन विभाग से हुसैन अहमद अपनी टीम को लेकर मौके पर पहुंचे तो उनको गाय को जख्मी हालत में देख पशु विभाग के अधिकारी को फोन किया तो पशु विभाग लेट पहुंचा तब तक गाय इलाज के अभाव में दम तोड चुकी थी। तब वनकर्मियों ने इसकी सूचना बुढ़ाना ब्लाक के बीडीओ सतीश कुमार और बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव को दी तो उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर जेसीबी की सहायता से मृत गाय कोघ् वहीं पर गहरा गड्ढा खुदवाकर दबवा दिया। यह घटना गांव चंधेडी के समीप की बताई गयी है। कुल मिलाकर क्षेत्र में गायों की दुर्गति हो रही है।

### इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल के बच्चों को स्काउट गाइड का दिया प्रशिक्षण



**मोरना।** मोरना मे शुक्रताल मार्ग पर स्थित इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को तीन दिवसीय स्काउट एन्ड गाइड शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रबंधक विराज तोमर ने फीता काटकर किया। जिसके बाद राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित मुख्य जिला स्काउट प्रशिक्षक आयुष चौधरी ने बच्चों को स्काउट गाइड प्रशिक्षण दिया। पहले दिन छात्रों को प्रार्थना, ध्वज गीत, स्काउट-गाइड के नियम, विभिन्न प्रकार की तालियां तथा शिविर गान का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण में सहायक प्रशिक्षक सिद्धार्थ कुमार तथा प्रशिक्षक शिवानी पाल ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कक्षा 4 से 11 तक के सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यालय परिसर में कैंप को सफल बनाने में समस्त विद्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। स्काउट कैंप का आयोजन तीन दिनों तक जारी रहेगा।

# समाजसेवी मनीष चौधरी के प्रयासों से सऊदी से स्वदेश लौटा रिजवान

**मुजफ्फरनगर।** कुछ दिन पूर्व न्याजुपुरा निवासी रानी पत्नी फिरोज खान अपने परिजनों के साथ राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष मनीष चौधरी से मिली थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि थानाभवन निवासी आरिफ ने उनके पुत्र रिजवान को नौकरी दिलाने का झांसा देकर सऊदी भेजा, जहां पहुंचते ही रिज़वान फंस गया। रानी ने बताया था कि एजेंट आरिफ ठगी करने के साथ-साथ परिवार को धमकियां भी दे रहा था। इसी दौरान उन्होंने अपने बेटे को स्वदेश वापस लाने की गुहार मनीष चौधरी से लगाई थी। इस शिकायत के बाद मनीष चौधरी ने 18 नवंबर को मामले को गंभीरता से उठाते हुए पीड़ित परिवार की व्यथा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचाई। मामले में ठोस कार्रवाई की मांग करते हुए अधिकारियों का ध्यान रिज़वान की गंभीर स्थिति की ओर आकर्षित किया।

शुक्रवार को मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए मनीष चौधरी ने बताया कि यह ईश्वर की ख्रपा और अधिकारियों के सहयोग का परिणाम है कि सऊदी में फंसा युवक रिज़वान सकुशल वापस लौट आया है। हमने परिवार की बात को अफसरों तक पहुंचाया और आंदोलन का ऐलान किया तो अफसरों की कार्यवाही के दबाव में एजेंट आरिफ को भी वहां जाकर रिज़वान के पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज रिलीज कराने पड़े तथा उसे भारत भेजने की व्यवस्था करनी पड़ी।

वापसी के बाद रिज़वान खान ने अपने आवास पर मनीष चौधरी को सम्मानित किया रिजवान ने बताया कि वापस भेजने के नाम पर तीन लाख रुपये मांगे जा रहे थे। मुझे एक तरह से बंधक बना लिया गया था। इस दौरान भारत लो.कसेवक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केपी चौधरी, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद जबर मोहम्मद इमरान फिरोज खान, मोहम्मद आशु और आसपास के अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# हिंदू संघर्ष समिति मिली डीएम से

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म संसद का आयोजन करने वाली हिंदू संघर्ष समिति जिला अधिकारी उमेश मिश्रा से मिली। जिलाधिकारी को हिंदू संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सभी महत्वपूर्ण बिंदु बताए। साथ ही सनातन धर्म संसद को सफल बनाने के लिए लॉ एंड ऑर्डर की मांग की।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने हिंदू संघर्ष समिति को हर स्तर पर लॉ एंड ऑर्डर की साथ - साथ अन्य बातों को भी पूरा करने का आश्वासन दिया। हिन्दू संघर्ष समिति ने एस.एस.पी संजय कुमार वर्मा से दो दिन पूर्व मिलकर सभी महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी दे चुकी हैं। जिलाधिकारी ने हिंदू संघर्ष समिति से अधिक से अधिक वोट बनवाने का आवाहन भी किया। जिस कारण 18 वर्ष से अधिक आयु का हर नागरिक आम चुनाव में मतदान कर सकेगा।

जिलाधिकारी को सत्यप्रकाश रेशू अग्रवाल, नरेंद्र पवार, अरूण प्रताप सिंह आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि सनातन धर्म संसद में वोट बनवाने का जनजागरण भी मजबूताई से किया जा रहा है। क्योंकि सनातन धर्म संसद लोकतन्त्र में वोट का महत्त्व समझती है। जिला प्रशासन के अनुसार सनातन धर्म संसद को हर प्रकार का लॉ एंड ऑर्डर देने की मजबूत व्यवस्था कर दी गई है। जिससे महामंडलेश्वर, पूज्य संत, कवि, पत्रकार, लेखक, किसान, मजदूर, व्यापारी, आदि सनातन धर्म संसद में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सके। जिलाधिकारी को यह भी बताया गया कि सनातन धर्म संसद में 7 दिसंबर को प्रस्तावित पत्र भारत सरकार के राज पुरोहित डॉ सीता रमन रमा शास्त्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपेंगे।

जिलाधिकारी से मिलते समय सत्यप्रकाश रेशू अग्रवाल, नरेंद्र पवार, अरूण प्रताप सिंह, मनोज पाटिल, बिजेंद्र धीमान, चमन लाल कूकि, देशराज चौहान, रिषभ जैन, अंकुर जैन, पवन पांचाल, डॉ संजीव, पंकज त्यागी, सतीश मालिक दीपक शराफ आदि शामिल रहे।



### खतौली में अधिवक्ता दिवस पर रोटरी क्लब ने किया अधिवक्ताओं का सम्मान

**खतौली।** शिवलोक मार्केट स्थित रोटरी भवन में भारत रत्न एवं देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिवक्ता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब खतौली के अध्यक्ष पीयूष जैन, सचिव अतुल जैन, कोषाध्यक्ष गौरव जैन, ध्रुव जैन सीए और कार्यक्रम संयोजक रो. विभू शर्मा ने टैक्स, सिविल एवं क्रिमिनल बार के समस्त अधिवक्ताओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश आर्य और पूर्व अध्यक्ष सरदार जितेंद्र सिंह ने कहा कि अधिवक्ता समाज में न्याय की रक्षा और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम का संचालन रो. अलित जैन ने किया। बार संघ खतौली के अध्यक्ष नवीन उपाध्याय और वरिष्ठ अधिवक्ता श्रवण सोम ने रोटरी क्लब द्वारा किए गए सम्मान के लिए आभार प्रकट किया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र त्यागी, प्रमोद शर्मा, पूर्व महासचिव सचिन आर्य, सह सचिव रोशनी सैनी, सन्नी काज़ी, शाज़ेब इकबाल, अभिषेक गोयल, दानिश काज़ी, अनुज जैन, अब्दुल समद सहित अनेक अधिवक्ता एवं समाजसेवी सतीश चंद्र गुप्ता, नीरज अग्रवाल, मनोज जैन, सीए रेमन गुलाटी आदि उपस्थित रहे।

# पुरकाजी राजकीय इंटर कॉलेज में लगा कैरियर काउंसलिंग मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** बिजली घर के पास राजकीय इंटर कालेज में आज उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत कैरियर काउंसलिंग मेले का चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारूकी ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर शुभारम्भ किया कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्रओं के उत्साह वर्धन हेतु शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई छात्र छात्रओं को भविष्य में मार्गदर्शन हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी किताब दी गई 140 छात्र छात्रओं ने कैरियर काउंस.लिंग मेले में भाग लिया छात्र छात्रओं को मेडिकल कॉर्स की जानकारी के साथ आज ब्यूटीशियन कोर्स की जानकारी दी गई इसका डिप्लोमा भी कौशल विकास मिशन द्वारा जारी किया जायेगा और डिप्लोमा धारकों को सरकार द्वारा दो लाख रुपये तक का लोन 14 साल से 35 वर्ष आयु तक के लिए दिया जाएगा जो कि 5: ब्याज पर दिया जाएगा जिसमें 25: की सब्सिडी सरकार देगी कैरियर काउंसलिंग मेले में छात्र छात्रओं और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारुकी ने कहा कि सभी बच्चों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करके शिक्षा हासिल करनी है पढ़ाई का टाइम टेबल बनाकर पढ़ना है मां बाप और गुरुओं को सर्वोपरि रखना है उनका हर कहना मानना है और जीवन में हमेशा अपने परिवार और समाज के साथ देश के लिए जीना है किसी भी परिस्थितियों में आत्म हत्या जैसी घटिया सोच को अपने आस पास नहीं आने देना है अभिभावकों से भी कहा कि गुरुओं और मां बाप की पिटाई और डांट से भविष्य बनते हैं इसलिए गुरुओं को बच्चों के लिए पूरी छूट दें पुरकाजी से हमें भविष्य में पै और प्चै के साथ जज चाह रहे हैं बच्चों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया चेयरमैन पुरकाजी ने कोलिज की प्रधानाध्यापक प्रीति चौधरी के मैनेजमेंट की और सभी अध्यापकों की मेहनत की जमकर तारीफें की




# छूट का लाभ उठाने को पुरकाजी में विद्युत विभाग ने करायी मुनादी

**पुरकाजी।** पहली बार मूलधन पर विशेष छूट का लाभ उठाएं विद्युत उपभोक्ता एसडीओ मिली जानकारी के अनुसार उपखंड अधिकारी कपिल मुनि के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम द्वारा कस्बे में ढोल नगाड़ों के साथ जागरूकता रेली निकाली गई जिसमें उपभोक्ताओं को बिजली बिल राहत योजना के लिए जागरूक किया गया उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बिजली बिल राहत योजना लागू कर विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों में तथा विद्युत चोरी के प्रकरणों में राजस्व निर्धारण धनराशि में विशेष छूट का अवसर दिया गया है जिसके तहत उपभोक्ताओं द्वारा प्रथम द्वितीय अथवा तृतीय चरण की अवधि में पंजीकरण कराने पर पंजीकरण तिथि तक के अविलंब भुगतान अधिकार में छूट दी जाएगी प्रथम चरण में पंजीकरण करा कर 30 दिनों मे पूर्ण भुगतान करने पर 25: की छूट एवं द्वितीय चरण में पंजीकरण करा कर 30 दिनों में पूर्ण भुगतान करने पर 20: की छूट एवं तृतीय चरण में पंजीकरण उपभोक्ताओं को पंजीकरण के उपरांत 30 दिनों तक पूर्ण भुगतान करने पर 15 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी यह योजना 1 दिसंबर से लागू होगी विद्युत बिलों में छूट का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा पंजीकरण कराने के लिए उपभोक्ताओं को 2000 धनु राशि का भुगतान पंजीकरण के समय करना होगा विद्युत उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए निकल गई जागरूकता रैली में मुख्य रूप से उपखंड अधिकारी कपिल मुनि अवर अभियंता चंद्र प्रकाश दिलशाद अली वसीम अंसारी मधु कुमार अंशुल कुमार सद्दाम चौधरी मुकेश नसीम अहमद शमीम अहमद आदि विद्युत अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# राशन डीलरों ने किया कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के बैनर तले जनपदभर के राशन डीलरों ने शुक्रवार को शामली कलक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान डीलरों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन एडीएम सत्एन्द्र सिंह को सौंपते हुए उत्तर प्रदेश के उचित दर विक्रेताओं का खाद्यान्न व चीनी पर मिलने वाला लाभांश बढ़ाने तथा मिनिमम इनकम गारंटी लागू किए जाने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि कोरोना काल जैसी विषम परिस्थितियों में भी उत्तर प्रदेश के कोटेदारों ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निशुल्क राशन का वितरण पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से किया। कोटेदारों ने अपने तथा अपने परिवार के जीवन की परवाह किए बिना सरकार के निर्देशों के अनुसार ई-पॉस मशीन से सफलतापूर्वक वितरण कार्य को अंजाम दिया, जिसकी सराहना देशभर में की गई और भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया।डीलरों ने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोटेदारों को मात्र 90 रूपए प्रति कुंतल का लाभांश दिया जा रहा है, जबकि अन्य राज्यों में यह राशि कहीं अधिक है। हरियाणा में 200 रूपए, गोवा में 220 रूपए, केरल व दिल्ली में 200 रूपए प्रति कुंतल लाभांश, जबकि गुजरात में 20 हजार रूपए की मिनिमम इनकम गारंटी दी जा रही है।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश के कोटेदार आयुष्मान कार्ड, किसान फार्मर रजिस्ट्री, एसआईआर वोटर लिस्ट संशोधन जैसे अन्य सरकारी कार्यों में भी सहयोग कर रहे हैं। डीलरों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो 28 जनवरी से वे अनिश्चितकालीन धरना- प्रदर्शन व विधानसभा घेराव करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ठाकुर श्याम सिंह, राजेंद्र भगत, सलेक वर्मा, इमरान खान, देवेन्द्र कुमार, राममेहर सिंह, रणधीर सिंह, सोहनलाल आदि मौजूद रहे।

## मारपीट व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव नगलाराई निवासी शाहवेज ने तहरीर देते हुए बताया था कि उसका दोस्त जुबेर अंसारी मोबाइल्स की दुकान पर फोन की किस्त आदि जमा करने के लिए गया था किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद दुकान संचालक फुरकान ने जुबेर की बात अनसुनी करते हुए उसका मोबाइल बंद कर दिया। जुबेर द्वारा किस्त भरने के बाद फोन चालू करने का आग्रह करने पर उसका मोबाइल चालू नही किया गया और दुकान पर मौजूद शमीम नामक युवक को बुला लिया गया। आरोप है कि शमीम व एक अन्य युवक वहां पहुंचे और जुबेर को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।पीड़ित का कहना है कि उसने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी और अपशब्द कहे। पूरा घटनाक्रम दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात भी पीड़ित ने कही है।

# भाकियू ने उठाए आमजन से जुड़े मुद्दे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के पदाधिकारियों ने किसानों एवं आम नागरिकों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर देश की राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहस. ीलदार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने किसानों की आय, सामा. जिक सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा एवं कर्जमाफी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि देश का अन्नदाता किसान आज गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। महंगाई, प्राकृतिक आपदाओं, फसलों का उचित मूल्य न मिलना और कर्ज का बढ़ता बोझ किसानों की कमर तोड़ रहा है। ऐसे में किसानों के हित में ठोस एवं प्रभावी निर्णय लिया जाना आवश्यक है। भाकियू अंबावता ने प्रमुख रूप से एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की मांग करते हुए कहा कि यदि किसी भी फसल की खरीद



एमएसपी से कम मूल्य पर की जाती है तो संबंधित पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए, जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके। इसके साथ ही विधवा एवं बुढ़ापा पेंशन पूरे देश में समान रूप से लागू करने की मांग की गई, ताकि बुजुर्गों और विधवा महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सके। संगठन ने शिक्षा और चिकित्सा को पूरे भारत में निशुल्क किए जाने की भी मांग उठाई, ताकि आर्थिक कमजोरी के कारण कोई भी नागरिक अपने बच्चों की पढ़ाई या इलाज से वंचित न रहे। इसके अलावा संपूर्ण किसानों का देशभर में कर्ज माफ करने की मांग करते हुए कहा गया कि किसान लगातार आर्थिक दबाव और घाटे से परेशान है। ज्ञापन में अनाज की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाने की मांग भी की गई ताकि गरीब और मध्यम वर्ग को सस्ती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2016 में किसानों की आय दोगुनी करने की घोषणा का हवाला देते हुए इस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनय चौहान, जिला सचिव संजीव शर्मा, संजीव राणा, करणपाल सिंह मौजूद रहे।

# भूमि से अवैध आवासीय निर्माण को किया ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में विच. ाराधीन मूल वाद के अनुपालन में शुक्रवार को वन विभाग ने ग्राम बीबीपुर हटिया में वन भूमि पर अवैध रूप से किए गए आवासीय निर्माण को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई वन भूमि पर शमशाद द्वारा किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध नियमानुसार की गई।

शुक्रवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान के निर्देश पर पूर्व में राजस्व विभाग व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद के सात गांवों में स्थलीय पैमाइश एवं अभिलेखों का परीक्षण किया गया था। इस संयुक्त जांच के दौरान करीब 13 हेक्टेयर वन भूमि पर पक्के एवं स्थाई प्रकृति के अवैध अतिक्रमण पाए गए थे। इन सभी अतिक्रमणों को हटाने



की कार्रवाई चरणबद्ध रूप से की जा रही है। एनजीटी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि 5 जनवरी तक समस्त अवैध अतिक्रमण हटाकर उसकी अद्यतन रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जाए। उसी क्रम में बीबीपुर हटिया में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। वन विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### फर्जी यूपीआई अकाउंट बनाकर निकाली नकदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** कस्बा निवासी एक युवक का किसी अज्ञात ठग ने फर्जी यूपीआई अकाउंट बनाकर खाते से हजारों रूपए की नगदी साफ कर दी। पीड़ित ने थाने के साइबर केंद्र पर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बा निवासी युवक आयुष ने बताया कि उसका कस्बे के इंडियन बैंक में बैंक खाता है। पीड़ित का आरोप है कि किसी अज्ञात ठग ने फर्जी तरीके से उसका यूपीआई अकाउंट बना लिया। और उसके खाते से 31 हजार रूपए की नगदी साफ कर दी। पीड़ित जैसे ही अपने बैंक अकाउंट की जांच करने के लिए बैंक में पहुंचा तो बैंक कर्मचारियों ने कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। शुक्रवार को पीड़ित युवक ने थाने के साइबर केंद्र पर पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन देते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

### सेना में समीर का चयन होने पर परिवार सहित गांव में जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** गांव आमवाली निवासी होनह. ार युवक समीर पुत्र नन्हा का इंडियन आर्मी की संचार प्रणाली द्धैपहदंसेत्रः में असम में चयन होने पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। घर पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है और क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। समीर के चयन पर गांव वासियों ने गलियों में जुलूस निकाला। जुलूस में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तककृहर कोई शामिल रहा। रास्ते भर समीर का फूल.मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और देशभक्ति गीतों के बीच युवाओं ने उत्साह के नारे लगाए। समीर को देखकर माता-पिता की आंखें गर्व से नम हो गईं। परिजनों ने बताया कि वह बचपन से ही सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने का सपना देखता था और इसी लक्ष्य के लिए उसने निरंतर परिश्रम किया। वह छह महीने का कठिन सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर घर लौटा है। उसकी यह सफलता गांव सहित मुस्लिम समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। सांसद इकरा हसन व विधायक नाहिद हसन ने अपने सोशल मीडिया फेसबुक हैंडल पर समीर के चयन पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि समीर ने अपनी मेहनत, लगन और देशप्रेम से क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# खेलकूद में अशोका सदन ने कॉक ट्रॉफी जीती






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल में आयोजित 24वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में अशोका सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉक ट्रॉफी अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने एथलेटिक एवं एकेडमिक दोनों वर्गों में उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया, जिसमें अशोका सदन ने दोनों ट्रॉफियां जीतकर अपना वर्चस्व कायम किया।

बेस्ट एथलीट ऑफ द ईयर सीनियर बॉयज का खिताब टैगोर सदन के आदित्य भारद्वाज ने जीता, वहीं सीनियर गर्ल्स में अशोका सदन की राधिका बेस्ट एथलीट बनीं। जूनियर वर्ग में बेस्ट एथलीट बॉयज का खिताब अशोका सदन के वारिस को और जूनियर गर्ल्स का खिताब रमन सदन की पूर्वी को मिला। स्टूडेंट ऑफ द ईयर बॉयज का पुरस्कार 12-जी-सी के ग्रंथ कपूर तथा गर्ल्स का पुरस्कार 12-जी-सी की वैभवी को प्रदान किया गया। 100 मीटर फाइनल में सीनियर गर्ल्स वर्ग में अशोका सदन की शिवांशी, सीनियर बॉयज में टैगोर सदन के आदित्य भारद्वाज प्रथम रहे। जूनियर 100 मीटर में गर्ल्स से अशो. का सदन की दिव्या और बॉयज से अशोका सदन के समर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर फाइनल में सीनियर गर्ल्स से अशोका सदन की रिया और सीनियर बॉयज से टैगोर सदन के आदित्य भारद्वाज ने जीत दर्ज की। जूनियर वर्ग में गर्ल्स से दिव्या और बॉयज से रमन सदन के वंश मलिक प्रथम रहे। 400 मीटर फाइनल में सीनियर गर्ल्स से रिया तथा सीनियर



बॉयज से अशोका सदन के परम विजई रहे। जूनियर वर्ग में गर्ल्स से दिव्या तथा बॉयज से रमन सदन के आमान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर फाइनल में सीनियर बॉयज से टैगोर सदन के तरुण और जूनियर बॉयज से रमन सदन के वंश ने बाजी मारी। डिस्कस थ्रो में सीनियर गर्ल्स में सुभाष सदन की अदिति तथा सीनियर बॉयज में टैगोर सदन के आदित्य प्रथम रहे। जूनियर वर्ग में गर्ल्स से टैगोर सदन की मानवी और बॉयज से टैगोर सदन के युगल ने जीत दर्ज की। ट्रिपल जंप में अशोका सदन के देव शर्मा विजेता बने। रिले रेस के सीनियर गर्ल्स और सीनियर बॉयज दोनों वर्गों में अशोका सदन प्रथम रहा। वहीं जूनियर गर्ल्स और जूनियर बॉयज रिले में भी अशोका सदन ने बाजी मारी। लेडी टीचर्स 100 मीटर रेस में सुभाष सदन की तन्वी संगल तथा जेंट्स टीचर्स 100 मीटर रेस में सुभाष सदन के इन्द्रनाथ मजूमदार प्रथम रहे। प्रतियोगिता का संचालक विकास कपूर ने कियाा। उपप्रधानाचार्या तूलि. का गोयल ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रधानाचार्य डॉ। एके गोयल ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

### स्काउट गाइड को दिया व्यवहारिक प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट एंड गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन स्काउट एवं गाइड को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला सचिव डॉ। हीरा सिंह के निर्देशन में जिला संगठन आयुक्त गीता रानी एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी द्वारा स्काउट-गाइड को प्राथमिक सहायता, स्ट्रेचर बनाना, पट्टी बांधना, विभिन्न प्रकार की गांठें-बन्धन तथा टेंट लगाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने आपातकालीन परिस्थितियों में घायल व्यक्ति को सुरक्षित ढंग से सहायता पहुंचाने के तरीके भी सिखाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमित चौरसिया, प्रधानाचार्य विनोद वर्मा, पूजा मलिक, देवाशीष, अनुज सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्काउट-गाइड उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण बच्चों में अनुशासन, सेवा भावना और आपदा के समय मानव सेवा का जज्बा विकसित करने में सहायक होता है।

# वीवी कॉलेज परिसर में सीएसडी कैंटीन शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को पहली बार सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के लिए शहर के वीवी इंटर कॉलेज परिसर में सीएसडी वितरण कैंटीन का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने रिबन काटकर किया।



चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि सैनिक चाहे डडूटी पर हो या सेवानिवृत्त, वह जीवनभर देश की सेवा के लिए तत्पर रहता है। ऐसे देश के प्रहरियों को हम सैल्यूट करते हैं। इस अवसर पर एक्स सर्विसमैन वेलफेयर समिति शामली एवं जनपद के लगभग 40 पूर्व सैनिकों को गोल्डन मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया गया। सीएसडी वितरण कैंटीन के शुभारंभ अवसर पर प्रथम खरीद समिति के अध्यक्ष द्वारा चेयरमैन अरविन्द संगल से कराई गई। कैंटीन से सामान लेने आए पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को टोकन नंबर वितरित किए गए। इस अवसर पर नायाब सूबेदार रविन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य एसके आर्य, संजय संगल, कैप्टन रजनीश कौरी, डॉ। मनोज शर्मा, सतेंद्र कुमार आर्य, रामपाल सिंह, विजयपाल सिंह, विनय मलिक, विदेश कुमार, नरेंद्र सिंह, ब्रजपाल, सत्य प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मां- बेटे को मारपीट कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बा के आलाखुर्द में पुराने विवाद को लेकर एक महिला और उसके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता शकीला पत्नी समेदीन ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला आलखुर्द निवासी शकीला ने तहरीर देते हुए बताया कि करीब 12 दिन पहले मेरे पुत्र सद्दाम और अहसान पुत्र हासिम के बीच रिश्तेदारी को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके चलते दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते गत 28 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे मेरा पुत्र मुकीम घर के बाहर खड़ा था तभी अहसान, जुनैद और जुबैर पुत्रगण हासिम लाठी-डंडों से लैस होकर आए और मुकीम पर एक राय होकर हमला कर दिया।चीख-पुकार सुनकर रिहान पुत्र इस्तकार और मो. हसीना बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि जब वह बचाव के लिए आगे आई, तो आरोपियों ने उसके साथ अश्लील हरकत की और बुरी तरह मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।हमले में शकीला और मुकीम को गंभीर चोटें आईं। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर बीके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

### बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में अंशुमन ने किया शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद सहारनपुर में जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित 53वीं मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में सत्यनारायण इंटर कॉलेज शामली के छात्र अंशुमन पुत्र ब्रजपाल शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंशुमन ने जल संरक्षण एवं प्रबंधन से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा। शुक्रवार को कॉलेज प्रबंध समिति के प्रबंधक राजीव संगल ने छात्र को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में मंडल के 326 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### मारपीट के आरोप में सात नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव भूरा निवासी आर्यन पुत्र मुस्तकीम ने तहरीर देते हुए बताया कि मेरा भाई अमन गांव से बाइक पर घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही सात दबंग लोगों अहबाब उर्फ कुन्नी, तौफीक पुत्र खुशीर, अनस पुत्र इरशाद उर्फ सद्दाम, उस्मान उर्फ काला, इकबाल उर्फ बल्ला, तसव्वुर पुत्र कौसर उर्फ गुफरान निवासी ग्राम भूरा ने उसकी बाइक के आगे वाहन लगाकर रास्ता रोक लिया। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते उक्त आरो. पियों ने अमन को गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसके सिर, गर्दन, कंधे सहित शरीर के कई हिस्सों पर चोटें आई हैं।मारपीट के दौरान अमन के शोर मचाने पर फैसल पुत्र राशिद और आसिफ पुत्र जाविद सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि लोगों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना में फैसल को भी चोट लगी है।

# भिखारी के साथ मारपीट का लाइव वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर भीख मांग रहे एक भिखारी के साथ दो लोगों ने जमकर मारपीट की मारपीट का लाइव वीडियो पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया और किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को सीसीटीवी फुटेज का एक वीडियो तेजी के साथ वायरल हो गया वायरल वीडियो में दावा किया गया कि दो लोग बेरहमी से एक दिव्यांग भिखारी के साथ मारपीट कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे आरोपी दिव्यांग भिखारी के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं और कई लोग मारपीट का तमाशा देखते हुए नजर आ रहे हैं। इंसानियत को शर्मसार कर देना वाला



यह वीडियो तेजी के साथ सोशल साइटों पर वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो पर कई लोगों ने कई तरह के कमेंट भी किए हैं। समाचार लिखे जाने तक मारपीट का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि वायरल वीडियो की जानकारी संज्ञान में आई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# एचटी लाइन का तार टूट कर खेतों में गिरा, गन्ने की फसल जल कर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी तीन किसानों के गन्ने के खेत में एचटी लाइन का विद्युत तार टूट जाने से 14 बीघा फसल जलकर राख हो गई। राष्ट्रीय लोकदल के नेता ने मामले की शिकायत विद्युत विभाग को की। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मुआवजे का आश्वासन दिया है। विकासखंड क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी किसान, नरेंद्र, हरपाल, सतपाल ने बताया कि उनके खेतों के ऊपर से विद्युत विभाग की एचटी लाइन जा रही है। विधुत लाइन काफी दिनों से जर्जर हालत में है और जमीन से झूल रही है। शिकायत के बावजूद भी विद्युत विभाग के कर्मचारी समस्या का निस्तारण नहीं करते। शुक्रवार को एचटी लाइन का तार टूट कर किसानों



के खेत में गिर गया और चिंगारी उठ जाने से तीनों किसानों की 14 बिघा फसल जल गई। खेत में लगी आग की सूचना पाकर मौके पर दर्जनों ग्रामीण पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया मगर तब तक फसल जलकर राख हो चुकी थी। जानकारी मिलते ही मौके पर राष्ट्रीय रोक दल के नेता राजन जावला पहुंचे और मामले की शिकायत विद्युत विभाग के अधिका. रियों से की। मौके पर एसडीओ आशीष वास्तव, जैई, इरफान व अन्य कर्मचारी पहुंचे और किसानो के खेतों का मौका मुआयना किया। किसानों सहित रालोद नेता ने हंगामा किया और मुआवजे की मांग की। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने जल्दी निस्तारण का आश्वासन दिया।

# अतिक्रमण बना मुसीबत, मुख्य बाजार में आए दिन लगता है जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मुख्य चौक बाजार में अवैध अतिक्रमण और बेत.रतीब खड़े ई-रिक्शों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। हालात यह हैं कि सुबह से लेकर शाम तक व्यस्त समय में बाजार से होकर गुजरना लोगों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं रहा। जाम के कारण पैदल चलने वाले राहगीरों और खरीदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानदारी बढ़ाने के नाम पर कई दुकानदारों ने सड़क तक सामान फैला रखा है, जिससे मार्ग काफी संकरा हो गया है। वहीं ई-रिक्शा चालक मनमाने ढंग से सड़क किनारे वाहन खड़े कर देते हैं, जिसके चलते जाम की समस्या और गहरी हो जाती है। इसके अलावा चौक पर आवागमन नियंत्रित करने के लिए न तो ट्रैफिक पुलिस की तैनाती होती है और न ही अतिक्रमण हटाने की नियमित कार्रवाई। नागरवासियों ने बताया कि इस समस्या से निजात दिलाने के लिए उन्होंने कई बार पुलिस और प्रशास.निक अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर मुख्य चौक से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है। लेकिन शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से लोगों में रोष व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं, जबकि स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि बाजार में नियमित अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाया जाए और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू किया जाए, ताकि आमजन राहत की सांस ले सके।

# चौ. नरेश टिकैत ने किया सोसाइटी का उद्घाटन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव दभेड़ी खुर्द में नवगठित सोसायटी का भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने धूमधाम के साथ उद्घाटन किया। साथ ही सामान्य निकाय की बैठक भी आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जमील अमीर ने की, जबकि संचालन वसीम झिंझानवी द्वारा किया गया।

शुक्रवार को क्षेत्र के गांव दभेदी खुर्द में भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने नवगठित सोसायटी का उद्घाटन किया। इस दौरान भारी संख्या में क्षेत्र के किसानों ने भाग लेकर अपने विचार रखे और नई समिति के गठन पर सरकार का आभार व्यक्त किया। किसानों का कहना था कि समिति बनने से उन्हें काफी लाभ मिला है।

बैठक के मुख्य अतिथि चौधरी नरेश टिकैत ने किसानों को कम खर्च में खेती करने, बच्चों की शिक्षा पर जोर देने और मेहनत को प्राथमिकता देने की सलाह दी। जावेद तोमर ने कहा कि नई समिति बन जाने से किसानों को रोजमर्रा की खाद और बीज उपलब्ध कराने में आसानी होगी।कुलदीप पंवार, आशीष चौधरी और दीपक शर्मा ने भी अपने विचार रखे। सामान्य निकाय की वार्षिक बैठक में उपस्थित सदस्यों ने समिति के सचिव सोमपाल सिंह और चौधरी असजद का समिति के गठन पर धन्यवाद किया। इस दौरान ग्राम प्रधान चौधरी सरवर,चौधरी जमशेद, वसीम चौधरी, इस्लाम मियाजी, अख्तर प्रधान, गुलशाद, कौसर प्रधान, तनवीर प्रधान, मुशर्रफ, आमिर अली, सादिक अली, कलीम हसन, शमशेर जंग, बिलाल अमजद आदि मौजूद रहे।

# गल्ले से 20 हजार की चोरी, सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मुख्य चौक बाजार स्थित एक किराना दुकान में घुसकर गल्ले से 20 हजार रूपए नकदी पर हाथ साफ कर दिया गया। वारदात दो मिनट के भीतर अंजाम दी गई और पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चार दिनों में चोरी की यह दूसरी घटना होने से व्यापारियों में दहशत फैल गई है।

मोहल्ला बेगमपुरा निवासी प्रवीण कुमार पिछले लगभग 55 वर्षों से कस्बे के मुख्य चौक बाजार में किराना दुकान संचालित कर रहे हैं। मंगलवार को वह दुकान खुली छोड़कर कुछ देर के लिए बाहर गए थे। लौटकर आए तो गल्ले में रखी करीब 20 हजार रूपए की नकदी गायब मिली। संदेह होने पर उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चेक की, जिसमें एक बालक दुकान में दाखिल होता दिखाई देता है। फुटेज में वह इधर-उधर देखकर दुकान का गल्ला खोलता है और नोटों की गड्डी जेब में डालकर तेजी से फरार हो जाता है। इतनी कम देर में चोरी की घटना को अंजाम देते देख हर कोई हैरान है। घटना की फुटेज सोशल मीडिया पर भी तेजी से प्रसारित हो रही है।पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, चार दिन पूर्व थाना के सामने बार्बर की दुकान से दो लाख रूपए की चोरी का खुलासा अभी नहीं हो पाया था कि एक और चोरी ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रही चोरी की वारदातों से व्यापारी वर्ग में रोष है, जबकि पुलिस की निष्क्रियता के चलते अज्ञात चोरों के हौसले बुलंद बताए जा रहे हैं।

# बिजली कनेक्शन के लिए वृद्ध, काट रहा अधिकारियों के चक्कर, रुपये मांगने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा एलम निवासी सेवानिवृत्त ब्लॉक कृषि अधिकारी रणवीर सिंह पिछले कई महीनों से घरेलू विद्युत कनेक्शन लेने के लिए ऊर्जा निगम के चक्कर काटते-काटते थक चुके हैं। पीड़ित वृद्ध ने आरोप लगाया है कि कनेक्शन के नाम पर ऊर्जा निगम के अधिकारी उससे 40 हजार रूपए की मांग कर रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने ऊर्जा निगम के उच्चाधिकारियों से लेकर उत्तर प्रदेश ऊर्जा मंत्री तक को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को ऊर्जा निगम के एक्शन के समक्ष पहुंचे वृद्ध व्यक्ति रणवीर सिंह ने बताया कि वह हरियाणा में ब्लॉक एग्रीकल्चर ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में अपने परिवार के साथ कुरुक्षेत्र में रहते हैं। इन दिनों वह कस्बा एलम में अपना नया मकान बनवा रहे हैं। इसी के लिए उन्होंने मई माह से घरेलू विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन किया था। पीड़ित का कहना है कि उनके घर के बिलकुल सामने ही बिजली का खंभा लगा हुआ है, इसके बावजूद महीनों बीत जाने पर भी कनेक्शन नहीं दिया जा रहा।आरोप है कि ऊर्जा निगम के अधिकारी बार-बार बिजलीघर बुलाकर उन्हें टालते आ रहे हैं और कनेक्शन देने के बदले 40 हजार रूपए की मांग की जा रही है। रूपए न देने पर फाइल आगे नहीं बढ़ाई जा रही। शुक्रवार को वह कुरुक्षेत्र से विशेष रूप से कांधला बिजलीघर पहुंचे और एक्सईएन रविंद्र सिंह, एसडीओ आशीष वास्तव, जेई व अन्य कर्मचारियों पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया।पीड़ित रणवीर सिंह ने मामले की लिखित शिकायत ऊर्जा मंत्री को भेजकर संबंधित अधिका.रियों के खिलाफ कार्रवाई तथा जल्द से जल्द उनका विद्युत कनेक्शन जारी कराने की मांग की है। एसडीओ आशीष वास्तव ने बताया कि, मामला संज्ञान में आया है मामले की खुद जाकर जांच करेंगे।

## एक नजर

### सड़क सुरक्षा अभियान चलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को अपर दोआब शुगर मिल शामली के केन यार्ड में ठंड व घने कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उद्देश्य से विशेष जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित राजपूत व चीनी मिल के उप महाप्र.बंधक गन्ना दीपक राणा ने किसानों द्वारा लाए गए गन्ने की ट्रालियों एवं ट्रकों पर रिफ्लेक्टर और रेडियम पट्टियां लगवाईं। इस अवसर पर एसआरटीओ ने ट्रक व ट्रॉली चालकों को कोहरे के समय सावधानीपूर्वक वाहन चलाने, गति नियंत्रित रखने, लाइट व रिफ्लेक्टर का अनिवार्य उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटी-सी सावधानी जान-माल की बड़ी हानि से बचा सकती है। मौके पर उपस्थित मिल अधिकारियों ने भी किसानों एवं वाहन चालकों से अपील की कि वे सुरक्षा नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं ट्रकों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए।

### सीओ-कोतवाल ने संभ्रांत लोगों के साथ की बैठक






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली प्रांगण में शुक्रवार को सीओ कैराना हेमंत कुमार व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने संभ्रांत लोगों, ग्राम प्रधानों व सभासदों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में सीओ ने उपस्थित लोगों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को जनसहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी समय किसी अनजान या संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई देने की सूचना मिलती है, तो इसकी तुरंत जानकारी पुलिस को दें।सीओ हेमंत कुमार ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी का दायित्व है कि वे अपने आसपास की गतिविधियों पर सतर्क निगाह रखें और आपरा.धिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस का साथ दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और हर हाल में कानून का राज कायम रखा जाएगा।बैठक में उपनिरीक्षकों सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

### आज से शुरू दो दिवसीय रतीराम स्मृति दंगल

**चौसाना।** क्षेत्र के दथेडा गांव में शनिवार से दो दिवसीय स्वर्गीय रतीराम स्मृति दंगल की शुरुआत हो रही है। हर वर्ष की तरह इस बार भी दंगल को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। दंगल की फाइनल एक लाख रूपए की मशहूर कुश्ती चिराग लाड़पुर के साथ कराई जाएगी, जिसके लिए अखाड़े में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चौसाना क्षेत्र के दथेडा दंगल के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध बॉक्सर, अर्जुन अवार्डी मनोज कुमार शामिल होंगे, जबकि अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं डीएसपी जितेंद्र सरगम भी विशेष अतिथि रहेंगे। आयोजक हेड कस्टेबल सितम सिंह ने बताया कि यह दंगल वे अपने स्वर्गीय पिता रतिराम की याद में हर वर्ष आयोजित करते हैं। आयोजन में पूरा दथेडा गांव बढ़-चढ़कर सहयोग करता है और ग्रामीण स्वयं तैयारी व प्रबंधन में हाथ बंटाते हैं। दंगल की प्रसिद्धि को देखते हुए इस बार हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तराखंड से सैकड़ों नामी पहलवानों के पहुंचने की सूचना है। बड़े मुकाबलों के कारण स्थानीय युवाओं और आसपास के क्षेत्रों के कुश्ती प्रेमियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने सुरक्षा, पानी, बैठने की व्यवस्था सहित सभी सुविधाओं को अंतिम रूप दे दिया है। दो दिनों तक चलने वाले इस दंगल में रोमांचक कुश्तियों के बीच दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। खेलप्रेमियों का कहना है कि दथेडा में होने वाला यह दंगल क्षेत्र की खेल परंपरा और कुश्ती संस्कृति को नई ऊंचाई देता है।

# बीपीएन जूनियर हाई स्कूल की एथलेटिक मीट में धमाकेदार प्रदर्शन, कई खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के बी।पी।एन। जूनियर हाई स्कूल में चल रही वार्षिक एथलेटिक मीट में खेल के दुसरे दिन छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर माहौल को रोमांचक बना दिया। विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए फाइनल में जगह बनाई।खो-खो प्रतियोगिता में बोस हाउस और नायडू हाउस की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करके फाइनल में प्रवेश किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में सद्दाम, सूर्य और सर्वेश ने बेहतरीन छलांग लगाते हुए क्वालीफाई किया। वहीं छोटे बच्चों की 50 मीटर दौड़ में अंश, अरहान, अम्माल, अथर और अमल ने अपनी गति का प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई।50 मीटर रिले रेस में आरिश, आर्ची और हरमन हुसैन ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। ऊंची कूद में अक्षरा और अर्शी ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि जूनियर वर्ग में समीर, साद और अजित ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए फाइनल में जगह बनाई।प्रबंधक कुशांक चौहान ने बताया कि शनिवार, 6 दिसंबर 2025 को सभी फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिसके बाद विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किए जाएंगे साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दल को चौंपियंस ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बी।पी।एन। स्कूल का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ाना है। प्रतियोगिता में बच्चों की ऊर्जा व प्रतिभा देखकर गर्व महसूस होता है। हमारा लक्ष्य है कि छात्र भविष्य में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल का नाम रोशन करें।

## बाइक के आगे आया बंदर ,बाइक सवार मासूम सहित मां बेटा घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव नानूपुरी के समीप बाइक सवार के आगे बंदर आ जाने से बाइक पर सवार एक मासूम सहित मां, बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।



सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने महिला व उसके पुत्र की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया है। बाबरी थाना क्षेत्र के गांव कुरमाली निवासी सलमान पुत्र मामू अपनी 3 वर्षीय बेटी, सिफा,व मां आशिया के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में कस्बे में आ रहे थे। बाइक सवार मां,बेटा जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव नानूपुरी के समीप पहुंचे तो बाइक सवार के आगे एक बंदर आ गया। बाइक के आगे बंदर आ जाने से बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया और बाइक गिर गई। बाइक पर सवार मासूम बच्ची सहित मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को तत्काल नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मां,बेटा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## आग से किसान का डेढ़ लाख का नुकसान

**चौसाना।** क्षेत्र के दथेडा गांव में शुक्रवार शाम घेर में लगी आग से किसान अवनीश पुत्र धनीराम का भूस और उबलो का पूरा बिटोडा जलकर नष्ट हो गया। घटना चार बजे की है। अवनीश ने गांव के पास अपने घेर में दो भूस के कुप और एक उबलो का बिटोडा रखा हुआ था। उसी समय गांव का एक बच्चा घेर के पास पड़े कुबाड़ में आग जलाकर सेख रहा था। बताया गया कि उसी आग की लपट अचानक कुप और बिटोडे तक पहुंच गई जिससे आग तेजी से फैल गई। लपटें उठते ही पास-पड़ोस के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टियों व पाइपों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, परंतु भूस सूखा होने के कारण आग कुछ ही मिनटों में पूरे ढेर में फैल गई। ग्रामीणों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और चौसाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर फायर कर्मी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की। करीब कुछ समय बाद आग पर नियंत्रण पाया गया, लेकिन तब तक पूरा भूस और उबलो का बिटोडा जल चुका था। जलकर नष्ट हुए भूस और उबलो की कीमत करीब डेढ़ लाख रूपए के आसपास है। घटना के बाद किसान परिवार आर्थिक नुकसान को लेकर चिंता में है। ग्रामीणों का कहना है कि सर्दी के समय बच्चे अक्सर आग तापने के लिए आसपास कहीं भी आग जला लेते हैं।

# एसआईआर को लेकर बैठक का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को एसआईआर को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी एसआईआर चौधरी रूद्रसेन ने शामली जिले में नियुक्त बूथ लेवल ऐजेन्ट व पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित किया। उन्होने आने वाली समस्याओं एवं उन्हें दूर करने के बारे में जानकारी दी।

उन्होने शामली, थानाभवन एवं कैराना के सैंकड़ों बीएलए को संबो.धित करते हुए बताया कि अधिकांश बूथों पर पार्टी पदाधिकारियों ने कैम्प लगाकर अधिकांश वोटर के एसआईआर फार्म भराए हैं तथा उन्हें बीएलओ के पास जमा करा दिया है। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि थानाभवन विधानसभा में 339 तथा शामली में 307 बूथों पर बीएलए की नियुक्ति कर जिलाधिकारी कार्यालय तथा लखनऊ पार्टी कार्यालय को भेज दी गई है। कैराना विधानसभा मे 325 बूथों पर विधायक नाहिद हसन एवं पार्टी पदा.धिकारियों ने बीएलए की नियुक्ति की है। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि निर्वाचन आयोग की सूचना के अनुसार शामली जिले के 99।98 प्रतिशत फार्म वितरित किए जा चुके हैं तथा 80।37 प्रतिशत फार्म डिजिटाइज्ड किए जा चुके है। बीएलए को सावधान रहना होगा कि 16 दिसंबर को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सभी का नाम आ जाए तथा यदि किसी भी सही वोटर का नाम ड्राफ्ट लिस्ट में सम्मिलित नहीं होता है तो उसके दस्तावेज इकठ्ठे कर वोटर लिस्ट में नाम सम्मिलित कराना पड़ेगा। सपा नेता अखिल बंसल ने अपने संसाधनों से यहां बीएलओ व बीएलए को एक साथ बैठाकर वोटर की समस्याओं का समाधान कराया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक राज.ेश्वर बंसल, राव तफरूज, अनुज जावला, डा। सतपाल कश्यप, मेहर चंद सिंघल, जावेद जंग आदि मौजूद रहे।

# फ्लाईओवर के नीचे फंसा ओवरलोड ट्रक, घंटों तक हाइवे पर रही अफरा-तफरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** ओवरलोड वाहनों की मनमानी ने एक बार फिर लोगों को मुसीबत में डाल दिया। शुक्रवार सुबह मेरठ करनाल हाईवे बिडौली फ्लाईओवर के नीचे ऊंचाई से ज्यादा गन्ना लादे एक ट्रक फंस गया। देखते ही देखते हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा।

बताया गया कि ट्रक चालक ने निर्धारित ऊंचाई सीमा को नजरअंदाज करते हुए ट्रक में अधिक गन्ना भर रखा था। फ्लाईओवर के नीचे से गुजरते ही गन्ने की ऊंचाई बीम से टकराई और ट्रक बुरी तरह अटककर रुक गया। अचानक हुए इस हादसे से वाहनों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वाहन चालकों को मजबूरी में लंबा चक्कर काटकर फ्लाईओवर के ऊपर से निकलना पड़ा, जिससे घंटों तक यातायात बाधित रहा। काफी मशक्कत और भारी मशीनों की मदद से ट्रक को हटाया गया, तब जाकर जाम खुल सका। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह पहली बार नहीं जब ओवरलोडिंग ने सड़क सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया हो। पिछले वर्ष भी झिंझाना के ऊन रोड पर बलिया नर्सिंग होम के सामने गन्ने से लदा ओवरलोड ट्रक पलट गया था, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी और कई गंभीर घायल हुए थे। ग्रामीणों का साफ कहना है यदि परिवहन विभाग ने अब भी ध्यान नहीं दिया, तो बड़ी अनहोनी को कोई नहीं रोक सकेगा। उन्होंने ओवरलोड वाहनों पर तत्काल रोक और नियमित चेकिंग की मांग उठाई है, ताकि लोगों की जान जोखिम में न पड़े।

# बीएसएनएल की लापरवाही: डेरी चौक पर एक माह से खुले गड्ढे से हादसे का खतरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ऊन शामली मार्ग स्थित डेरी चौक के पास सड़क किनारे बीएसएनएल विभाग की लापरवाही लोगों के लिए खतरा बन गई है। करीब एक माह पहले विभाग द्वारा भूमिगत तारों की मरम्मत के लिए कई जगह ग्ग्ने खोदे गए थे, जिन्हें अब तक बंद नहीं किया गया। इससे राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा पर लगातार खतरा बना हुआ है। बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भरने से खतरा और बढ़ जाता है। रात में अंधेरा होने पर सड़क से गुजरना और भी मुश्किल हो जाता है। कई बार वाहन गड्ढों में फंस चुके हैं, वहीं बाइक सवार फिसलकर घायल होने से भी नहीं बच पाए। सद्दाम दुकानदार बोले कि बीएसएनएल वाले आते हैं, तार डालकर ग्ग्ा खोदते हैं और बिना बंद किए चले जाते हैं। किसी की जान चली जाए तब क्या जिम्मेदारी लेंगें। मुरसलीन का कहना है रोज यहां से निकलता हूं। रात में गड्ढा दिखता ही नहीं, कई बार हादसा होते-होते बचा हूं। कम से कम चेतावनी बोर्ड लगाना चाहिए। शाकिर दुकानदार बोले बार-बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं। गड्ढे में पानी भर जाता है तो सड़क पर खड़ा रहना भी मुश्किल हो जाता है। अंसार स्थानीय निवासी कहते हैं कि यहां बच्चे स्कूल जाते हैं, बाइक से गिर जाएं तो गंभीर चोट लग सकती है। प्रशासन को तुरंत गड्ढे भरवाने चाहिए। स्थानीय निवा.सियों ने बीएसएनएल विभाग व प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि गड्ढों को शीघ्र भरकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो।

# शत्रु संपत्ति पर कब्जे को लेकर पुलिस ने की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** करीब चार दशक पहले पाकिस्तान चले गए एक परिवार की भारत में मौजूद संपत्ति पर अवैध कब्जे के मामले में कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दारुल उलूम की मजलिस-ए-शूरा के सदस्य व उनके बेटे समेत तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला किला निवासी सैयद आरिफ हुसैन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें उन्होंने बताया था कि सालेह खातून नामक महिला वर्ष 1989 में पाकिस्तान चली गई थी। जिसके बाद वह कभी भारत नहीं लौटी। इसी का लाभ उठाकर सैयद अंजर हुसैन, उनके बेटे सैयद मोहम्मद तैयब और एक सलमान खान नामक व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेजों से न्यायालय को गुमराह करते हुए उक्त संपत्ति पर अवैध रुप से कब्जा कर लिया।

बताया कि इस दौरान सालेह खातून की बेटी इरम अहसन 11 जून 2012 को 30 दिन की वीजा पर भारत आई और सैयद अंजर हुसैन के यहां रुकी। दो जुलाई 2012 को वह पाकिस्तान चली गई।

आरोप लगाया कि इस दौरान पिता-पुत्र ने उससे कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए। जिसके जाने के बाद उन्होंने 17 जुलाई 2012 को न्यायालय में फर्जी वाद दायर किया। जिसके आधार पर 11 सितंबर 2012 को डिक्री पारित कर दी गई। शारिक हुसैन ने यह भी बताया कि शत्रू संपत्ति पर इरम अहसन के भाई और पाकिस्तानी नागरिक सैयद अरशद हुसैन के नाम से बिजली कनेक्शन भी चल रहा है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने 29 नवंबर को सैयद अंजर हुसैन, सैयद मोहम्मद तैयब और सलमान खान के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### सालेह खातून के रिश्तेदार ने मंडलायुक्त के यहां दर्ज कराई थी शिकायत

शत्रु संपत्ति को लेकर गत दो अगस्त को पाकिस्तानी नागरिक सालेह खातून के रिश्तेदार शारिक हुसैन ने मंडलायुक्त के यहां शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें मंडलायुक्त ने जांच के आदेश भी दिए थे। इस संबंध में शारिक हुसैन ने बताया था कि यह शत्रु संपत्ति है, और कब्जाधारियों ने पाकिस्तान से आई सालेह की बेटी से हिंदी में लिखित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए और उसके आधार पर संपत्ति पर कब्जा कर लिया था।

### बजरंग दल नेता ने भी एसएसपी को भेजी थी शिकायत

शत्रु संपत्ति पर अवैध रुप से कब्जा कर उस पर मदरसा चलाए जाने के मामले में बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी को अवगत कराते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी। आरोप लगाया था कि इस मदरसे में विदेशी फंडिंग भी हो रही है। विकास त्यागी ने कहा कि इस प्रकरण के बाद मदरसों में विदेशी फंडिंग के उनके आरोप सिद्ध साबित हो रहे हैं।

# अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान, डंपर किया सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** अवैध खनन पर रोग लगाने के लिए पुलिस ने चलाया अभियान इस दौरान नियमों का उलंघन करने वाले चालकों के एक डंपर को सीज करने के साथ ही 1 लाख 80 हजार का जुरमाना भी लगाया।

खनन को रोकने के लिए चलाए गए अभयान के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए नियमों का उलंघन करने वाले डंपरो के संचालकों पर 1 लाख 80 हजार रूपेय का जुरमाना करने के साथ ही एक डंपर को सीज किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन और ओवर लोडिंग किसी भी दशा में सहन नहीं किया जाएगा। खनन, ओवरलोडिंग व अवैध गतिविधियों में शामिल लोगो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# स्वस्थ जीवन के लिए मिट्टी का बचाव जरूरी: अनवर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** 'विश्व मृदा दिवस' जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हर्बल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए विभिन्न उपाय सुझाए। इस दौरान कालेज परिसर में विभिन्न हर्बल पौधारोपण कर परयावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

सहारनपुर हाईवे स्थित जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में कालेज के डायरेक्टर डा. अनवर सईद ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए मिट्टी का बचाव अनिवार्य है। इसलिए मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए प्रयास करने चाहिए। उन्होने कहा कि हर्बल पौधों को अधिक से अधिक लगाना चाहिए ताकि इनके इस्तेमाल से रोगों से छुटकारा मिल सके। कालेज के सचिव डा. अख्तर सईद ने कहा कि घरेलू तथा रसोई में इस्तेमाल होने वाले मसालों को औषधि के रूप में प्रयोग करके कई रोगों से बचा जा सकता है। उन्होंने लोगों को इन औषधियों का पौधरोपण करके शुद्ध औषधि प्राप्त करने के लिए जागरूक किया। संचालन डा. कुदसिया जेहरा ने किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर अनीस अहमद, डॉ. अहतशामुलहक सिद्दीकी, प्रोफेसर मोहम्मद फसीह, प्रोफेसर नासिर अली खान, डा. मुजम्मिल, डा. नवेद अख्तर, डा. परवेज अहमद, डा. इशरत अली आदि चिकित्सक व कॉलेज का स्टाफ शामिल रहा।

### जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज में विश्व मृदा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम

## गुरु जम्भेश्वर विश्व. विद्यालय की पुरुष वॉलीबाल टीम का गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस बिजनौर में गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के तत्वाधान में अंतरमहाविद्यालय पुरुष वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था, जिसमें विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जिलों के 9 महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया था।

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की पुरुष वॉलीबाल टीम का गठन किया गया, जिसमें कृष्णा कॉलेज बिजनौर के छात्रों का चयन हुआ है।

आरएसएम कॉलेज धामपुर से पर्यवेक्षक डॉ. जितेंद्र सिंह चौधरी, वर्धमान कॉलेज बिजनौर से विशेषज्ञ डॉ. जयदीप शर्मा द्वारा सभी टीमों में से श्रेष्ठ खिलाड़ियों को चयनित किया गया।

# भगवान को अर्पित करने से पदार्थ भी प्रसाद बन जाता है: महाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** श्री गीता प्रचार सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथाव्यास मनोज महाराज ने भगवान के बाल रूप और गोर्वधन पूजा की कथा का वर्णन किया।

श्री गीता भवन में कथा सुनाते हुए महाराज ने कहा कि भगवान के बालरूप का चिंतन करने से विषय विकार नष्ट होते हैं। भागवत कथा भवरोग की महा औषधि है। भगवान को अर्पित करने से पदार्थ भी प्रसाद बन जाता है। कहा कि विष पिलाने आई पूतना राक्षसी को भी माता के समान सदगति प्रदान करने वाले भगवान श्रीकृष्ण बडे ही दयालु हैं। गौचारण लीला के माध्यम से भगवान ने ब्रह्माजी के मान का मर्दन किया। माखन लीला के माध्यम से भगवान ने सभी के दुखों को चुरा लिया। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रत्येक आचरण में मानवता के कल्याण की कामना समाहित है। कथा पूजन पंडित विनय प्रकाश तिवारी ने कराया। यजमान अनुज गर्ग रहे जबकि प्रसाद वितरण नीरज सिंघल ने किया। सुधीर गर्ग, सुशील कर्णवाल, संजय मित्तल, राजकुमार जाटव, मधु शर्मा, कांता त्यागी, मीनू गर्ग व अनिता तायल आदि शामिल रहे।

# उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं से सम्बंधित कोतवाल को दिया ज्ञापन

**देवबन्द।** उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराये जाने को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा को ज्ञापन दिया।

इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के स्थानीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श करने के साथ ही उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराये जाने के लिए कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन दिया गया।बैठक में आईआईए अध्यक्ष विजेश कंसल ने कहा कि रात के समय औद्योगिक क्षेत्र में नशा करने वाले लोग घूम रहे हैं। जिससे चोरी की घटनाओं की संभावना बढ़ रही हैं। उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने स्कूलों की छुट्टी के समय ट्रैफिक की व्यवस्था कराने तथा तेज रफ्तार व तेज आवाज में साइलेंसर वाले वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। बैठक के उपरांत समस्याओं के निस्तारण के लिए कोतवाल अमर पाल शर्मा को ज्ञापन दिया गया। जर्रार बेग, नितिन गोयल, दीपकराज सिंघल, विजय गिरधर, पंकज गुप्ता, अंकुर गर्ग, कुणाल गिरधर, शिवम सिंघल, सचिन छाबड़ा, प्रवीण धीमान आदि उद्यमी व व्यापारी शामिल रहे।

# राजनीतिक दलों के बीएलए ने किया एसआईआर में सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार को एसआईआर को लेकर विभिन्न बीएलओ व राजनीतिक पार्टियों व सामाजिक लोगों की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान आने वाली समस्याओं एवं उन्हें दूर करने के बारे में जानकारी दी।

बैठक में बूथ नंबर 284 बीएलओ कपिल कुमार, बूथ नंबर 286 राजकुमार, बूथ नंबर 289 राजकुमार सुपरवाइजर मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और बीएलए284 अरशद मुल्तानी समा. जवादी पार्टी, बीएलए 284 अजय भुर्जी सभासद भारतीय जनता पार्टी मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष इरफान टेंपो समाजवादी पार्टी खतौली, नगर अध्यक्ष प्रवीण ठकराल भारतीय जनता पार्टी, सभासद असद खान (शालू) पूर्व सभासद शकील अंसारी, चाचा फरमान अंसारी गौरव सलूजा वसीम अहमद मौजूद रहे।

## 7वें दिन भी बरामद नहीं हुई नाबालिग किशोरी

**बुढ़ाना।** चार ग्रामीणों द्वारा जबरदस्ती अपहरण करके किसी अज्ञात स्थान पर ले जाई गयी नाबालिग किशोरी का आज सातवें दिन भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। उधर किशोरी के परिजनों ने बुढाना पुलिस पर उक्त मामले में ढिलाई का आरोप लगाते हुए सीओ बुढाना से अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के एक पीडित व्यक्ति ने बीती 29 नवम्बर को बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया था कि उसकी लगभग 15 साल की बहन सायं 05 के आसपास अपने घर से घेर में निजी काम के लिए गयी थी। जब काफी समय हो गया तो उसने घेर मे जाकर देखा तो उसकी बहन वहां पर नही थी। उसने अपनी बहन को इधर उधर तलाश किया तो वह कहीं पर भी नहीं मिली। तब ग्रामीणों से मालूमात करने पर पता चला की उसकी बहन को सालिम पुत्र इमरान, शमशेर पुत्र गफ्फार, मोमीन, असगर पुत्रगण मीजू निवासीगण गांव विज्ञाना जबरदस्ती अपरहण करके अपने साथ ले गये हैं। चारों आरोपियों के चेहरे आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हैं। आज इस घटना को सातवां दिन हो गया लेकिन पुलिस ने अब तक किसी भी आरोपी को नहीं पकड़ा और ना ही आरोपियों के परिवार के किसी भी सदस्य से कोई पूछताछ की। पीड़ित परिवार ने बुढ़ाना पुलिस पर ढिलाई का आरोप लगाकर बुढ़ाना सीओ से अपनी बहन की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

## बी.फार्मा द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल

**बिजनौर।** डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.फार्मा द्वितीय सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.फार्मा द्वितीय सेमेस्टर के छात्र समीर ने 75.86 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अलफिया ने 74.06 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं सौरव ने 69.65 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।


## जंगली चोरों ने पांच टयूबवैलों पर चोरी की घटना को दिया अंजाम

**मोरना।** क्षेत्र मे जंगली चोरो का आतंक लगातार जारी है। करहेडा़ गांव मे जंगली चोरों ने पांच टड्बवैलों पर चोरी की घटना को दिया है। चोरी की घटना से हड़कंप मच गया है। पीड़ित किसानों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेडा़ निवासी किसान बसन्त राठी ने बताया की शुक्रवार की सुबह वह अपनी टयूबवेल पर गये तो टयूबवेल की दीवार को टूटा देखा। चोरो ने दीवार तोड़कर केबिल, स्टार्टर, कटाउट आदि सामान को चुरा लिया। इसके अलावा चोरो ने किसान मास्टर सैमसिहं, जॉनी, बालिंद्र व सुबोध की टड्बवैल मे चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जंगली चोरो द्वारा क्षेत्र मे टयूबवेल चोरी की घटना को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओ को लेकर किसानो मे रोष व्याप्त है। पीड़ित किसानो ने चोरी की घटनाओं को रोकने की मांग पुलिस से की है।

# ब्रुश व्यापारी के कारखाने में चोरी

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए तीन चोर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** तीन नकाबपोश चोरों ने ब्रुश व्यापारी के कारखाने के ताले तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। चोरी की घटना से दहशत का माहौल है। घटना का पता चलते ही पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी। जबकि तीन चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गये है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला शेखान निवासी अनीस मंसूरी पुत्र स्व. रशीद मंसूरी का घर के करीब ही ब्रुश का कारखाना है। बीती देर शाम लेबर के जाने के बाद कारखाना बंद कर घर चले गये थे। बीती रात तीन नकाबपोश चोरों ने रात्रि लगभग ढाई तीन बजे ब्रुश कारखाने का ताला तोड़कर उसमे रखे हजारों रुपये की नकदी चोरी कर रफुचक्कर हो गये। घटना का उस समय पता चला जब वह सुबह कारखाने की तरफ गये तो गेट के ताले टूटे हुए थे और उनकी मेज की दराज का सामान इधर उधर पड़ा था। अनीस मंसूरी ने चोरी की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके गेट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया तो तीन नकाबपोश चोर गेट का ताला तोड़कर अन्दर घुसते दिखाई दे रहे। पुलिस ने कैमरों की फुटेज अपने कब्जे मे लेकर जांच शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि यह तीन नकाबपोश चोर अनीस मंसूरी के अलावा भी मौहल्ले के आसपास के घरों पर घूमते दिखाई दिए, लेकिन इनको चोरी का मौका नहीं लगने पर वापस नोमी मेला ग्राउंड की तरफ लौटते दिखाई दे रहे हैं। वही इस चोरी को लेकर ब्रुश व्यापारियों सहित मौहल्ले के लोगों में दशहत का माहौल बना हुआ है।

उधर लगातार होने रही चोरियों में तीन अज्ञात नकाबपोश चोरों के चोरी के आतंक से परेशान जनता व व्यापारियों ने रात्रि में गश्त बढ़ाकर चोरों को पकड़ने की मांग की है। क्योंकि दो माह से हो रही चोरियों में तीन नकाबपोश लोग ही दिखाई देते है।

### दो माह पूर्व हुई चोरियों का खुलासा नहीं कर पाई पुलिस, ग्रामीणों में दहशत

**शेरकोट।** लगभग दो माह पूर्व नगर के मौहल्ला हकिमान निवासी अनवर के बंद घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अज्ञात तीन नकाबपोश चोरो ने हजारों रुपये की नकदी सहित लाखों रुपये का जेवर चोरी कर रफुचक्कर हो गये थे। वही 27 अक्टूबर की रात्रि मे तीन अज्ञात नकाबपोश चोरो ने शाकिर,फूल जहां सहित अन्य स्थानों पर बंद मकानों के ताले तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया था। लेकिन शाकिर व फूल जहाँ के यहाँ से ही चोर घर मे रखा सामान चोरी कर रफुचक्कर हो गये थे। इन चोरीयों मे चोर कैमरों मे कैद होने के बावजूद भी पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पायी है।

## मोरना मे हरे वृक्षों के लिए जानलेवा बनी कोल्हुओं की राख



**मोरना।** पर्यावरण को सुन्दर बनाना तो दूर आज जनपद मे पर्यावरण को बचाये रखना भी मुश्किल हो गया है।दिन प्रतिदिन दूषित होती हवा जीवन मे बीमारियों का जहर घोल रही है। वहीं नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य से बेखबर प्रशासन पर्यावरण व हरियाली को बचाने मे ज़रा भी गंभीर नहीं है। मोरना भोपा मार्ग पर डाली जा रही कोल्हुओ की राख हरे वृक्षों को सुखाने का काम कर रही है।जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँच रहा है। वन विभाग की ख़ामोशी पर नागरिकों ने चिंता प्रकट की है। मोरना-भोपा-मुज़फ्फरनगर मार्ग किनारे दोनों ओर खडे हरे वृक्षों की ठंडी छाँव राहगीरों को तेज गर्मी से बचाती है।तथा हरे वृक्ष वाहनों के साइलेन्सर से निकलने वाले जहरीले धुएं के दुष्प्रभाव को भी कम करते हैं। सड़क किनारे खडे यह हरे वृक्ष प्राणवायु के शुद्धिकरण का काम करते हैं वावजूद इसके अब इन हरे वृक्षों की उपयोगिता को जानबूझ कर नजर अंदाज किया जा रहा है जिसके चलते हरे वृक्षों का अस्तित्व लगातार समाप्त हो रहा है।बीते कुछ समय मे वन विभाग व प्रशासन की लापरवाही के कारण सेंकड़ो हरे भरे वृक्ष अनेक कारणों से अब समाप्त हो चुके है।ओर कुछ का वजूद समाप्त होने को है। सड़क किनारे खडे वृक्षों के लिए पानी की व्यवस्था तो दूर इनकी जड़ों मे कोल्हू की राख के ढ़ेर लगा दिये जा रहे हैं। पेड़ों के नीचे डाले गये कूड़े के ढेरों मे लगी आग से वर्ष मे अनेक पेड़ जल जाते हैं वहीं कोल्हुओ की राख हरे वृक्षों के लिए जानलेवा बनी है। वन विभाग की लापरवाही के कारण पर्यावरण सुरक्षा आज बेमानी होकर रह गयी है। तथा जनपद व क्षेत्र मे हरियाली लगातार तेजी से कम हो रही है।क्या ही बेहतर हो पर्यावरण हित, जनहित,मानवहित मे हरे वृक्षों को बचाया जाये व नये वृक्षों का रोपण कर पर्यावरण को पुनरूहरा भरा व सुन्दर बनाया जाये।

# अशोक चौधरी ने जरूरतमंदों को कम्बल बांटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ब्लॉक जलीलपुर के गंगा खादर क्षेत्र में पहले बाढ़ से और अब ठंड से सिकुड़ रहे गरीब ग्रामीणों के लिए राहत ए मसीहा बने रालोद के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल बांटे। इस दौरान उन्होंने पहले घर-घर घूमकर जरूरतमंद लोगो को चिन्हित किया और फिर अपनी टीम को साथ लेकर कंबल बांटने का काम किया।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी अपनी टीम के साथ प्रभावित गांवों में पहुंचकर बाढ़ के बाद अभी भी मुश्किलों से जूझ रहे परिवारों को उन्होंने सैकड़ों कंबल वितरित कर ठंड से बड़ी राहत प्रदान की। उनका कहना है कि बाढ़ के दौरान कई घरों और आवश्यक सामान के पानी में डूब जाने से ग्रामीण अभी भी परेशानियों से उबर रहे हैं। ऐसे में ठंड ने मुश्किलें और बढ़ा दी थीं। इसी बीच अशोक चौधरी का राहत सामग्री लेकर पहुंचना ग्रामीणों के लिए राहत ए मसीहा साबित हुए। पीड़ित ग्रामीणों ने अशोक चौधरी व उनकी टीम का आभार जताते हुए कहा कि जब बाढ़ आई थी, तब सबसे पहले अशोक चौधरी जी ही हमारे बीच पहुंचे थे। उसके बाद भी कई बार राहत लेकर आए। आज इस कड़कड़ाती ठंड में भी वही सबसे पहले पहुंचे। हम उनका दिल से धन्यवाद करते हैं। अशोक चौधरी ने कहा किसी भी मुश्किल घड़ी में मैं और मेरी टीम हमेशा आपके साथ खड़े हैं। अशोक चौधरी कहना है कि सेवा करना ही राजनीति का सच्चा धर्म है। अशोक चौधरी के साथ योगेंद्र प्रधान, मुंजरीन अहमद, डा. विपिन तोमर, शीशपाल राठी, धुंदली तबीबपुरिया अकरम अहमद आदि रालोद पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# धामपुर शुगर मिल ने किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल ने सामाजिक दायित्वों के तहत सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को रानीबाग पुलिस चौकी के पास हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व शुगर मिल के यूनिट हेड (उपाध्यक्ष) निष्काम गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) अमित किशोर श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। इसके बाद मुरादाबाद-धामपुर मार्ग से गुजर रहे उन दोपहिया वाहन चालकों को, जो बिना हेलमेट के यात्रा कर रहे थे, एसपी पूर्वी द्वारा स्वयं हेलमेट पहनाकर रवाना किया गया। मौके पर लोगों को बिना हेलमेट वाहन चलाने के खतरों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडेय ने भी वाहन चालकों और पत्रकारों को नि:शुल्क हेलमेट वितरित किए। उन्होंने एक गोष्ठी को भी संबोधित किया, जिसमें साइबर क्राइम से बचाव और सुरक्षा उपायों पर विशेष जानकारी दी। उपस्थित लोगों ने इस जागरूकता पहल की सराहना की।

सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत कई लोगों ने कंपनी (नो प्रॉफिट-नो लॉस) दर पर हेलमेट भी खरीदे। कार्यक्रम के दौरान रानीबाग पुलिस चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार खोखर, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार समेत समस्त चौकी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। धामपुर शुगर मिल की ओर से ओमवीर सिंह, विकास अग्रवाल, विवेक सिंह यादव, भारत भूषण बरनी, अजय पांडेय, राजेश यादव, उज्जवल सिंह, करणवीर सिंह, विशेष शर्मा, वीरेंद्र सिंह (सुपर वाइजर), रजत अग्रवाल, कमल पंवार, शिखर चंद, तारासिंह, जय राम यादव, अभय शर्मा, सत्यवीर सिंह, संजीव शर्मा, विजय कुमार (कंपाउंडर), अशोक कुमार (सिक्योरिटी सुपरवाइजर), अतुल, राजेश, प्रीतम सिंह (पूर्व लेखपाल) सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे और कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# निर्णायक मुकाबले में टीम संयोजन में बदलाव करेगा भारत!

**दोनों मैचों में एक बड़ी सीख भारतीय टीम को मिली है कि उनका गेंदबाजी आक्रमण दोनों ही मौकों पर कमजोर साबित हुआ है**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच विशाखापत्तनम में वनडे सीरीज का निर्णायक मुक़ाबला शनिवार को खेला जाना है। रांची में करीबी जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम को रायपुर में करारी हार मिली थी। 359 रनों के लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीका ने चार गेंद शेष रहते हासिल कर लिया था।

इन दोनों मैचों से एक बड़ी सीख भारतीय टीम को यह मिली है कि उनका गें. दबाजी आक्रमण दोनों ही मौक़ों पर कमजोर साबित हुआ है। हालांकि यह भी तथ्य है कि दोनों मैचों में टॉस हारकर भारतीय गेंदबाजों को ओस के समय दूसरी पारी में गेंदबाजी करनी पड़ी थी। इस मैच में एक बार फिर भारत की गेंदबाजी पर ही सभी की निगाहें रहने वाली हैं। इसके साथ ही टीम का मध्यक्रम भी अब तक आलोचकों के निशाने पर रहा है। इस सीरीज के पहले दो मैचों में लगातार बल्लेबाजी आसान रही है और खूब रन बने हैं। अब यह देखना होगा कि निर्णायक मैच के लिए पिच किस तरह रहने वाली है। हालांकि इसके बाद भी भारत को कुछ चीजों पर काम करने की सख्त जरूरत है। खास तौर से भारत का तेज गें. दबाजी आक्रमण उतना डरावना नहीं लग रहा है, जितना जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी में लगता है। हर्षित राणा ने पहले मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी और दूसरे मैच में भी उनकी गेंदबाजी ठीक रही थी। हालांकि प्रसिद्ध कृष्णा टीम को वह लाभ नहीं दिला पाए हैं, जिसकी उनसे अपेक्षा थी। अर्शदीप और हर्षित की जोड़ी का बने रहना तय है, लेकिन हो सकता है कि तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में प्रसिद्ध की जगह नीतीश रेड्डी को मौक़ा मिले। इसके साथ ही वॉशिगटन सुंदर का जिस तरह से इस्तेमाल मध्यक्रम में किया जा रहा है, उसका लाभ भी भारत को नहीं मिल रहा है। भारत के पास बेंच पर नीतीश रेड्डी के रूप में एक ऑलराउंडर है, लेकिन वह तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका को कितने अच्छे से निभा पाएंगे यह देखना होगा। इस हालत में भारत प्रसिद्ध के विकल्प के बारे में सोचेगी भी तो उन्हें काफी मुश्किल होगी। तिलक वर्मा बेंच पर हैं और उन्हें लाकर मध्यक्रम को मजबूत किया जा सकता है। दक्षिण अफ्रीका अपने विजई एकादश में बदलाव तो नहीं करना चाहेगी, लेकिन उन्हें मजबूरी में ऐसा करना पड़ सकता है। पिछले मैच में नांद्रे बर्गर को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी और वह अपना कोटा पूरा नहीं कर पाए थे। हालांकि, जब रन चेज तनावपूर्ण हुआ था तब वह बल्लेबाजी के लिए तैयार दिख रहे थे। हालांकि, इस मैच में फटि होकर पूरे 10 ओवर डाल पाना उनके लिए बड़ी चुनौती होगी। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका को यह एक बदलाव करना पड़ सकता है। बल्लेबाज टोनी डीजॉर्जी भी हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए थे।

# तीसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका की प्लेइंग इलेवन में बदलाव तय

● **भारत को ओस ने दोनों मैचों में परेशान किया है और इस बार वे कोशिश करेंगे कि किसी तरह टॉस जीत जाए**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों के ही पास वनडे सीरीज अपने नाम करने का मौक़ा है। सीरीज 1-1 से बराबरी पर है और निर्णायक मुक़ाबला विशाखापट्टनम में शनिवार को खेला जाना है। पहले दो मैचों में खूब रन बने हैं और अंतिम मैच भी कुछ ऐसा ही होने की उम्मीद है। भारत को ओस ने दोनों मैचों में परेशान किया है और इस बार में वे कोशिश करेंगे कि किसी तरह टॉस जीत जाएं। हालांकि, विशाखापत्तनम में कितनी ओस आती है ए भी देखने वाली बात रहेगी। आइए इस मैच में दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन और पिच रिपोर्ट पर एक नजर डालते हैं। टीम न्यूज: बर्गर और डीजॉर्जी पर निगाहें भारत के पास अपनी प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव करने की वजह नजर नहीं आती। प्रसिद्ध 8.48 की इकॉनमी से रन दे रहे हैं, लेकिन भारत के पास दल में उनका कोई विकल्प नहीं है और वे किसी विशेषज्ञ गें. दबाज की जगह ऑलराउंडर को शामिल नहीं करेंगे।

**भारत (संभावित):** 1 यशस्वी जायसवाल, 2 रोहित शर्मा, 3 विराट कोहली, 4 ऋतुराज गायकवाड़, 5 केएल राहुल (कप्तान व विकेटकीपर), 6 वॉशिगटन सुंदर, 7 रवींद्र जडेजा, 8 हर्षित राणा, 9 कुलदीप यादव, 10 अर्शदीप सिंह, 11 प्रसिद्ध, दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के दो खिलाड़ी हैमस्ट्रिंग चोट की वजह से मैदान से बाहर चले गए थे। दोनों में से कोई भी आगे मैच में नहीं खेल पाया। हैमस्ट्रिंग इतनी जल्दी ठीक नहीं होती, इसलिए उम्मीद है कि बर्गर और टोनी डीजॉर्जी की जगह ऑटनील बार्टमैन और रायन रिकल्टन खेलेंगे।

**दक्षिण अफ्रीका (संभावित):** 1 एडन मारक्रम, 2 क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), 3 टेम्बा बावुमा (कप्तान), 4 मैथ्यू ब्रीत्जके, 5 रायन रिकल्टन, 6 डेवॉल्ड ब्रेविस, 7 मार्को यानसन, 8कॉर्बिन बॉश, 9 केशव महाराज, 10 लुंगी एन्गिडी, 11 ऑटनील बार्टमैन पिच और परिस्थितियां विशाखापत्तनम में भारत की पिछली दो वनडे पारियां इस मैदान की परिस्थितियों के दो अलग रूप दिखाती हैं।

## 2026 विंटर गेम्स के लिए ओलंपिक फ्लेम इटली पहुंची

**रोम, वार्ता।** 2026 विंटर गेम्स के लिए ओलंपिक फ्लेम गुरुवार दोपहर को इटली के रोम पहुंची, जिसके साथ ही टॉर्च रिले इवेंट्स की एक सीरीज शुरू हो गई। एक लालटेन में सुरक्षित, फ्लेम शाम करीब 5 बजे रोम के फिमिसिनो एयरपोर्ट पर उतरी, और इसे इटैलियन ओलंपिक टेनिस चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी और मिलान-कॉर्टिना 2026 ऑर्गनाइजिग कमिटी के प्रेसिडेंट जियोवानी मालागो ने हवाई जहाज से उतारा।

शाम करीब 7 बजे, इटली के प्रेसिडेंट सर्जियो मटेरेला ने क्विरिनाले पैलेस में फ्लेम रिसीव की, जिससे 6 दिसम्बर को फ्लेम जर्नी की ऑफिशियल शुरुआत की सेरेमनी की शुरुआत हुई। मैलागो ने कहा कि इटली में ओलंपिक फ्लेम का आना और प्रेसिडेंट मटेरेला को इसे सौंपना, मिलान-कॉर्टिना 2026 की राह पर बहुत इमोशनल पल हैं। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में, फ्लेम उत्साह, तालमेल और कलेक्टिव पार्टिसिपेशन का सिबल बन जाएगा, जो हमें स्पोर्ट्स की एकजुट करने, इंस्पायर करने और फ्यूचर बनाने की यूनिक पावर की याद दिलाएगा। फ्लेम शुक्रवार सुबह ऑफिशियल लाइटिग सेरेमनी तक पैलेस में रहेगी, जब इटली के प्राइम मिनिस्टर जियोर्जिया मेलोनी और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की प्रेसिडेंट क्रिस्टी कोवेंट्री की मौजूदगी में अग्निकुंड जलाई जाएगी। टॉर्च रिले की शुरुआत शनिवार सुबह रोम के स्टेडियो देई मार्मी में होने वाली है। इसके बाद, रिले 60 दिनों में इटली में 12,000 किलोमीटर का सफर तय करेगी, 300 से जडादा नगर पालिकाओं से गुजरेगी और 60 शहरों में जश्न मनाएगी, सभी 110 इतालवी प्रांतों तक पहुंचेगी।

# स्टार्क बने नंबर-1 लेफ्टआर्म पेसर



● **मिशेल स्टार्क पाक के दिग्गज वसीम अकरम का 414 विकटों का रिकॉर्ड तोड़कर टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल गेंदबाज बन गए है**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क पाकिस्तान के दिग्गज वसीम अकरम का 414 विकेटों रिकॉर्ड तोड़कर टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल बाएं हाथ के तेज गें. दबाज बन गए है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, 35 साल के स्टार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ 6/71 का शानदार स्पेल डाला, जिससे उनके टेस्ट विकेटों की संख्या 418 हो गई और इसके साथ उन्होंने दो दशक से कायम अकरम के 414 विकेट के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस प्रदर्शन से स्टार्क टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल बाएं हाथ के तेज गें. दबाज बन गए हैं। वसीम ने सोशल मीडिया पर स्टार्क की तारीफ की और कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के करियर में अभी और भी कई उपलब्धियां हासिल करना बाकी हैं।

अकरम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि सुपर स्टार्क। तुम पर गर्व है, दोस्त। तुम्हारी अविश्वसनीय कड़ी मेहनत तुम्हें दूसरों से अलग बनाती है और यह तो बस समय की बात है कि तुम मेरे रिकॉर्ड को तोड़ोगे। मुझे यह रिकॉर्ड तुम्हें देते हुए खुशी हो रही है। अपने शानदार करियर में नई ऊंचाइयों को छूते रहो। अपने रिकॉर्ड को लेकर स्टार्क ने कहा कि मैं इस बारे में बाद में सोचूंगा। वसीम मुझसे कहीं बेहतर गेंदबाज हैं। जहां तक मेरा सवाल है, वह अभी भी लेफ्ट-आर्मर्स में सबसे ऊपर हैं और अब तक खेले गए महानतम गेंदबाजो में से एक हैं। इस मुकाम के आसपास बात होना अच्छा लगता है, लेकिन मैं बस कुछ और विकेट लेने की कोशिश करता रहूंगा। 418 विकेट के साथ स्टार्क ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक टेस्ट विकेट लेने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उनसे आगे केवल शेन वार्न (708), ग्लेन मैकग्रा (563), और नाथन लियोन (562) हैं। अपनी घातक स्विग, यॉर्कर और मैच का रुख पलटने वाली गेंदों के लिए माने जाने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गें. दबाज अब लेफ्ट-आर्म तेज गें. दबाजो की सूची में सबसे ऊपर हैं एक ऐसी स्थिति जिसके वे पूरी तरह हकदार हैं, ऐसा कई लोग मानते हैं।

# इस वर्ष गुगल पर सबसे अधिक सर्च हुआ क्रिकेट

**नई दिल्ली, वार्ता।** वैश्विक स्तर पर इस वर्ष सर्च इंजन गुगल पर क्रिकेट के विभिन्न प्रारूपों एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी, महिला क्रिकेट विश्वकप और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दो टीमों को सबसे अधिक खोजा गया। शुक्रवार को जारी हुई इस रिपोर्ट में एथलीट, स्पर्धा और टीमों के बीच टॉप ट्रेंडिग ग्लोबल सर्च का प्रमुख आकर्षण रहे क्रिकेट के बढ़ते डिजिटल फुटप्रिट देखने को मिला। यह खेल लॉस एंजेलिस 2028 में ओलंपिक में वापसी करने वाला है।

एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 दूसरे से चौथे स्थान पर रहे। ए तीनों टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट टीमों ने जीते। एशिया कप 2025 ने तीन भारत बनाम पाकिस्तान मैचों के बाद हुआ रोमांचक फाइनल भी शामिल था जिसका फैसला आखिरी ओवर में हुआ, यह सब तिलक वर्मा की मैच जिताने वाले प्रयास की वजह से काफी सुर्खियां में रहा। आठ साल के अंतराल के बाद हुई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब फिर से हासिल किया। महिला क्रिकेट विश्व कप में, भारत ने अपना पहला ग्लोबल खिताब जीता। यह देश में महिला खेलों के लिए एक ऐतिहासिक पल था। इस बीच, गुगल पर सबसे अधिक खोजे जाने वाले स्पोर्ट्स टीमों की रैंकिग में दो आईपीएल फ्रेंचाइजी 'पंजाब किग्स और दिल्ली कैपिटल्स' टॉप पांच में शामिल हो गईं। क्रिकेट के अलावा, फुटबॉल और गोल्फ ने भी अपनी मजबूत मौजूदगी बनाए रखी।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### वर्ल्ड टेनिस लीग का फॉर्मेट और मैच शेड्यूल जारी

**बेंगलुरु, वार्ता।** वर्ल्ड टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) ने आज भारत में अपने पहले एडिशन के लिए फॉर्मेट, शेड्यूल और टिकट की डिटेल्स की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 17 से 20 दिसम्बर तक बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होगा, और भारत और दुनिया भर के फैंस के लिए एक नया, हाई-एनर्जी वाला टेनिस शो पेश करने के लिए तैयार है। फेज 1 के टिकट अब लीग के ऑफिशियल टिकटिग पार्टनर बुकमाई शो पर उपलब्ध हैं। वर्ल्ड टेनिस लीग 2025 एक तेज औरकॉम्पिटिटिव चार-सेट फॉर्मेट में खेला जाएगा जिसमें मेन्स सिगल्स, विमेंस सिगल्स और दो डबल्स सेट शामिल हैं। जो कप्तान मैच से पहले टॉस जीतेगा, वह डबल्सकॉम्बिनेशन तय करेगा, जिससे खेल शुरू होने से पहले ही थोड़ी स्ट्रेटेजी जुड़ जाएगी।

### वीर ने 62 के शानदार कार्ड के साथ जीता जयपुर ओपन

**जयपुर, वार्ता।** गुरुग्राम के वीर अहलावत, जो रात भर चौथे स्थान पर थे और लीड से पांच शॉट पीछे थे, ने चौथे राउंड में आठ-अंडर 62 के अपने टूर्नामेंट के सबसे कम स्कोर की बराबरी की और जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में खेले गए 1 करोड़ रुपये के इवेंट, शुभशीष होम्स द्वारा प्रस्तुत विक्टोरियस चॉइस जयपुर ओपन 2025 में पीछे से आकर शानदार जीत हासिल की। वीर अहलावत (67-62-70-62), जिन्होंने दूसरे राउंड में भी 62 का स्कोर बनाया था, ने इस हफ्ते कुल 19-अंडर 261 का स्कोर किया और अपना पांचवां खिताब और 15 लाख रुपये का विजेता पुरस्कार जीता, जिससे वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 38वें से 18वें स्थान पर पहुंच गए। शुक्रवार को वीर के असाधारण बोगी-फ्री राउंड ने उन्हें रामबाग गोल्फ क्लब में सबसे कम जीतने वाले कुल स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ने में भी मदद की।

# शेफाली वर्मा नवम्बर के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ के नामितों मे



● **पुरुष वर्ग में दो स्पिनर साइमन हॉर्मर और तैजुल इस्लाम व ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज इस दौड़ में हैं**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल की प्लेयर ऑफ द मैच, शैफाली वर्मा ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की दौड़ में महिलाओं की शॉर्टलिस्ट में जगह बनाई है। पुरुष वर्ग में दो स्पिनर – साइमन हार्मर और तैजुल इस्लाम – और ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज इस दौड़ में हैं। वर्मा की बल्लेबाजी की शानदार परफॉर्मेंस, खासकर फाइनल में, जिसने भारत को पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने में मदद की, उन्हें नवम्बर की लिस्ट में शामिल किया गया। महिलाओं की शॉर्टलिस्ट में, हाल ही में खत्म हुई पहली आईसीसी विमेंस इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी की दो दावेदार, ईशा ओझा और थिपत्चा पुत्थावोंग शामिल हैं। हार्मर और इस्लाम ने क्रमशः भारत और आयरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश की टेस्ट सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई थी। नवाज ने हाल ही में श्रीलंका और जम्बिाब्वे के साथ हुई ट्राई-सीरीज में बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दिया था। पुत्थावोंग ने विपक्षी टीम को अपनी गेंदबाजी से परेशान कर दिया, जिससे थाईलैंड ने बैंकॉक में हुई पहली विमेंस इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी प्रतियोगिता में एक शानदार जीत हासिल की, जहां ऑलराउंडर ओझा ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को रनर-अप बनाया।

### एफसी गोवा मुंबई सिटी को हराकर एआईएफएफ सुपर कप के फाइनल में

**गोवा, वार्ता।** एफसी गोवा ने यहां पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक रोमांचक सेमीफाइनल में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर तीसरी बार एआईएफएफ सुपर कप फाइनल में जगह बनाई। डिफेंडिग चैंपियन को अपनी पूरी ताकत लगानी पड़ी, लेकिन गुरुवार रात ब्रिसन(20') और डेविड (23') के पहले हॉफ में किए गए दो शुरुआती गोल ईस्ट बंगाल के साथ फाइनल मुकाबले के लिए काफी साबित हुए। मुंबई सिटी एफसी, जिसने दूसरे हॉफ में जोरदार वापसी की और ब्रैंडन फर्नांडिस के गोल से एक गोल कम किया, इस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल से बाहर हो गई। मैच शुरू होने से पहले ही काफी ड्रामा हुआ, जब एफसी गोवा के कप्तान को टनल में मैच से पहले हुई एक घटना के लिए बाहर कर दिया गया।

# मांडविया ने घुड़सवारी विजेताओं को किया सम्मानित



**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को पटाया में एफईआई एशियाई घुड़सवारी चैंपियनशिप 2025 में ऐतिहासिक प्रदर्शन कर टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं में पांच पदक जीतने वाले छह सदस्ईय दल को सम्मानित किया। आशीष लिमाए ने व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण और टीम स्पर्धा में एक रजत पदक जीता। जबकि श्रुति वोरा ने तीन रजत पदक जीते। इनमें दो व्यक्तिगत और एक टीम ड्रेसेज में । स्पर्धा करने वाले टीम के अन्य सदस्य शशांक सिंह कटारिया और शशांक कनमूरी और ड्रेसेज में दिव्याकृति सिंह और गौरव पुंडीर थे। आज यहां एथलीटों को सम्मानित करते हुए डा. मांडविया ने घुड़सवारी खेलों में भारत की हालिया प्रगति पर बल देते हुए कहा कि भारत उन खेल विधाओं में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है जिनमें पहले हमारी वैश्विक उपस्थिति बहुत कम थी। मैं आप सभी की उस जुनून के लिए सराहना करता हूं जिसके साथ आपने एक ऐसी विधा को आगे बढ़ाया है जिसका भारत में सीमित पारिस्थितिकी तंत्र रहा है। हालांकि, यह 10 साल पहले वाला भारत नहीं है। आपने पिछले दशक में खेल पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव देखे होंगे। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि सरकार एक एथलीट और उसके पदक के बीच आने वाली किसी भी बाधा को दूर करेगी। हम भारत में एक घुड़सवारी-अनुकूल खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाएंगे, ताकि एथलीटों को विदेश में प्रशिक्षण न लेना पड़े।

## शाई होप के शतक और जस्टिन ग्रीव्स के अर्द्धशतक ने विंडीज को संभाला

● **शाई होप ने नाबाद ने 116 और जस्टिन ग्रीव्स ने नाबाद 53 रनों की शानदार पारियां खेली**

**क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड), वार्ता।** शाई होप (नाबाद 116) की शतकीय और जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड द्वारा दिए गए 531 रनों के लक्ष्य के जवाब में पहले टेस्ट के चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय दूसरी पारी में चार पर विकेट 212 रन बना लिए है। यहां न्यूजीलैंड के कल के चार विकेट पर 417 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड का पहला विकेट विल यंग (23) के रूप में गिरा। उन्हें जेडेन सील्स ने आउट किया। इसके बाद माइकल ब्रेसवेल (24), मैट हैनरी (11) और जेकब डफी (आठ) रन बनाकर आउट हुए। 109वें ओवर में जेकब डफी के आउट होने के साथ ही न्यूजीलैंड ने आठ विकेट पर 466 के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। वेस्टइंडीज को मैच जीतने के लिए 531 रनों का लक्ष्य मिला। वेस्टइंडीज के लिए केमार रोच ने 78 रन देकर पांच विकेट लिए। ओजय शील्ड्स को दो विकेट मिले। जेडेन सील्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और उसने एक-एक करके अपने चार विकेट 72 के स्कोर तक गंवा दिए। वेस्टइंडीज का पहला विकेट जॉन कैंपबेल (15) के रूप में गिरा। उन्हें जेकब डफी ने आउट किया। तेजनारायण चंद्रपॉल (छह) को भी डफी ने अपना शिकार बनाया। 24वें ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने ऐलेक ऐथनेज (पांच) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान रॉस्टन चेज (चार) चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। ऐसे संकट के समय शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स की जोड़ी ने जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया।

# आईपीएल 2026 नीलामी: कई बड़े नाम रहेंगे गायब




● **ग्लेन मैक्सवेल, आंद्रे रसेल, रवि अश्विन सहित कई हाई प्रोफाइल खिलाड़ियों को टीमों ने कर दिय था रिलीज**

**अबू धाबी, वार्ता।** 6 दिसम्बर को अबू धाबी में होने वाली आईपीएल 2026 नीलामी में 10 फ्रेंचाइजी 77 स्लॉट भरने के लिए एक-दूसरे को पछाड़ती नजर आएंगी, जिसमें 31 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 1355 क्रिकेट खिलाड़ियों – जिसमें 1,062 भारतीय और 293 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं – ने पहले ही आने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। नीलामी में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की फाइनल शॉर्टलिस्ट 5 दिसम्बर के बाद सभी टीमों की दिलचस्पी जानने के बाद तय की जाएगी। हालांकि, कुछ बड़े नाम आने वाली आईपीएल नीलामी से गायब रहेंगे क्योंकि कई हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों, जिन्हें उनकी संबंधित टीमों ने रिलीज कर दिया था, ने आईपीएल 2026 नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराने का फैसला किया है। कुछ और जाने-पहचाने चेहरे भी लीग या क्रिकेट से पूरी तरह रिटायरमेंट के कारण भविष्य के आईपीएल सीजन में वापस नहीं आएंगे। यहां उन टॉप क्रिकेटरों की पूरी लिस्ट दी गई है जो आईपीएल 2026 नीलामी का हिस्सा नहीं होंगे। ग्लेन मैक्सवेल ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट स्टार ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2026 नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराने का फैसला किया है, जिससे फ्रेंचाइजी टी20 क्रिकेट लीग में उनके लगातार 13 सीजन का सिलसिला खत्म हो गया, जो 2012 में दिल्ली कैपिटल्स (उस समय दिल्ली डेयरडेविल्स) के साथ शुरू हुआ था। मैक्सवेल ने अपने आईपीएल करियर का ज्यादातर हिस्सा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किग्स के लिए खेला। हालांकि, उनका एकमात्र आईपीएल खिताब 2013 में मुंबई इंडियंस के साथ आया था। दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले मैक्सवेल ने आईपीएल में भी अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई, और पिछले कुछ सालों में कुछ यादगार पारियां खेलीं। हालांकि, उन्होंने इस टूर्नामेंट में लंबे समय तक खराब दौर भी झेला है। 141 आईपीएल मैचों में, मैक्सवेल ने 23-89 की औसत और 155-15 के स्ट्राइक रेट से 2819 रन बनाए हैं। उनकी शानदार राइट-आर्म ऑफ-ब्रेक बॉलिग से उन्हें 41 विकेट भी मिले, जिससे एक असरदार ऑलराउंडर के तौर पर उनकी पहचान बनी। आईपीएल में ग्लेन मैक्सवेल का सबसे अच्छा प्रदर्शन 2014 सीजन में था जब उन्होंने 552 रन बनाए और पंजाब किग्स (तब किग्स इलेविन पंजाब) को फाइनल तक पहुंचाया। वह आईपीएल 2025 में भी पंजाब फ्रेंचाइजी का हिस्सा थे, लेकिन उंगली टूटने की वजह से उनका सीजन समय से पहले खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलियन खिलाड़ी पंजाब किग्स की आईपीएल 2026 रिटेंशन लिस्ट से भी गायब थे।

**आंद्रे रसेल**-वेस्टइंडीज के पावरहाउस आंद्रे रसेल ने 12 सीजन के बाद एक खिलाड़ी के तौर पर अपने इंडियन प्रीमियर लीग करियर को अलविदा कह दिया है, जिससे टी20 लीग के सबसे विस्फोटक करियर में से एक का अंत हो गया है।रसेल, जिन्होंने 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स के साथ आईपीएल में डेब्यू किया था, उन्हें सुपरस्टार का दर्जा 2014 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शामिल होने के बाद ही मिला। विडीज के ऑलराउंडर केकेआर की आक्रामक, हाई-इम्पैक्ट क्रिकेट का चेहरा बन गए और टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे खतरनाक फिनिशर्स में से एक के रूप में खुद को स्थापित किया। अपनी मर्जी से बाउंड्री पार करने, असरदार स्पेल फेंकने और मैदान पर एथलेटिक पल बनाने की उनकी क्षमता ने उन्हें हर डिपार्टमेंट में मैच विनर बनाया। 140 आईपीएल मैचों में, रसेल ने 174-18 के शानदार स्ट्राइक रेट से 2,651 रन बनाए और 123 विकेट लिए, जिससे उन्हें सबसे बेहतरीन टी20 ऑलराउंडरों में से एक के रूप में पहचान मिली। रसेल को दो बार आईपीएल मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया – 2015 और 2019 में, जिससे वह यह अवॉर्ड कई बार जीतने वाले कुछ ही क्रिकेटरों में से एक बन गए। उन्होंने 2014 में, फ्रेंचाइजी के साथ अपने डेब्यू सीजन में केकेआर को आईपीएल ट्रॉफी जीतने में भी मदद की, और 2024 में दूसरा खिताब जीता था।

# जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र विभाग में मेयर के निरीक्षण से हड़कम्प

## रजिस्टरों में खाली पेज छोड़े जाने व सीरियल नम्बरों के मेल न खाने पर मेयर ने बाबूओं को पिलाई लताड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज अपर नगरायुक्त मृत्युंजय को साथ लेकर जन्म-मृत्यु प्रमाण विभाग का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रमाणपत्र बनवाने आये अनेक लोगों से भी बात की और रजिस्टरों व कम्पयूटर पर भी प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। रजिस्टरों में खाली पेज छोडेघ जाने व सीरियल नंबरों के मेल न खाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए सम्बंधित बाबू को जमकर फटकार लगायी। उन्होंने इस बात पर कड़ी आपत्ति जतायी कि एक क्षेत्र विशेष के 50-60 साल पहले जन्में लोगों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में मदद की जा रही है। उन्होंने अपर नगरायुक्त व जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के वरिष्ठ प्रभारी मृत्युंजय को सम्बंधित बाबू व अन्य दोषी कर्मचारियों के



खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा गत पांच वर्ष की फाइलों का ऑडिट कराने के निर्देश दिए।

महापौर डॉ. अजय कुमार आज दोपहर आकस्मिक निरीक्षण के लिए जन्म-मृत्यु प्रमाण विभाग पहुंचे और प्रमाण पत्र बनवाने आए लोगों से उनके आने का कारण पूछा। दो लोगों ने बताया कि वे जन्म प्रमाण पत्र बनवाने आए हैं। पूछने पर एक व्यक्ति ने बताया कि उसका जन्म 1972 का है, एक अन्य दूसरे व्यक्ति ने भी 2008 में जन्में बच्चे का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ऑन लाइन आवेदन की जानकारी दी। महापौर ने उक्त लोगों से पूछा कि आखिर अब उन्हें जन्म प्रमाण पत्र की क्या जरुरत पड़ रही है, और अब तक क्यों नहीं बनवाया ? इस पर महापौर ने डिस्पैच रजिस्टर व मुख्य रजिस्टरों की जांच की। महापौर ने पाया कि रजिस्टरों में नंबर डालकर खाली छोडे गए है तथा पेज भी खाली छोडे गए हैं।

उन्होंने निरीक्षण में पाया कि एक क्षेत्र विशेष के वर्ष 1966, 1967 व 1968 में जन्में लोगों के जन्म प्रमाण पत्र भी बनाये गए हैं। उन्होंने संबधित बाबू से जानकारी मांगी तो उसने बताया कि उक्त प्रमाण पत्र अन्य दो कर्मचारियों ( जिन्हें पहले ही हटाया जा चुका है) द्वारा बनाये गए हैं। महापौर ने तीन पुरानी फाइलों के नंबर देकर फाइल दिखाने को कहा। लेकिन ऑफिस के कर्मचारी उक्त फाइलें नहीं दिखा पाये। इस पर महापौर ने कड़ी नारा. जगी जताते हुए कहा कि यह सब सरासर धांधली है, और वे उनके खिलाफ कार्रवाई कराते हुए उन्हें जेल भिजवाएंगे। उन्होंने संबधित बाबू को कड़ी फटकार लगायी।

महापौर ने कम्पयूटर पर भी रिकॉर्ड की जांच की। महापौर ने रजिस्टर में पेज खाली छोडे जाने, सीरियल नंबर का मिलान न होने, मांगने पर पत्रावलियां न दिखाने के लिए सम्बंधित बाबू व अन्य कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने गत पांच वर्ष की फाइलों का ऑडिट कराने के भी निर्देश अपर नगरायुक्त को दिए।

# हमारी लड़ाई कैन्सर जैसी गंभीर बीमारी को रोकने की है: आशु मलिक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हरौडा मुस्तकम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये कैन्सर जांच शिविर में ग्रामीणों की जांच की गयी। सपा के देहात विधायक आशु मलिक ने पूरे समय कैम्प में मौजूद रहकर न केवल ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया बल्कि निगरानी भी रखी।

बता दे कि देहात विधायक आशु मलिक द्वारा उत्तर प्रदेश विधानसभा की याचिका समिति में बढते कैन्सर के मामलों को उठाया गया था जिसके बाद स्वास्थ्रू विभाग ने संवे. दनशीलता दिखाते हुए यह शिविर लगाया। इस दौरान ग्रामीणों ने गंभीरता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए बड़ी संख्या में अपनी जाँच कराई। कैंसर से संबंधित प्राथमिक व विस्तृत परीक्षण पर्यावरण, पेयजल व अन्य संभावित कारणों के वैज्ञानिक सैंपल स्वास्थ्य विभाग द्वारा परामर्श व तत्काल सहायता सभी सेवाएँ पूर्णत: नि:शुल्क रही। विधायक आशु मलिक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सभी वरिष्ठ चिकित्सकों, तकनीकी स्टाफ, स्वास्थ्य कर्मियों, और सहयोगी साथियों का विशेष धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि यह सिर्फ एक शिविर नहीं बल्कि हमारी लड़ाई कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के वास्तविक कारणों को वैज्ञानिक रूप से समझने और उसे रोकने की है।

# सपा नहीं कटने देगी वोट: टिंकू




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्ड 68 के पार्षद हाजी इमरान सैफी के कार्यालय पर पी डी ए प्रहरी कैंप लगाया गया जिसमें अली अग्रहाण व अन्य क्षेत्रों के लोगों के वोट के एसआईआर फॉर्म भरें गए और 2003 लिस्ट से संबंधित जितनी जानकारी थी सब उपलब्ध कराई गई।

कैंप में वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने जाकर अपनी टीम के साथ कैंप में लोगों के फॉर्म भरने का कार्य किया और कहा किसी भी व्यक्ति का वोट नहीं कटने दिया जाएगा। 11 दिसंबर से पूर्व सभी को अपने बीएलओ को फॉर्म जमा करने हैं फॉर्म भरने में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर पार्षद इमरान सैफी या अन्य किसी मजबूत पार्षद से आप संपर्क कर सकते हैं और टीम टिंकू अरोड़ा की टीम भी उनके घर पर आकर फॉर्म भरने का काम करेगी। पार्षद इमरान सैफी ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सभी समाजवादी कार्यकर्ताओं को जो निर्देश है उनका पूरी जिम्मेदारी से पालन किया जाएगा। इस मौके पर अहमद अंसारी रिहान गुलफिश अहमद मुबारक हसन सोहेल जफर आदि लोग कैंप में मौजूद रहे।

# उपलब्ध नये अवसरों का फायदा लें युवा: प्रो. विमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. विमला वाई ने कहा कि अनुसंधान की बदलती दिशाओं से युवाओं को उपलब्ध नये अवसरों का फायदा लेना चाहिए।

प्रो. विमला ने यह बात माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग एवं आउटरीच सेल, महाराज सिंह कॉलेज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार-बनउ-वर्कशॉप के द्वितीय दिवस के शुभारम्भ पर कही। उन्होंने आधुनिक वनस्पति विज्ञान के बढ़ते महत्व, अनुसंधान की बदलती दिशाओं तथा युवाओं के लिए उपलब्ध नए अवसरों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जैव विविधता संरक्षण, उन्नत अनुसंधान तकनीकें




और सतत विकास वैश्विक स्तर पर अत्यंत आवश्यक हो गए हैं।

दूसरे दिन के मुख्य वक्ता प्रो. डेजी रानी बतिश (विभाग वनस्पति विज्ञान, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़) ने पौधों की आक्रामक प्रजातियाँ विषय पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने लैंटाना कैमारा, एजेरेटम, पर्थेनियम तथा आइकहॉर्निया जैसी आक्रामक प्रजातियों के अनियंत्रित फैलाव, उनके दुष्प्रभाव तथा मूल वनस्पतियों पर पड़ने वाले उनके प्रतिकूल प्रभावों पर वैज्ञानिक दृष्टि से जानकारी प्रदान की।

इसके उपरांत एमएस कालेज प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने सतत विकास, जैव विविधता संरक्षण, औषधीय पौधों की संभावनाओं तथा 'विकसित भारत' के निर्माण में विज्ञान और कृषि की भूमिका पर प्रेरक व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदार एवं वैज्ञानिक उपयोग का महत्व समझाया। कार्यक्रम में शैक्षणिक समन्वयक डॉ. विनोद कुमार, प्रो. रितु अग्रवाल, प्रो. संजय कुमार, डॉ. राजकुमार, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. दीक्षा सिंह, डॉ. गजल शाहीन, जेबा हमीद सहित अनेक सम्मानित विद्वान उपस्थित रहे। सत्रों का संयोजन एवं संचालन प्रतीभा चौहान द्वारा प्रभावी रूप से किया गया, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. हर्ष सिंह ने किया। साथ ही डॉ. संदीप कुमार, डॉ. पंकज कुमार तथा डॉ. आर्चस्वी त्यागी सहित कई संकाय सदस्य भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# उधम सिंह ने जीता रजत पदक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवान उधम सिंह ने रजत पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहरा दिया। प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर उधम सिंह को क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा समेत खेल प्रशिक्षको ने शुभकामनाएं देकर खुशी व्यक्त की।

कुश्ती कोच आदेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 30 नवंबर से 04 दिसम्बर तक गोरखपुर में किया गया जिसमें सहारनपुर के पहलवान उधम सिंह ने 92 किला. ेग्राम ग्रीको रोमन भार वर्ग में रजत पदक जीतकर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। कुश्ती कोच आदेश कुमार ने बताया की उधम सिंह लगभग 3 वर्षों से कुश्ती का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है वह इससे पहले भी राज्य स्तर पर पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहरा चुका है। उन्होने कहा कि उधम सिंह बहुत ही होनहार खिलाड़ी है।

69वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर उधम सिंह को क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा, सहायक प्रशिक्षक (बॉक्सिंग) प्रवीण कुमार, जिला कुश्ती संघ सहारनपुर के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, सचिव डॉ. संदीप गुप्ता, एथलेटिक्स कोच लाल धर्मेन्द्र प्रताप, हॉकी कोच प्रदीप कुमार, जूडो कोच पुनीत कुमार, वेटलिफ्टिंग कोच जयेंद्र कुमार, ताइक्वांडो कोच प्रियंका चौहान, अभिषेक चौधरी, बृजेश कुमार आदि ने शुभकामनाएं दी।

# समानुपातिक रूप से की जाए गन्ने की खरीद: ओ.पी.सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त ओ. पी. सिंह ने निर्देश दिए की सभी चीनी मिले अपने अपने गन्ना क्रय केन्द्रो पर समानुपातिक रूप से गन्ना खरीद करें।

शुक्रवार को गन्ना भवन के सभागार मे मंडल के तीनो जनपदों की गन्ने विभागीय ओर चीनी मिलो की समीक्षा बैठक करते हुए उप गन्ना आयुक्त ने विभागीय ओर चीनी मिलो की समसायिक विषयों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गन्ना परिषदो की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को निर्देश दिए की सभी कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूहों के कार्यक्रम चलते रहे यह सुनिश्चित किया जाय ओर आगामी बसंत




कालीन गन्ना बुवाई में समूहों द्वारा उत्पादित गन्ने की पौध का वितरण कार्यक्रम पहले ही बनाकर तयारी कर ली जाय। सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अपने अपने क्षेत्रों में गन्ना क्रय केन्द्रो का निरन्तर निरिक्षण करते रहे ओर तमाम विभागीय नियमों को लागु करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी निरिक्षण अधिकारियो को निर्देश दिया की रात्रि में भी चीनी मिलो के गेट पर निरिक्षण करते रहे ओर ठंडी से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में आलाव की व्यवस्था की जाय, यार्ड में जगह जगह पर आलाव जलाये जाए ओर उचित पेय जल की व्यवस्था सुनिश्चित रहनी चाहिए।

गन्ना समितियों की समीक्षा करते हुए उप गन्ना आयुक्त ने सभी सचिवों को निर्देश दिए की फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध कृषि यत्रो को किसानों को उनकी मांग के अनुसार उपलब्ध कराते रहे ओर वर्तमान में मलचर की मांग गन्ना किसानों द्वारा की जा रही है तो उसे उपलब्ध करा दिया जाये।

सभी चीनी मिलों को निर्देश देते हुएउप गन्ना आयुक्त ने कहा कि ठंडी का मौसम है ऐसे में रात्रि में मेलों में गन्ना लेकर आने वाले किसानों के लिए अलाव आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जो किसान भाई रात्रि में रुकना चाहता हो उसके लिए रात्रि विश्रामगृह रहना चाहिए साथ ही साथ पर्याप्त मात्रा में प्रकाश आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए साफ पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

समीक्षा बैठक में मंडल के तीनों जनपदों के समस्त ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक समस्त सचिव प्रभारी और सभी चीनी मिलों के महाप्रबंधक गन्ना उपस्थित रहे।

## दो वारंटी पकड़े

सहारनपुर। मंडी कोतवाली पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर वांछित एवं वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक विकास चारण के नेतृत्व में गश्त के दौरान एक वांछित आरोपी फिरोज पुत्र शमीम निवासी पीरवाली गली थाना मंडी को पीर वाली गली मंडी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। इसी थाना पुलिस ने उपनिरीक्षक राहुल शर्मा के नेतृत्व में एक वारंटी आरोपी जुबैर पुत्र जायदाद अली निवासी कामिल वाली गली खाताखेड़ी थाना मंडी को उसके मकान से दबोच लिया। पुलिस के अनुसार दबोचे गए दोनों आरोपी अलग-अलग मामलों में न्यायालय से वांछित चल रहे थे।

# लोक अदालत में निस्तारित कराएं ज्यादा से ज्यादा वाद : जिला जज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी 15 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत, में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के उद्देश्य से जिला स्तर पर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये गये।




आज सिविल कोर्ट परिसर स्थित न्यायिक अधिकारीगण के सभाकक्ष में बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज सतेन्द्र कुमार द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम राजस्व एवं अन्य वादों को नियत कर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को त्वरित न्याय का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुरूप लोक अदालत के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा सभी नियत वादों की शत-प्रतिशत तामील सुनिश्चित की जाए, जिससे वादकारी बिना किसी बाधा के न्यायालय पहुंचकर अपना प्रकरण निस्तारित करा सकें।

बैठक में जिले के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## शहीद उधम सिंह की शहादत पर विशेष कार्यक्रम आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्राम उग्गरपुर दौलतपुर, कस्बा चिलकाना स्थित गुरूकुल महर्षि दयानंद आर्य समाज एवं महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में शहीद उधम सिंह की शहादत दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

गुरूकुल के संस्थापक अध्यक्ष सोमप्रकाश आर्य ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत उपस्थित रहेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। सोमप्रकाश आर्य ने कहा कि शहीद उधम सिंह ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनके त्याग और बलिदान की प्रेरणा आज भी राष्ट्रभक्ति की भावना जगाती है।

# मेयर के कर कमलों से लोगो व ट्राफी का अनावरण

## स्टेडियम में 16 दिसंबर से आयोजित होगी राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता कुराश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की मेजबानी में 16 दिसंबर से डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में होने वाली 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता के शुभंकर, लोगो, मैडल एवं ट्राफी का मेयर डा.अजय सिंह ने अनावरण किया।

राजकीय इंटर कालेज में आयोजित अनावरण कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर डा.अजय सिंह ने संयुक्त शिक्षा निदेशक राणा एस कुमार सुमन, जिला विद्यालय निरीक्षक डा.अरविंद कुमार पाठक, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय हर्षदेव स्वामी के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरविंद कुमार पाठक द्वारा कार्यक्रम के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया




कि 16 से 20 दिसंबर तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में 19 राज्यों से लगभग 400 खिलाड़ी सहित, कोच एवं मैनेजर आदि लगभग 1000 प्रति. निधि प्रतिभाग करेंगे। सभी प्रति. निधियों के आवास, यातायात एवं भोजन की व्यवस्था माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही है। मुख्य अतिथि डॉ. अजय कुमार द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी गई एवं देश में परंपरागत खेलों को प्रोत्साहन देने के

**प्रतियोगिता में देश के19 राज्यों से शामिल होंगे 400 खिलाड़ी**

लिए आवाहन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय हर्षदेव स्वामी, शोभा चौधरी एवं गरीमा रानी द्वारा सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का अंगवस्त्र पहनाकर एवं लोगों भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर संयोजक अम्बरीश कुमार शास्त्री, प्रचार प्रसार समिति सदस्य डॉ. छवी जैन, सोनिया, सचिन, टीना सराव, विक्रान्त, नितिन, मंजर जमाल आदि उपस्थित रहे। मंच सचालन विमल तिवार एवं करूणा कालरा द्वारा किया गया।

# न्यू सैन्य स्कूल के साथ टाईअप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** सेंट जोजेफ स्कूल ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया। अब यहाँ के बच्चे दसवीं से ही इंटीग्रेटेड कैरियर प्रोग्राम में शामिल हो सकेंगे। इसके लिए स्कूल ने न्यू सैन्य स्कूल के साथ आधिकारिक टाईअप किया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व सैन्य अफसर कर्नल अमनदीप सिंह एसएम (रिटा.) और न्यू सैन्य स्कूल की निदेशक कैप्टन नीशा धनखड़ ने बताया कि दोनों संस्थान मिलकर एक खास "इंटीग्रेटेड करियर प्रोग्राम" शुरू कर रहे हैं। बच्चे अपनी बोर्ड की पढ़ाई के साथ-साथ रोजाना दो घंटे अलग से कोचिंग लेंगे। कोचिंग का पूरा खर्च्च स्कूल ही उठाएगा, अभिभावकों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं। कर्नल ने बच्चों से कहा, "अब तुम्हें बाहर कोचिंग सेंटर भटकने की



जरूरत नहीं। जो बच्चा सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक पढ़ता है, उसी कैंपस में शाम 4 बजे तक तैयारी करेगा। अनुशासन भी सेना वाला, पढ़ाई भी टॉप लेवल। स्कूल के चेयरमैन शिशिर सिंह राणा ने बताया कि पहला बैच जनवरी 2026 से शुरू होगा। दसवीं और ग्यारहवीं के बच्चे इसमें शामिल हो सकेंगे। प्राचार्य डॉ. क्रिस्टोफर सिंह बोले, "हमारा मकसद सिर्फ डिग्री नहीं, बच्चे का पूरा करियर सेट करना है।"

कार्यक्रम में संस्थापक चेयरमैन एस.पी.एस. राणा, एमडी पूजा राणा, निदेशक मुकेश लाल, उप-प्राचार्य हरि प्रकाश बडोनी और पस्टोरल केयर हेड अजय सोलंकी भी मौजूद रहे।

# मंगलमय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर में श्री दिगंबर जैन मंदिर चंद्रनगर में मंगलमय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 6 दिसंबर से 11 दिसंबर 2025 तक रेलवे फील्ड, चंद्रनगर में दिव्यता, भव्यता और धार्मिक उल्लास के साथ किया जाएगा। यह आयोजन नवनिर्मित काशी नगरी में अर्ह योग प्रणेता परम पूज्य मुनिवर प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में सम्पन्न होगा। यह छह दिवसीय आयोजन पाषाण प्रतिमाओं को मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ भगवान के स्वरूप में स्थापित करने की दिव्य प्रक्रिया का साक्षी बनेगा।

जैन समाज के अनुसार पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में मन, वचन और कर्म से सहभाग अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है तथा इससे



जन्म-जन्मांतर के शुभाशुभ कर्मों का क्षय होता है।

समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन तथा कार्यक्रम के मुख्य संयोजक भव्य जैन एवं राकेश जैन ने बताया कि 6 दिसंबर को प्रारंभिक मांगलिक क्रियाओं में देव एवं गुरु आज्ञा, आचार्य आमंत्रण, घट पूजा, घट यात्रा, स्थल शुद्धि, ध्वजारोहण तथा मंडल प्रतिष्ठा पूजन प्रमुख रूप से संपन्न किये जाएंगे। इसी दिन अपराह्न 12रू30 बजे याग मण्डल विधान, संध्या 7:00 बजे मंगल आरती तथा रात्रि 8:00 बजे सौधर्म इंद्र दरबार, अष्ट कुमारिकाओं द्वारा माता की सेवा एवं सोलह स्वप्नों की अद्भुत धार्मिक प्रस्तुति आयोजित की जाएगी।

अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि आचार्य विद्यासागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनिराज प्रणम्य सागर जी मंगल मंत्रोच्चारण के साथ 41 प्रतिमाओं को परमेश्वर के दिव्य स्वरूप में प्रतिष्ठित करेंगे। मुख्य संयोजक भव्य जैन ने बताया कि 6 दिसंबर को जन्मकल्याणक महोत्सव के दौरान विभिन्न राज्यों से आने वाले भव्य बैंड दल तथा शिक्षाप्रद जीवंत झांकियों का प्रदर्शन आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा।

कार्यक्रम की तैयारियों में चंद्रनगर टोली के चौधरी डॉ. ए.के. जैन, राकेश जैन, भव्य जैन, सुशील जैन, प्रवीण जैन सर्राफ, प्रो. ए.के. जैन, अविनाश नाटी, सुदीप जैन, अभय जैन, विशाल जैन एवं निखिल जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के श्रावक व संस्थागत सदस्य उपस्थित रहे।

# महंगाई पर चतुराई

दो बार पॉलिसी रेट को फ्रीज रखने के बाद आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती की है। इस तरह आरबीआई ने मौजूदा साल में रेपो रेट में 1.25 फीसदी की कटौती की है, जबकि महंगाई अनुमान में मौजूदा वित्त वर्ष के लिए फरवरी की पॉलिसी से अब तक 2.20 फीसदी की कटौती देखने को मिल चुकी है। अक्टूबर के महीने में देश में महंगाई 0.25 फीसदी देखने को मिली थी। जानकारों का मानना है कि अगर अक्टूबर के महीने गोल्ड के दाम पीक पर ना होते, तो रिटेल महंगाई माइनस में चली गई होती, लेकिन आज इसपर चर्चा करने की जरुरत क्यों आ पड़ी, कारण है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की शुक्रवार को समाप्त तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में एमपीसी ने कैलेंडर ईयर की आखिरी एमपीसी में मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई अनुमान को 2 फीसदी पर कर दिया है। जबकि फरवरी की पॉलिसी मीटिंग में यही अनुमान 4.20 फीसदी पर था। इसका मतलब है कि आरबीआई ने अपने महंगाई अनुमान को आधे से भी ज्यादा कम कर दिया है। वहीं दूसरी ओर पॉलिसी रेट में ये कटौती इतनी तेज देखने को नहीं मिल रही है। फरवरी पॉलिसी मीटिंग से पहले आरबीआई का रेपो रेट 6.5 फीसदी पर था। कई महीनों के बाद फरवरी की पॉलिसी मीटिंग में आरबीआई रेट में कटौती की थी। मौजूदा कैलेंडर ईयर की बात करें तो आरबीआई ने 6 पॉलिसी मीटिंग में से 4 में कटौती की है। मौजूदा समय में रेपो रेट 5.25 फीसदी पर आ गए हैं। ऐसे में आप समझ सकते हैं कि आरबीआई ने जितना आक्रामक रुख महंगाई के अनुमान को कम करने पर दिखाया, उतना पॉलिसी रेट या यूं कहें कि आम लोगों की लोन ईएमआई को कम करने में नहीं दिखाया। आखिर महंगाई कम होने और पॉलिसी रेट के कम होने के आंकड़ों में इतना फर्क क्यों देखने को मिल रहा है। साल के शुरूआत में आरबीआई एमपीसी की अपनी पहली मानेटरी पॉलिसी में संजय मल्होत्रा ने ब्याज दरों के अनुमान को घटाने का प्रयास किया। तब उन्होंने मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए महंगाई अनुमान में 10 बेसिस प्वाइंट की कटौती की थी और महंगाई अनुमान को 4.50 फीसदी पर लेकर आए थे और मौजूदा वित्त वर्ष 2026 के लिए महंगाई के अनुमान को 4.20 फीसदी पर रखा था। अप्रैल की पॉलिसी मीटिंग में मौजूदा वित्त वर्ष की महंगाई के अनुमान में 0।20 फीसदी कटौती की गई और महंगाई दर को 4 फीसदी पर कर दिया गया। जून की आरबीआई मानेटरी पॉलिसी मीटिंग में आरबीआई ने महंगाई को लेकर फिर से अपने रुख को स्पष्ट कर दिया है और 0.30 फीसदी की कटौती कर डाली। जिसके बाद महंगाई का अनुमान 3।70 फीसदी पर आ गया। इसका मतलब है ये हुआ महंगाई लगातार तीन मीटिंग में अनुमान के अनुमान में 0. 50 फीसदी की कटौती कर दी गई। अगस्त की पॉलिसी मीटिंग में आरबीआई एमपीसी ने महंगाई के अनुमान में काफी बड़ी कटौती। अब तक आरबीआई ने जितनी 3 पॉलिसी मीटिंग में कटौती की थी। अगस्त के महीने में एक साथ कटौती कर डाली। आरबीआई ने महंगाई अनुमान में 0.60 फीसदी की कटौती कर वित्त वर्ष का अनुमान 3.10 फीसदी पर लेकर आ गए। अक्टूबर के महीने में आरबीआई एमपीसी ने एक बार फिर से 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती और वित्त वर्ष की महंगाई के अनुमानित आंकड़े को 2.60 फीसदी पर लेकर आ गए। दिसम्बर में इसी आंकड़ों को 2 फीसदी पर लाया गया है। इसका मतलब है कि महंगाई अनुमान में मौजूदा वित्त वर्ष के 60 बेसिस प्वाइंट की बड़ी कटौती की गई है। आरबीआई ने जितनी दिलचस्पी महंगाई के अनुमान को कम करने में दिखाई, उतनी लोन ईएमआई को कम करने में नहीं। आरबीआई की चतुराई आंकड़ों से आसानी से समझी जा सकती है।

## मैच फिक्सिंग करने वाली एकाधिकार नीति



देश के विभिन्न हिस्सों से उड़ानों के रद्द होने तथा देरी के कारण हवाई यात्रियों की परेशानी और इंडिगो एयरलाइंस की विफलता सरकार की एकाधिकार नीति का परिणाम है, इस संकट के बुनियाद सरकार की एकाधिकार की नीति में है और सरकार की इस नीति को अपनाने ने के कारण ही इंडिगो के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इंडिगो की विफलता मोदी सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है, एक बार फिर, इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है, जिसके कारण विमान सेवाओं में देरी हो रही है और उड़ानें एक के बाद एक करके रद्द की जा रही हैं, भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है, मैच फिक्सिंग करने वाली एकाधिकार की नीति ठीक नहीं है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# इतिहास का जख्म बाबरी विध्वंस



6 दिसंबर 1992 यह तारीख किसी कैलेंडर का महज एक पन्ना नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र पर लगा वह कलंक है जो तीन दशक बीत जाने के बाद भी आज ताजा है। आज बाबरी मस्जिद की शहादत को 33 साल पूरे हो गए, लेकिन वक़्त का यह सफर न हमारे जख्म भर सका और न ही इस वतन के संविधान को इस सदमे को भुलाने की इजाजत दे सका।

बाबरी मस्जिद का ढहाया जाना महज एक इमारत की शहादत नहीं था यह कानून की सर्वोच्चता पर हमला, संविधान की रूह की बे-हुरमती और एक पूरी कौम के सुरक्षित होने के एहसास के छिन्न-भिन्न हो जाने का हादसा था। सब जानते हैं कि जिस जगह पर जिन दावों की बुनियाद पर मस्जिद गिराई गई, उनके पक्ष में न कोई ऐतिहा. सिक और न ही पुरातात्विक कोई पक्का सबूत मौजूद था। अदालत भी इस हकीकत से वाकिफ थी कि 1949 में एक सुनियोजित साजिश के तहत मस्जिद के अंदर मूर्तियां रखी गई थीं और उसके बाद माहौल को धार्मिक उन्माद की आग में झोंक दिया गया।

बाबरी मस्जिद के ढहाए जाने के बाद देश के गंभीर हलकों को उम्मीद थी कि शायद इस भयानक हादसे ने हमें झकझोर दिया होगा, शायद अब सांप्रदायिक राजनीति अपनी मौत आप मर जाएगी, शायद अब हम एक-दूसरे के मजहब, जान और इबादतगाहों को ज्यादा इज्जत की नजर से देखेंगे, लेकिन अफसोस ऐसा नहीं हुआ। सांप्रदायिक ताकतों ने लगातार इस देश के मुसलमानों को जुल्म का निशाना बनाया। कभी दंगे, कभी निशाना बनाई गई मस्जिदें, कभी बेगुनाहों की गिरफ्तारियां, कभी आर्थिक बहिष्कार की मुहिमें और कभी कानून के नाम पर खड़ी की गई नई दीवारें हर दौर में जख्म ताजा होते रहे। आज भी वही माहौल, फर्क सिर्फ इतना कि बयानिया बदल गया है। 33 साल बाद फिर हालात 1992 जैसे नजर आने लगे हैं। धुएं की वही बू, नफरत की वही सरगोशियां, बहुसंख्यकवाद के वही नारे, अल्पसंख्यक को कमजोर करने की वही साजिशें बस चेहरे और तरीके बदल गए हैं, इरादे नहीं। आज भी मस्जिदों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। नई मुहिमों के नाम पर माहौल गरम किया जा रहा है।

## बहुसंख्यक और मुसलमान मुल्क के बराबर के नागरिक

इतिहास को राजनीतिक फायदे के ताबेदार बनाया जा रहा है। मुस्लिम पहचान और दीन की निशानियों को निशाना बनाया जा रहा है। कानून से ज्यादा जज्बात का राज दिखाई देता है। यह सब देखकर लगता है कि 1992 महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक जहनियत थी और वह जहनियत आज भी जिंदा, सक्रिय और सरगर्म है। 1992 से आज तक मुस्लिम कौम की हालत बेहतर होने के बजाय और नाजुक होती गई। शिक्षा में पिछड़ापन, आर्थिक कमजोरी, मीडिया की नकारात्मक इमेज, नागरिक अधिकारों में कमी, और राजनीतिक नुमा. इंदगी का खात्मा इन सबने इस कौम को और कमजोर किया है।



**कारी महबूब हसन**

दंगे, भीड़ द्वारा हिंसा और लंबी कानूनी लड़ाइयां आज भी हमारे घरों की हकीकत हैं। हालात का जायजा लें तो अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आने वाले वक्त में भी कोई बड़ी रोशनी नजर नहीं आती। जब तक नफरत की राजनीति को वोट मिलते रहेंगे, जब तक मजहब को हुकूमत और सत्ता का रास्ता समझा जाता रहेगा, जब तक इंसाफ की कुर्सी पर बराबरी की जगह जज्बात हावी रहेंगे। तब तक बाबरी मस्जिद जैसे हादसे याद तो रहेंगे मगर कहीं दोबारा न हो जाएं, यह डर भी साथ-साथ चलता रहेगा, लेकिन यह कौम कमजोर नहीं जज्बात के साथ-साथ शऊर भी है। मुसलमान इस वतन के बराबर के नागरिक हैं और हमेशा रहेंगे। हमारी तारीख, हमारी तहजीब, हमारे इदारे, हमारी मस्जिदें सब इस मुल्क की रूह का हिस्सा हैं। हमने जख्म सहे हैं मगर हौसला नहीं हारा।

हम आज भी संविधान पर यकीन रखते हैं, इंसाफ पर ईमान रखते हैं और अमन के साथ जीने की जद्दोजहद कर रहे हैं। बाबरी मस्जिद हमारी तहजीबी की याद है और उसकी शहादत एक सबक। यह सबक कि अगर हम गफलत करें, अगर हम बेदार न रहें, अगर हम अपने आइनी हुकूक के लिए मुंतजिम तरीके से खड़े न हों, तो इतिहास खुद को दोहराने में देर नहीं लगाता। मुल्क की सलामती और भाईचारा सिर्फ मुसलमानों की नहीं, बल्कि हर इंसाफ-पसंद हिंदुस्तानी की जिम्मेदारी है।

आने वाली नस्लें हमसे सवाल करेंगी कि हमने नफरत के मुकाबले में क्या किरदार अदा किया और हमने इतिहास के जख्मों को भरने के लिए क्या कदम उठाया। अल्लाह करे कि इस मुल्क में इंसाफ गालिब हो, अमन कायम रहे और बाबरी मस्जिद जैसा हादसा दोबारा कभी न हो।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अद्‍भुतः मन की बात बोल देने वाला यंत्र

**शोध पत्र में इस बात को समझने की कोशिश हुई हैं कि आंतरिक वाणी कैसे निर्मित होती है। पिछले कुछ दशकों में इंजी. नियर्स ऐसे लोगों के लिए कंप्यूटर सिस्टम्स बनाने में सफल हुए हैं जो लकवाग्रस्त होने की वजह से बोल नहीं पाते। इन सिस्टम्स में यह क्षमता है कि वे मस्तिष्क में चल रही गतिविधियों से शब्द निर्मित कर सकते हैं।**

हम मन ही मन कई बातें सोचते हैं लेकिन वे किसी को सुनाई नहीं पड़ती। क्या हो यदि मन की इन बातों को बाहर सुना जा सके और हाल ही में सेल पत्रिका में प्रकाशित एक शोध पत्र में इसी करिश्मे का उल्लेख किया गया है। इसमें शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क में लगाए गए इम्प्लांट्स और डैटा विश्लेषण की मदद से चार लोगों की मन की बातों से सम्बंधित तंत्रिका संकेतों को अलग करने की जुगाड़ जमाई है। ये चारों व्यक्ति गति संबंधी दिक्कतों से पीड़ित थे जो उनकी बोलने की क्षमता को बाधित कर रही थी। शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस स्थापित किया जो उनके मन की बातों को वाणी दे सकता है। आप देख ही सकते हैं कि इसकी अपनी समस्याएं हैं-यह तकनीक किसी व्यक्ति के ऐसे विचारों को भी मुखर कर सकती है जो वह मन में ही रखना चाहे।

दरअसल शोध पत्र में इस बात को समझने की कोशिश हुई हैं कि आंतरिक वाणी कैसे निर्मित होती है। पिछले कुछ दशकों में इंजीनियर्स ऐसे लोगों के लिए कंप्यूटर सिस्टम्स बनाने में सफल हुए हैं जो लकवाग्रस्त होने की वजह से बोल नहीं पाते। इन सिस्टम्स में यह क्षमता है कि वे मस्तिष्क में चल रही गतिविधियों से शब्द निर्मित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ महीने पहले कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक यंत्र प्रस्तुत किया था जो एमायोट्रॉफिक लेटरल स्क्लेरोसिस ALS से पीड़ित एक व्यक्ति के दिमाग के मोटर कॉर्टेक्स में लगे इलेक्ट्रोड्स के संकेतों से शब्दों का सटीक व त्वरित पुनर्निर्माण कर सकता था। इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी,



यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है। लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है। हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे। शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति-बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया। ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है। शोधकर्ताओं ने दो स्थितियों के रिकॉर्डिंग की तुलना की-एक तब जब सहभागी शब्दों को जोर से बोलने का प्रयास कर रहे थे और दूसरी तब जब वे मन ही मन वे शब्द सोच रहे थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन दोनों स्थितियों (बोलने का प्रयास और मन में सोचना यानी अंदरुनी वाणी) में इसी क्षेत्र की तंत्रिकाएं सक्रिय हुई। अंदरुनी वार्तालाप पर ध्यान केंद्रित करके कुंज व साथियों ने एक एल्गोरिद्म विकसित किया जो इन संकेतों को ध्वनि में बदल सकता था। अब बारी आई इस मॉडल को प्रशिक्षित करने की। टीम ने सहभागियों से कहा कि वे सवा लाख शब्दों की एक सूची के शब्दों को मन ही मन बोलें और उनकी तंत्रिका गतिविधि को रिकॉर्ड कर लिया। फिर सहभागियों से कहा गया कि वे उन शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कुछ पूरे-पूरे वाक्य बोलने की कल्पना करें। परिणाम यह रहा कि उनका मॉडल अंदरुनी वार्तालाप को तत्काल वाक्यों में बदल सका। इसमें गलती होने की दर 26 से 54 प्रतिशत रही जो आज तक के प्रयासों में सबसे बेहतर है। हालांकि गलती की दर काफी अधिक है, लेकिन यह अध्ययन मनोगत वार्तालाप की अच्छी छानबीन है। वैसे इस तरह के अध्ययनों के साथ एक समस्या निजता सम्बंधी भी है। कहीं ऐसा न हो कि वाणी-बाधित लोगों के सारे विचार खुलकर उजागर होने लगें। एक विचार तो यह है कि सारे मनोगत विचारों को नहीं बल्कि सिर्फ उन विचारों को एल्गोरिद्म तक पहुंचने दिया जाए, जिन्हें बोलने की कोशिश वह व्यक्ति कर रहा हो। दूसरा विचार है कि कोई ऐसा पासवर्ड हो जो वह व्यक्ति सोचे तभी विचारों को ध्वनि में तबदील किया जाए। एक व्यक्ति के मामले में यह पासवर्ड वाली व्यवस्था 99 प्रतिशत बार कारगर रही। मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस के विकास के साथ ऐसी व्यवस्थाएं निजता को सुरक्षित रखने के लिए अधिकाधिक जरूरी होती जा रही हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# घुसपैठिये भाजपा के लिए एक प्रमुख राजनीतिक हथियार

दुनिया बड़े पैमाने पर जनसंख्या पलायन की चपेट में है। वैध और अवैध दोनों। यह समस्या उत्तर प्रदेश के सुदूर इलाकों से लेकर बिहार, असम, पश्चिम बंगाल और अन्य क्षेत्रों के सुदूर इलाकों तक विकराल रूप धारण कर चुकी है। अगर अमेरिका ने तीसरी दुनिया के सभी देशों से होने वाले प्रवास को स्थाई रूप से रोकने की घोषणा की है, तो उत्तर प्रदेश ने बांग्लादेश, म्यांमार और अन्य पड़ोसी देशों से आने वाले सभी अज्ञात अवैध प्रवासियों घुसपैठिए-घुसपैठियों को हिरासत में लेने के लिए सभी मंडल मुख्यालयों पर डिटेंशन सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है।

अमेरिका के लिए लाखों अप्रवासी अवैध और विघटनकारी आबादी बन गए हैं और प्रशासन ने गैर-नागरिकों को मिलने वाले सभी संघीय लाभ और सब्सिडी समाप्त करने का संकल्प लिया है। अमेरिकी सरकार ने यह भी घोषणा की है कि घरेलू शांति को भंग करने वाले प्राकृतिक अप्रवासियों से अमेरिकी नागरिकता छीन ली जानी चाहिए और उन लोगों को निर्वासित करने का आह्वान किया है जिन्हें सरकार पश्चिमी सभ्यता के अनुकूल नहीं मानती है। अवैध अप्रवासियों का संकट यूरोप के लिए भी उतना ही खतरा है। भारत में भी हाल ही में अमेरिका से बड़ी संख्या में निर्वासन देखा गया है, जब अमेरिका में घुसपैठिए रहे हथकड़ी लगाए भारतीय युवकों को हिरासत में लिया गया और उन्हें वापस दिल्ली लाया गया। अब सुर्खियां उत्तर प्रदेश में आ गई हैं क्योंकि आदित्यनाथ योगी सरकार ने भी ऐसे लोगों की पहचान



करने और उनके मामलों का फैसला होने तक उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखने के लिए इसी तरह की कवायद शुरू करने का फैसला किया है। इन अवैध प्रवासियों को कानूनी सत्यापन, न्यायिक प्रक्रिया और उनके देशों में प्रत्यावर्तन तक इन केंद्रों में रखा जाएगा। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव के दौरान बिहार के सीमांचल क्षेत्र में बांग्लादेश और म्यांमार से अवैध घुसपैठ भाजपा का प्रमुख राजनीतिक मुद्दा था। बिहार चुनाव के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बार-बार इन घुसपैठियों को बाहर निकालने की घोषणा की थी और यह प्रक्रिया उत्तर प्रदेश में, जहां 2027 में चुनाव होने हैं, जोर-शोर से शुरू हो गई है। अगले साल पश्चिम बंगाल और असम में होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घुसपैठिए के लिए डिटेंशन सेंटर बनाने की योजना इन चुनावी राज्यों में भाजपा के लिए एक राजनीतिक हथियार बन सकती है। अमेरिका में रिपब्लिकन के MAGA समूह के लिए जो अवैध आव्रजन मायने रखता है, वही भाजपा के लिए घुसपैठ है। दोनों के लिए यह एक राजनीतिक हथियार है।

15 अगस्त, 2025 को लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज मैं देश को एक चिंता, एक चुनौती से आगाह करना चाहता हूं। एक सोची-समझी साजिश के तहत, देश की जनसांख्यिकी को बदला जा रहा है। एक नए संकट के बीज बोए जा रहे हैं। ये घुसपैठिए मेरे देश के युवाओं की रोजी-रोटी छीन रहे हैं, ये घुसपैठिए मेरे देश की बहनों-बेटियों को निशाना बना रहे हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ये घुसपैठिए भोले-भाले आदिवासियों को गुमराह कर उनकी जमीन हड़प रहे हैं। यह देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए एक उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिशन शुरू करने का फैसला किया है। आज लाल किले की प्राचीर से, मैं कहना चाहता हूं कि हमने एक उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिशन शुरू करने का निर्णय लिया है। यह मिशन निश्चित रूप से भारत पर मंडरा रहे गंभीर संकट से निपटने के लिए निर्धारित समय-सीमा में सुविचारित तरीके से अपना काम करेगा और हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मोदी ने चेतावनी दी कि जब जनसांख्यिकीय परिवर्तन होते हैं, खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में, तो वे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संकट पैदा करते हैं। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक स्वर और भाव पहले ही तय हो चुके हैं। 4 नवंबर को ममता बनर्जी की एसआईआर विरोधी रैली के दौरान ये खामियां स्पष्ट रूप से उजागर हुईं, जिसे भाजपा ने तुरंत जमात-प्रायोजित या घुसपैठिए बचाओ प्रदर्शन बताकर खारिज कर दिया, जो कथित मुस्लिम अवैध प्रवासियों का परोक्ष संदर्भ था। इस बीच, माकपा ने अपने कार्यकर्ताओं को दक्षिणपंथी विचारधारा के इर्द-गिर्द संगठित किया है ताकि वे रवींद्रनाथ टैगोर के आमार सोनार बांग्ला को खुलकर गा सकें, जिसकी हाल ही में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बांग्लादेश का राष्ट्रगान कहकर आलोचना की थी। हालांकि, भाजपा का कथानक एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय विवरण को नजरअंदाज करता है। अवैध प्रवासी माने जाने वाले लोगों का एक बड़ा हिस्सा हिंदू है। इनमें मतुआ समुदाय भी शामिल है, जो एक अनुसूचित जाति का हिंदू संप्रदाय है और जिसके लगभग 2.5 करोड़ अनुयाई हैं, जिनमें लगभग 1.2-1.5 करोड़ पंजीकृत मतदाता शामिल हैं। पश्चिम बंगाल के भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि लगभग दो करोड़ अयोग्य मतदाता



**एम हसन**

मतदाता सूची में हो सकते हैं, यह आंकड़ा एसआईआर प्रक्रिया को मुस्लिम प्रवासियों की पहचान से कहीं अधिक जटिल बना देता है। हालांकि, 21 नवंबर को भुज गुजरात में एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, आज मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हम इस देश से हर एक घुसपैठिए को एक-एक करके बाहर निकालेंगे। मोदी सरकार का संकल्प है कि देश के हर एक घुसपैठिए को बाहर निकाला जाए। शाह ने कहा, देश के किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री कौन होगा या प्रधानमंत्री कौन होगा, यह निर्णय केवल भारत के नागरिक ही ले सकते हैं। घुसपैठियों को हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रदूषित करने और हमारे लोकतांत्रिक निर्णयों को प्रभावित करने का कोई अधिकार नहीं है। शाह ने कहा, मैं उन राजनीतिक दलों को भी चेतावनी देना चाहता हूं जो इन घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। बिहार चुनाव देश की जनता का जनादेश था और यह जनादेश हमारे देश में घुसपैठियों की मौजूदगी के खिलाफ है।

(लेखक हिंदुस्तान टाइम्स, लखनऊ के ब्यूरो प्रमुख रह चुके हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### 30 देशों पर ट्रेवल बैन लगाने की तैयारी कर रहे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ट्रेवल बैन को बढ़ाकर 30 देशों से अधिक करने की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने फाक्स न्यूज के कार्यक्रम 'द इंग्राहम एंगल' में कही। क्रिस्टी नोएम ने कहा कि मैं संख्या के बारे में स्पष्ट नहीं कहूंगी, लेकिन यह 30 से अधिक है, राष्ट्रपति इन देशों का मूल्यांकन जारी रखे हुए हैं। यह बयान ट्रम्प के साथ उनकी हालिया बैठक के बाद आया है। जिसमें नोएम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की थी, जिसमें उन्होंने हर उस देश पर पूर्ण यात्रा प्रतिबंध लगाने की मांग की थी जो अमेरिका में अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं।

### शिजो आबे की हत्या के आरोपी ने मांगी माफी

**टोक्यो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिजो आबे की 2022 में हुई हत्या के मामले में गुरुवार को अदालत में पेश हुए आरोपी ने पहली बार आबे के परिवार से माफी मांगी और कहा कि उसके मन में उनके प्रति 'कोई भी बुरी भावना' नहीं थी। नारा जिला अदालत में 14वीं सुनवाई के दौरान तेत्सुया यामागामी ने कहा कि उन्हें आबे की पत्नी अकी आबे और परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति 'सहानुभूति' है। सुअकी हालांकि गुरुवार को सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद नहीं थीं।

### 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त

**बैंकॉक।** थाईलैंड में अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध सिडिकेट और प्रमुखकॉल सेंटर घोटाला नेटवर्क से जुड़ी 10 अरब बाट (31.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक मूल्य की संपत्तियों को जब्त करने एवं फ्रीज करने का आदेश दिया है। अंतर्राष्ट्रीय घोटालेबाजों को जड़ से उखाड़ फेंकना विषय पर बुधवार को आयोजित एक मीडिया ब्रीफिंग में थाई प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने इस बात पर बल दिया कि सरकार संदिग्धों की सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना कानूनी कार्रवाई करेगी।

# इमरान पागल घोषित, मुनीर आर्मी ने गद्दार भी कहा

**■ सेना के प्रवक्ता ने बकायदा इसको लेकर बयान जारी किया, कहा: इमरान अब मानसिक रोगी हो चुके हैं, वे गद्दारों की भाषा बोल रहे हैं**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने आडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पागल घोषित कर दिया है। सेना के प्रवक्ता ने बकायदा इसको लेकर एक बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि इमरान अब मानसिक रोगी हो चुके हैं।

वे गद्दारों की भाषा बोल रहे हैं। इमरान खान जेल से आम नागरिकों को सेना के खिलाफ भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे अब टॉलरेट नहीं किया जाएगा। जियो टीवी उर्दू के मुता. बिक आर्मी के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा: इमरान खान दुश्मन की भाषा बोल रहे हैं। अपने हर बयान में शेख मुजीब-उर रहमान का जिक्र कर रहे हैं। ये मुल्क के साथ गद्दारी है। दरअसल, मुजीब उर रहमान की वजह से ही 1971 में पाकिस्तान का विभाजन हुआ था। यह घोषणा इमरान खान और उनकी बहन उज्मा के बीच हुई मुलाकात के ठीक 3 दिन बाद की गई है। उज्मा ने अपने भाई से मुलाकात के बाद उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ्य बताया था। सवाल उठ रहा है कि क्या 3 दिन बाद ही इमरान खान पागल हो गए हैं? अहमद शरीफ चौधरी के मुताबिक अनुच्छेद 19 में सिर्फ अभिव्यक्ति की आजादी की बात नहीं कही गई है।

# तीन सेनाओं के चीफ बने आसिम मुनीर

## नियुक्ति को राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने मंजूरी दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने गुरुवार को आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) और चीफ आफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) नियुक्त किया। दोनों पदों पर उनका कार्यकाल पांच साल का होगा। नियुक्ति को राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने मंजूरी दी।



**एयरफोर्स चीफ को भी दो साल का एक्सटेंशन**

**विपक्ष बोला: शहबाज के पास अब सेना पर कंट्रोल नहीं, पाक आर्मी के हाथों में परमाणु कमांड**

मुनीर पाकिस्तान के पहले सैन्य अधिकारी हैं जो एक साथ सीडीएफ और सीओएएस दोनों पद संभालेंगे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नियुक्ति की सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को समरी भेजी थी। मुनीर को इसी साल फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था। इसके अलावा एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू के लिए दो साल के एक्स्टेंशन को भी मंजूरी दी गई, जो मार्च 2026 में उनके मौजूदा पांच साल के कार्यकाल के पूरा होने के बाद लागू होगा। पाकिस्तानी संसद ने 12 नवम्बर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था। इसके तहत मुनीर को सीडीएफ बनाया गया। इस पद के मिलते ही उन्हें पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की कमान भी मिल गई यानी वे देश के सबसे ताकतवर शख्स बन गए हैं। दरअसल 29 नवम्बर 2022 को जनरल आसिम मुनीर को सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उनका मूल कार्यकाल तीन साल का था, यानी 28 नवम्बर 2025 को खत्म हो गया। मुनीर को सीडीएफ बनाने के लिए 29 नवम्बर तक नोटिफिकेशन जारी होना था, तब मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया था कि शहबाज शरीफ ने खुद को इस प्रक्रिया से इसलिए दूर कर लिया है, ताकि उन्हें आसिम मुनीर की नई नियुक्ति वाले आदेश पर साइन न करने पड़े।

# H-1B वीजा सोशल मीडिया अकाउंट के जांच के बाद मिलेगा

**■ ट्रम्प ने एच-1बी वीजा नियमों में सख्ती के आदेश दिए, 15 दिसम्बर से लागू होगा नया नियम भारतीयों पर पड़ेगा सबसे ज्यादा असर**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच-1बी वीजा नियमों में सख्ती के आदेश दिए हैं। एच-1बी आवेदकों को अपना सोशल मीडिया अकाउंट सार्वजनिक करना होगा, ताकि अमेरिकी अधिकारी आवेदक की प्रोफाइल, सोशल मीडिया पोस्ट और लाइक्स को देख सकें।

यदि आवेदक की कोई भी सोशल मीडिया एक्टिविटी अमे. रिकी हितों के खिलाफ दिखी तो एच-1बी वीजा जारी नहीं किया जाएगा। एच-1बी के आश्रितों (पत्नी, बच्चों और पेरेंट्स) के लिए एच-4 वीजा के लिए भी सोशल मीडिया प्रोफाइल को पब्लिक करना जरूरी होगा। ऐसा पहली बार है, जब एच-1बी वीजा के लिए सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच जरूरी की गई है। नए नियम 15 दिसम्बर से लागू होंगे। ट्रम्प प्रशासन ने सभी दूतावा. सों को निर्देश जारी किए हैं। अगस्त से स्टडी वीजा एफ-1, एम-1 और जे-1 साथ ही विजिटर वीजा बी-1, बी-2 के लिए सोशल मीडिया प्रोफाइल को पब्लिक करने की अनिवार्यता लागू की जा चुकी है एच-1 बी वीजा हाई स्किल्ड प्रोफेशनल्स जैसे डाक्टर्स, इंजीनियर, साफ्टवेयर प्रोफेशनल्स को एच-1 बी वीजा जारी होता है। 1990 में अमेरिकी कांग्रेस में बिल के जरिए ये वीजा अस्तित्व में आया।

# मोदी और पुतिन 24 घंटे में 3 बार मिले, डिफेंस डील नहीं

## मोदी ने कहा: रूस सबसे करीबी दोस्त, पुतिन बोले: हम सिर्फ तेल-गैस की बात करने नहीं आए

**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 23 घंटे में 3 बार मुलाकात की है। दोनों नेताओं ने साथ में प्राइवेट डिनर, द्विपक्षीय बातचीत, जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस और इंडिया-रूस बिजनेस फोरम की बैठक को संबोधित किया। हालांकि इस दौरान दोनों देशों के बीच भी किसी बड़े डिफेंस डील का ऐलान नहीं किया गया।



**पुतिन ने मोदी को रूस आने का न्योता दिया**

**पुतिन के दौरे पर बीबीसी ने कहा: अमेरिकी दबाव के बीच पुतिन भारत पहुंचे, यूक्रेनी मीडिया ने लिखा: भारतीय डिप्लोमेसी की परीक्षा**

इससे पहले कई रिपोर्ट्स में भारत-रूस के बीच किसी लड़ाकू विमान या बड़े रक्षा सौदा होने की बात कही जा रही थी। भारत-रूस के बीच 19 समझौतों पर मुहर लगी हैं। इनका मकसद भारत-रूस व्यापार बढ़ाना है। भारत-रूस के बीच शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) पर समझौते और एमओयू साइन किए गए। पीएम मोदी ने रूस को सबसे करीबी सहयोगियों में से एक बताया है। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच दोस्ती को ध्रुव तारे की तरह स्थिर और अटल है। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनकी टीम सिर्फ तेल और गैस पर बात करने या सौदे करने के लिए भारत नहीं आई है।

वे भारत के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते और व्यापार बढ़ाना चाहते हैं। पुतिन ने अगले साल मास्को में होने वाले भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मोदी को न्योता दिया है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन गुरुवार को 4 साल बाद भारत दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर उनका गले लगाकर स्वागत किया। अमे. रिका से लेकर यूक्रेन तक की मीडिया इस दौरे को प्रमुखता से कवर कर रही है। बीबीसी ने कहा कि यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका लगातार भारत पर दबाव डाल रहा है कि वह रूस से तेल खरीद कम करे। भारत और रूस की दोस्ती बहुत पुरानी है और दोनों देश एक-दूसरे के लिए कई मायनों में जरूरी हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और लगभग डेढ़ अरब की आबादी वाला मार्केट है। यही वजह है कि रूस भारत को अपने लिए महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। खासकर तेल के कारोबार में रूस को भारत से बड़ी उम्मीदें हैं। आयल के अलावा डिफेंस सेक्टर में भी भारत-रूस साझेदारी काफी मजबूत है। कई सालों से भारत रूसी हथियार खरीदता आया है। इस यात्रा से पहले ऐसी खबरें आई थीं कि भारत रूस से नए लड़ाकू विमान और एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने पर विचार कर रहा है। रूस में स्किल वर्कर्स की कमी है और वह भारत को इस कमी को पूरा करने वाले एक बड़े सोर्स के तौर पर देखता है।

इस यात्रा का एक बड़ा राजनी. तिक संदेश भी है। रूस दुनिया को यह दिखाना चाहता है कि पश्चिमी देशों के विरोध और यूक्रेन युद्ध के बावजूद वह अकेला नहीं है। पुतिन का भारत आना और इससे पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी मुलाकातें इसी संदेश का हिस्सा हैं। रूस जोर देकर कहता है कि उसकी चीन के साथ 'नो-लिमिट पार्टनरशिप' है और भारत के साथ उसका रिश्ता भी 'स्पेशल और स्ट्रैटेजिक' है। इस हफ्ते भारत की कूटनीति की बड़ी परीक्षा है, क्योंकि वह रूस और यूक्रेन के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी कर रहा है। भारत पर दुनिया की नजर इसलिए भी है क्योंकि उसे रूस के साथ एनर्जी और रक्षा संबंध मजबूत रखने हैं, जबकि यूक्रेन, अमेरिका और यूरोपीय देश चाहते हैं कि भारत, रूस पर दबाव बनाए ताकि युद्ध कमजोर पड़े।



**बीकानेर। मदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए गणना प्रपत्र भरने में मतदाताओं की सहायता करता बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ)।**







